ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 11 जून 2024
वर्ष 5, अंक 77, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह 15

कल्कि से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज 16

## एक नजर

### प्रज्वल को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को बेंगलुरु शहर की एक विशेष अदालत ने उनके खिलाफ तीन यौन उत्पीड़न मामलों के पहले मामले में उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। अदालत में सोमवार को सुनवाई के बाद अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा।

### मणिपुर सीएम के काफिले पर हमला, एक घायल

**इंफाल।** उग्रवादियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के अग्रिम सुरक्षा काफिले पर कांगपोकपी जिले में घात लगाकर सोमवार को हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह साढ़े दस बजे हमला हुआ। पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के अस्पताल में ले जाया गया है। सुरक्षा बलों ने हमले की जगह पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

# मिलेगी किसान निधि की 17वीं किस्त, बनेंगे 3 करोड़ आवास

## मोदी ने कहा-सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि नई सरकार का पहला फैसला किसानों के कल्याण के लिए उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है और आने वाले समय में सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और भी अधिक काम करते रहना चाहती है। वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है।

पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त से 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और इसके तहत लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### तीसरे कार्यकाल में मोदी का पहला कदम



#### किसानों को संबल देगा पीएम का फैसला : योगी

**लखनऊ।** किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले फैसले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। योगी ने सोमवार को अपने एक्स हैंडल पर लिखा, तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय किसान कल्याण को समर्पित। प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

केंद्र सरकार की इस योजना के तहत साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्तों के माध्यम से कुल मिलाकर 6,000 रुपये किसानों को दिए जाते हैं। इस योजना के तहत, हर चार महीने में एक बार पैसे हस्तांतरित किए जाते हैं।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तीन करोड़ आवास निर्मित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2015-16 में आरंभ की गई थी और इसके अंतर्गत 4.21 करोड़ आवास निर्मित हो चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को अपना आवास निर्मित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

# निरंतरता का संकेत : मोदी सरकार के प्रमुख मंत्रियों के विभाग बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- 4 अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और जयशंकर को सौंपा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निरंतरता का संकेत देते हुए सोमवार को अपनी नई सरकार में चार अहम मंत्रालयों - गृह, रक्षा, वित्त और विदेश - का प्रभार एक बार फिर क्रमशः अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और एस. जयशंकर को सौंपा है। इन विभागों के प्रभारी चार मंत्री मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) के सदस्य होते हैं, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नए चेहरों में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिला है, जबकि भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय में लौट आए हैं।

देश भर में राजमार्ग नेटवर्क को बढ़ावा देने का श्रेय पाने वाले नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार बरकरार रखा है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को आवास एवं शहरी मामले तथा ऊर्जा मंत्रालय दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव को रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों का प्रभार था। उन्हें इस बार इन विभागों के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी दिया गया है। धर्मेन्द्र प्रधान और पीयूष गोयल क्रमशः शिक्षा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का प्रभार संभालते रहेंगे। हरदीप सिंह पुरी के पास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय बरकरार रखा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मोदी की सलाह के अनुसार प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 72 सदस्यों को विभागों का आवंटन करने का निर्देश दिया। किरेन रीजीजू संसदीय कार्य मंत्रालय देखेंगे, जबकि अर्जुन राम मेघवाल कानून मंत्री बने रहेंगे। सर्बानंद सोनोवाल को पोत-परिवहन विभाग, भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय दिया गया। जनता दल (सेक्युलर) के एच डी कुमारस्वामी भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय, जबकि जीतन राम मांझी (हम-सेक्युलर) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, जद(यू) के ललन सिंह पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगे। तेलुगु देशम पार्टी के के. राममोहन नायडू को नागर विमानन मंत्रालय और लोजपा (रामविलास) नेता चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय दिया गया है। भाजपा नेता सी.आर. पाटिल जल शक्ति और गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति और पर्यटन मंत्री होंगे। अमित शाह ने सहकारिता मंत्रालय भी अपने पास रखा है, जबकि सीतारमण कॉरपोरेट मामले भी देखेंगी। वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, जबकि जुएल ओरांव जनजातीय मामलों के नए मंत्री हैं। प्रहलाद जोशी को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का प्रभारी बनाया गया है। जी. किशन रेड्डी को कोयला एवं खान मंत्रालय ,गिरिराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय में भेजा गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया को संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय दिया गया है। अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास मंत्री होंगी।

# पांच दिन तपेंगे उप्र समेत कई राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी

### गर्मी का एक और दौर

- तापमान में होगी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि

उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिन के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उप्र, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल व गंगा के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी पड़ने के आसार हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अत्यधिक गर्मी प्राकृतिक रूप से घटित होने वाली अल नीनो घटना तथा वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ती सांद्रता का परिणाम है। अल नीनो के दौरान मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह असामान्य रूप से गर्म हो जाती है।

### ओबरा सी की इकाई फिर ठप, बिजली संकट गहराया

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के बिजलीघरों में उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई फिर ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। प्रदेश में अधिकतम बिजली मांग 29,038 मेगावाट दर्ज हुई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई ठप हुई थी। जैसे-तैसे चालू किया गया, पर सोमवार की सुबह यह इकाई फिर ठप हो गई, जिससे बिजली संकट गहरा गया है।

# भाजपा नेता अमित मालवीय पर यौन शोषण के आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस ने की भाजपा से सख्त कार्रवाई और जांच कराने की मांग

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया गया है। मामले में कांग्रेस ने भाजपा से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक नेता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है, ऐसे में भाजपा को उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच करानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा आईटी सेल प्रमुख पर आरएसएस के एक बड़े नेता ने यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। अमित मालवीय पर कठोर कार्रवाई और आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मालवीय को प्रचार-प्रसार प्रमुख के पद से भी हटाने की मांग की। श्रीनेत ने कहा कि मालवीय की दरिंदगी को बेनक़ाब करने वाले शान्तनु सिन्हा पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं।

### जम्मू-कश्मीर बस हमला

# आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू

किशोर कुमार, जम्मू

- वैष्णोदेवी धाम जा रही तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने रविवार को किया था हमला
- चार आतंकियों ने दिया हमले को अंजाम, 12 से ज्यादा लोगों को लगीं हैं आतंकियों की गोलियां

**अमृत विचार :** वैष्णो देवी जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू कर दी है। रविवार शाम हमले के दौरान बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले में 9 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हैं। मृतकों में दो और घायलों में 34 उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। बस पर की गई अंधाधुंध फायरिंग में 12 लोगों से ज्यादा को आतंकियों की गोलियां लगीं। गोली लगने से चालक समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि गोली लगने से घायल 9 लोग जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मेडिकल कालेज का दौरा किया और मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के लिए 10-10 लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा आतंकियों की तलाश की जा रही है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

सुरक्षा बल आतंकियों की तलाश में जंगल छान रहे हैं। ड्रोन की मदद ली जा रही हैं। एनआईए की टीम जिला रियासी पहुंच गई है। फोरेंसिक टीम ने भी नमूने लिए हैं। उधमपुर रियासी रेंज के डीआइजी रईस मौहम्मद भट ने बताया आतंकी हमले के संबंध में कुछ सुराग मिले हैं, उसके बाद 11 टीमें बनाकर तलाशी शुरू कर दी है। सुरक्षाबलों को सुराग मिला है कि हमले को चार आंतकियों ने अंजाम दिया और हमले के बाद जंगल में भाग गये। आतंकियों ने सोची समझी साजिश के बस के सामने आकर फायरिंग। ड्राइवर की गोली लगने से मौत हो गई और बस खाई में जा गिरी। हमले के दौरान दो आतंकी बस पर गोलियां बरसा रहे थे और दो अन्य उनको कवर कर रहे थे। हमले के बाद क्षेत्र में अलर्ट कर दिया गया है। वैष्णो देवी धाम और अमरनाथ धाम की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में सोमवार को तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले के बाद तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन। ● एजेंसी

#### मृतकों में तीन लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले

मृतकों में रियासी निवासी चालक विजय, परिचालक अर्जुन, जिला बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी अनुराग वर्मा, रूबी, सौरभ गुप्ता, राजस्थान निवासी टीटू, ममता, राजेंद्र प्रसाद, पूजा शामिल हैं। इसके अलावा 9 लोग गोली लगने से घायल हुए हैं। बस के खाई में गिरने के कारण 31 अन्य घायल हैं। गंभीर घायलों को जम्मू मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

## सात राज्यों की 13 विस सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी। 10 जुलाई को मतदान और मतगणना 13 जुलाई को होगी। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं उनमें रूपौली (बिहार), रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला (प. बंगाल), विक्रवंडी (तमिलनाडु), अमरवाड़ा (मप्र), बद्रीनाथ और मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब) और देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश) शामिल हैं। चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी।

# घाघरा नदी में एक ही परिवार के पांच लोग डूबे, चार की मौत

संवाददाता लखीमपुर खीरी/निघासन

- रील बनाते समय नदी में गिरे बच्चे को बचाने में हुआ हादसा, मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढ़ुआ क्षेत्र के गांव बोकरिहा के निकट घाघरा नदी पर रील बनाते समय पैर फिसलने से दस साल का कान्हा नदी में गिर गया। उसे बचाने में एक-एक कर परिवार के चार सदस्य डूब गए। गोताखोरों ने पांचों को बाहर निकाला, जिनमें चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक युवक, दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

मोहल्ला ईदगाह निवासी सुशीला उर्फ पच्चो (45) थाना पढ़ुआ के गांव तेलियार स्थित अपने मायके में भाई बृजेंद्र श्रीवास्तव के घर आईं थीं। सोमवार तड़के पांच बजे कार से सुशीला भतीजों व भतीजियों के साथ गांव बकरहिया के निकट घाघरा नदी पर गए थे। टिया (17), कान्हा (10), नैनी (13), सत्यम (26) समेत सात लोग साथ थे। सभी कान्हा को नदी के किनारे खड़ा कर रील बना रहे थे। तभी कान्हा नदी में जा गिरा। उसे बचाने में पांचों लोग डूब गए। लोगों ने हादसे की सूचना गांव तेलियार निवासी बृजेंद्र श्रीवास्तव और पुलिस को दी। पुलिस नदी से पांचों को निकलवाकर सीएचसी रमियाबेहड़ ले गई जहां डॉक्टर ने सुशीला देवी, सत्यम, प्रिया व कान्हा को मृत घोषित कर दिया, जबकि नैनी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कहा कि रील बनाने के दौरान हादसा हुआ है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आजम समेत छह आरोपी बरी

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। आजम खां और बरकत अली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए।

आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती के लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत कई धाराओं में गंज थाने में मुकदमे दर्ज कराए थे। आजम सीतापुर जेल में बंद है। साक्ष्य के अभाव में अदालत ने आजम खां, उनके करीबी रह चुके फसाहत अली खां शानू, इमरान, इकराम, शावेज खां, ठेकेदार बरकत अली समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। आजम के अधिवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने कहा कि, डूंगरपुर से जुड़े मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। फैसले की कॉपी लेने के बाद उसे पढ़ा जाएगा। इसके बाद हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

# छत्तीसगढ़ में जिलाधिकारी आफिस पर पथराव, कई वाहन जला दिए

बलौदाबाजार, एजेंसी

- प्रदर्शन के दौरान हिंसक हुआ सतनामी समाज का आंदोलन
- बलौदा बाजार जिले में जैतखंभ में की गई थी तोड़फोड़

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में धार्मिक स्तंभ को क्षति पहुंचाने के विरोध में सतनामी समाज का आंदोलन सोमवार को हिंसक हो गया। आंदोलनकारियों ने कई वाहनों को आग लगा दी और सरकारी कार्यालय में तोड़फोड़ की। 15 और 16 मई की रात को अज्ञात लोगों ने बलौदाबाजार के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा स्थित सतनामी समाज के पूजे जाने वाले जैतखंभ में तोड़फोड़ की थी।

इसके विरोध में सतनामी समाज ने सोमवार को दशहरा मैदान में विरोध-प्रदर्शन और डीएम कार्यालय के घेराव का आह्वान किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई स्थानों पर अवरोधक लगाए थे। बलौदाबाजार एसपी सदानंद कुमार ने बताया कि सतनामी समाज ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का आह्वान किया था, लेकिन वह हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और अवरोधक तोड़कर जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में घुस गए।

उन्होंने कार्यालय भवन पर पथराव किया और वहां खड़े वाहनों को आग लगा दी। कुमार ने बताया कि स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में प्रदर्शनकारी वाहनों और एक भवन में आगजनी करते दिख रहे हैं और दमकल विभाग के वाहन को भी आग लगा रहे हैं। वीडियो में प्रदर्शनकारियों और पुलिसकर्मियों में झड़प भी दिख रही है। राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ की तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारी ने बताया कि विभिन्न संगठनों और सतनामी समाज की मांग पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

# चुनाव में मुकाबला जरूरी लेकिन यह झूठ पर आधारित न हो

## संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

नागपुर, एजेंसी



- संघ प्रमुख ने कहा-मणिपुर में शांति बहाली के लिए प्राथमिकता से किया जाए विचार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत ने मणिपुर में एक वर्ष बाद भी शांति स्थापित नहीं होने पर सोमवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि संघर्ष प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार किया जाना चाहिए।

यहां रेशमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में संगठन के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' के समापन कार्यक्रम में आरएसएस प्रशिक्षुओं की एक सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि विभिन्न स्थानों और समाज में संघर्ष अच्छा नहीं है। उन्होंने चुनावी बयानबाजी से बाहर आकर देश के सामने मौजूद समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर पिछले एक साल से शांति स्थापित होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दस साल पहले मणिपुर में शांति थी। ऐसा लगा था कि वहां बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है, लेकिन राज्य में अचानक हिंसा बढ़ गई है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि मणिपुर की स्थिति पर प्राथमिकता के साथ विचार करना होगा। भागवत ने कहा कि अशांति या तो भड़की या भड़काई गई, लेकिन मणिपुर जल रहा है और लोग इसकी तपिश का सामना कर रहे हैं। पिछले साल मई में मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा भड़क उठी थी।

### कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है आरएसएस

हाल में हुए लोकसभा चुनावों के बारे में भागवत ने कहा कि नतीजे आ चुके हैं और सरकार बन चुकी है, इसलिए क्या और कैसे हुआ आदि पर अनावश्यक चर्चा से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आरएसएस कैसे हुआ, क्या हुआ जैसी चर्चाओं में शामिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि संगठन केवल मतदान की आवश्यकता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का अपना कर्तव्य निभाता है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि आम जनता के लिए काम किया जा सके। भागवत ने कहा कि चुनाव बहुमत हासिल करने के लिए होते हैं और यह एक प्रतिस्पर्धा है, युद्ध नहीं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल और नेता एक-दूसरे की बुराई कर रहे हैं, लेकिन वे इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि इससे समुदायों के बीच दरार पैदा हो सकती है। उन्होंने अफसोस जताया कि आरएसएस को भी बिना किसी कारण के इसमें घसीटा जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि चुनाव में हमेशा दो पक्ष होते हैं, लेकिन जीतने के लिए झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ चाह सोतियान स्थित महालक्ष्मी मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ प्रातः 6:30 बजे।

☞ राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के स्टेडियम में योगाभ्यास प्रातः 5:30 बजे।

# कायस्थ चेतना मंच करेगा 10वीं व 12वीं के मेधावियों को पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● स्थापना दिवस पर 17 अगस्त को होंगे भव्य कार्यक्रम

**अमृत विचार :** कायस्थ चेतना मंच के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 10 और कक्षा 12 के मेधावियों को पुरस्कृत किया जाएगा। स्थापना दिवस के अवसर पर 17 अगस्त को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कायस्थ चेतना मंच की बैठक बैंक कालोनी स्थित अधिवक्ता कृष्ण कुमार सक्सेना के निवास पर सोमवार को हुई। इसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिये प्रयास करने और मंच के वार्षिक उत्सव तथा स्थापना दिवस की सफलता के लिये विचार किया गया।

मीडिया प्रभारी शोभित किशोर सक्सेना ने बताया कि बैठक में इस वर्ष कक्षा 10 व 12 में उतीर्ण छात्र-छात्राओ को 17 अगस्त को सम्मनित किया जाएगा। इसके लिए बच्चों से अपनी अंक तालिका की छाया प्रति और फोटो मंच को उपलब्ध कराने को कहा गया है। महासचिव ने बताया कि मंच कक्षा 12 उतीर्ण बच्चों की निःशुल्क कॅरियर काउन्सलिंग कराएगा। इसके लिए शीघ्र ही समय, तिथि और स्थल की घोषणा की जाएगी। बैठक कीअध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता विजय स्वरूप सक्सेना व संचालन गोपाल कृष्ण श्रीवस्तव ने किया। बैठक में रामकीर्ति सक्सेना, डॉ. राजकुमार, पंकज राय, असीम सक्सेना, शिरोहित सक्सेना, जितेंद्र नंदा, पंकज भटनागर, पंकज सक्सेना, दिनेश सक्सेना, सुरेंद्र जौहरी, श्याम भटनागर आदि मौजूद रहे।

## मरम्मत के चलते चार घंटे ठप रहेगी बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** रजा बिजलीघर के फीडर नालापार की बिजली 11 से 14 जून तक रोजाना चार घंटे ठप रहेगी। सुबह सात से 11 बजे तक आरडीएसएस योजना के तहत तारों की मेंटीनेंस कराई जाएगी।

शहरवासियों को निर्बाध रूप से विद्युपूर्ति देने के लिए तमाम बंदोबस्त किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से 98 करोड़ रुपये की लागत से जर्जर तारों, खंभों को सही कराया जा है। रजा बिजलीघर के जेई सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि फीडर नालापार के जर्जर तारों, खंभों को सही कराने के लिए 11 से 14 जून तक चार घंटे आपूर्ति बाधित रहेगी। नालापार के मोहल्ला अखाड़ा मल्ली खां, खास वाली मस्जिद, बाग छोटे साहब, आफरीदियान, जेल रोड में करीब दो हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। इन क्षेत्रों के तारों में खराबी की वजह से आपूर्ति बाधित रहती है। यह कार्य 11 से 14 जून तक चलेगा।

## बेसिक शिक्षाधिकारी ने सभी बीईओ को सरकारी स्कूलों में कार्यक्रम कराने के दिए निर्देश

# 18 से 25 जून तक होंगी पर्यावरण गतिविधियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सरकारी स्कूलों में 18 से 25 जून तक पर्यावरण से संबंधित गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके लिए शासन की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस बारे में विभाग ने सभी बीईओ को अवगत करा दिया है।

विश्व पर्यावरण दिवस यानी पांच जून को लेकर शासन ने बेसिक स्कूलों में 12 जून तक अलग-अलग दिनों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश का प्रदेश के शिक्षक नेताओं ने विरोध शुरू कर दिया था। उनका कहना था कि इस समय स्कूलों में अवकाश चल रहा है। गर्मी और लू के कारण समस्या हो जाएगी। भीषण गर्मी में गतिविधियां कैसे कराई जाएंगी। शिक्षकों के विरोध को देखते हुए इस आदेश को स्थगित कर दिया गया था।



प्राथमिक स्कूल में मस्ती करते बच्चे। ● फाइल फोटो

अब शासन ने पर्यावरण संबंधित गतिविधियों को लेकर नए सिरे से कार्यक्रम तय करके आदेश जारी कर दिया है। इसके तहत अब प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में यह कार्यक्रम 18 से 25 जून तक मनाया जाएगा। आदेश में कुछ बदलाव किया गया है। इसके तहत इस प्रकार के कार्यक्रम स्कूल की समयावधि में अंतिम एक घंटे में किया जाएगा।

> सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में विश्व पर्यावरण दिवस की गतिविधियां 18 से 25 जून तक होगी। इस संबंध में सभी बीईओ को अवगत करा दिया गया है। **-अंकित सक्सेना** जिला समन्वयक, प्रशिक्षण

### 18 को बच्चों को प्राकृतिक स्थलों का कराएंगे भ्रमण

पर्यावरण संबंधित गतिविधियां कराने के लिए पहले ही कैलेंडर जारी किया जा चुका था। इसमें सात दिन तक होने वाली गतिविधियों के बारे में लिखा है। इसके तहत 18 जून को बच्चों को निकटस्थ प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। 19 जून को रासयनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर स्कूल में मौजूद उपयुक्त कचरों का प्रयोग कर कंपोस्ट खाद एवं पर्यावरण अनुकूल कीटनाशकों के संबंध में जागरूक किया जाएगा। 20 जून को इलेक्ट्रानिक कचरे के निपटारे के संबंध में बताया जाएगा। 21 जून को कूड़ा कम करने के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर

### सईद खां नगर उपाध्यक्ष जकी बने नगर महासचिव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू एकता शक्ति के जिलाध्यक्ष डॉ. उवैस खां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयू शर्मा व राष्ट्रीय सचिव डॉ. मतीन खां की संतुति पर सईद खां को नगर उपाध्यक्ष और जकी को नगर महासचिव मनोनीत किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनय पत्र देकर संगठन की सदस्यता दिलाई गई। किसानों और मजदूरों के हितों को उठाने के लिए सदैव तैयार रहने को कहा। इसके बाद समर्थकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर जुनैद, शाफई, शरोज आदि मौजूद रहे।

### लोगों के लिए आफत बने सड़कों पर घूम रहे सांड

**रामपुर, अमृत विचार :** जगह-जगह घूम रहे छुट्टा सांड लोगों के लिए आफत बन गए हैं। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन देकर इन्हें पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। सोमवार को भी सांड ने बाइक सवार युवक के पीछे दौड़ लगा दी। यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया। तब किसी तरह युवक की जान बच सकी।

# सीएमओ ने एक्सईएन को भेजा नोटिस

## हाईटेंशन लाइन नहीं हटने से क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण में फंसा पेंच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनवाई जा रही 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माण में बिजली की 33 केवीए लाइन का पेंच फंस रहा है। इसके निर्माण में बिजली के पांच खंभे बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इन खंभों को हटवाने के लिए ठेकेदार ने सीएमओ से कहा था। लेकिन स्थिति जस की तस है। इस पर सीएमओ ने लाइन और खंभों को शिफ्ट कराने के लिए बिजली विभाग के एक्सईएन प्रथम को नोटिस दिया है।

पहाड़ी गेट स्थित ड्रग वेयर हाउस के नजदीक स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट 20 करोड़ रुपये की लागत से बनवाई जा रही है।



क्रिटिकल केयर यूनिट के निर्माणा में बाधा बनी हाईटेंशन लाइन और खंभे।

### घायलों और दिल के मरीजों को मिलेगी रहात

जिला अस्पताल से लेकर अन्य अस्पतालों में गंभीर मरीजों को इलाज के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। यही कारण है कि प्रतिदिन जिला अस्पताल से गंभीर रोगियों को बाहर रेफर करना पड़ता है। खासतौर पर सड़क हादसे, हृदय और अन्य गंभीर मरीजों को समय पर इलाज न मिलने पर जान तक गंवानी पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट बनवाई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार यूनिट का कार्य आचार संहिता लागू होने से पहले से कराया जा रहा है। इस क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण पहाड़ी गेट पर किया जा रही है।

निर्माण स्थल से गुजर रही 33केवीए की लाइन निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रही है। इसे हटाने के लिए एक्सईएन प्रथम को नोटिस भेजा है। इसमें कहा है कि जल्द बिजली के लाइन के खंभों को शिफ्ट कराया जाए।

### 10-12 लाख रुपये का बनेगा स्टीमेट

पहाड़ी गेट स्थित क्रिटिकल केयर यूनिट की भूमि से गुजर रही लाइन को हटाने के लिए अलग से 10-12 लाख रुपये का स्टीमेट बनाया जाएगा। ठेकेदार पीयूष राय का कहना है कि लाइन को शिफ्ट कराने के लिए बिजली निगम के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो फोन रिसीव नहीं होता। यदि कभी फोन उठ भी गया तो वह जल्द ही लाइन को शिफ्ट कराने का सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं।

● बिजली की लाइन नहीं हटने के कारण निर्माण में उत्पन्न हो रही बाधा

> पहाड़ी गेट स्थित प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट पर 33केवीए लाइन गुजर रही है। इसे शिफ्ट कराने के लिए एक्सईएन को नोटिस दिया गया है। **-डा. एसपी सिंह, सीएमओ**

> हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट कराने के लिए निगम के अधिकारियों से कहा जा चुका है। वह सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। यूनिट का निर्माण करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। **-पीयूष राय, ठेकेदार**

> नोटिस का मुझे संज्ञान नहीं है। साइट पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई कराई जाएगी। **-इमरान खान, एक्सईएन, प्रथम**



कारखाने में बच्चों से जानकारी लेते टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

# 25 स्थानों से 16 बच्चों को बालश्रम से कराया मुक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** एटीएचयू टीम ने पटवाई व शाहबाद थाना क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, दुकानों आदि 25 स्थानों से 16 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया। इस दौरान लोगों को जागरूक भी किया गया।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में एटीएचयू टीम के निरीक्षक आशा राम और श्रम प्रवर्तन अधिकारी मनोज शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभिषेक गुप्ता ने बालश्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बालविवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा जागरूकता अभियान भी चलाया। इस दौरान पटवाई व शाहबाद थाना क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व दुकानों आदि 25 स्थानों से 16 बच्चो को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया। बालश्रम रोकथाम से सम्बन्धित,मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल व ढाबा मालिकों को हिदायत दी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।



कार्यक्रम में मौजूद रालोद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जयंत को मंत्री बनाने पर खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** किसानों और युवाओं की आवाज बुलंद करने वाले चौधरी जयंत सिंह को भारत सरकार में मंत्री बनाए जाने पर राष्ट्रीय लोक दल के कार्यालय पर मिष्ठान वितरण कर पदाधिकारियों ने खुशी का इजहार किया।

सिविल लाइन स्थित राष्ट्रीय लोक दल के कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों ने जयंत चौधरी को भारत सरकार में मंत्री बनाने पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। अब किसानों व युवाओं की आवाज लोकसभा में गूंजेगी। जयंत चौधरी हर मुद्दे पर प्रखर होकर बोलते रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह, जिला महासचिव हरप्रीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार गंगवार, सरदार लखविंदर सिंह, नगराध्यक्ष नवाब खां, सरदार जसवीर सिंह, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए 24 तक जमा करें चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद मुंशी, मौलवी व आलिम के परीक्षार्थी इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए 24 जून तक ट्रेजरी में चालान जमा करें। जिन परीक्षार्थियों की दो विषयों में कम्पार्टमेंट आई है सिर्फ वही परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि मुंशी, मौलवी और आलिम के परीक्षार्थी इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिए 24 जून तक ट्रेजरी में चालान जमा कराएं। इसके बाद 26 जून से परीक्षा से संबंधित कागजात मदरसे में जमा कराएं। 29 जून को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराएं। जिन परीक्षार्थियों की दो विषय में कम्पार्टमेंट आई है, सिर्फ वही परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा की तिथि शासनादेश के अनुसार ही घोषित की जाएगी।



सीएमओ को गुलदस्ता देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# निशुल्क शिविर में लोगों ने कराया नेत्र परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइन स्थित आदर्श धर्मशाला में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें चिकित्सकों ने 100 लोगों की आंखों का परीक्षण किया।

श्री श्याम भक्त परिवार की ओर से 11 जून को बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया रहा है। इसके के चलते सोमवार को श्याम भक्त परिवार की ओर से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आदर्श कॉलोनी स्थित आदर्श धर्मशाला में लगाया गया।

शिविर का उद्घाटन सीएमओ डा. एसपी सिंह ने किया। इसमें चिकित्सकों ने 100 लोगों की आंखों का परीक्षण किया।

# ऑल स्टार इलेवन ने 35 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के दूसरे दिन ऑल स्टार इलेवन क्रिकेट टीम और थंडर टीम के बीच मैच खेला गया। ऑल स्टार इलेवन क्रिकेट टीम ने थंडर टीम को 35 रन से हराकर मैच जीत लिया।

रजा टैक्सटाइल मैदान पर हो रहे केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट के दूसरे दिन ऑल स्टार इलेवन क्रिकेट टीम और थंडर टीम के बीच मैच खेला गया। ऑल स्टार इलेवन क्रिकेट टीम के कप्तान अमित सक्सेना ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ऑल स्टार इलेवन की टीम ने 20 ओवर में 162 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हरदीप ने सबसे ज्यादा 35 गेंदों में 59 रन बनाए। जवाब में थंडर की टीम 127 रन बनाकर 17 ओवर में ही सिमट गई। ऑल स्टार इलेवन टीम ने 35 रन से मैच जीत लिया। मैन आफ दि मैच ऑल स्टार के आजम खां को दिया गया। उन्होंने शानदार गेंदबाजी कर चार विकेट लिए।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● रजा टैक्सटाइल मैदान पर केपी सिंह मेमोरियल क्रिकेट नाइट टूर्नामेंट का हो रहा आयोजन

मुख्य अतिथि भाजपा नेता जुगेश अरोरा उर्फ कुक्कू और अवधेश शर्मा रहे। इस अवसर पर अमित ठाकुर, अभिनाश पटेल, विक्की सक्सेना, विनय शर्मा, संजू शर्मा, शिवम भारद्वाज, पराग मणि वशिष्ठ, पीयूष कुमार, अजय राठौर, यशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



मैच के दौरान बल्लेबाजी करता खिलाड़ी।

**आयोजन** योगाभ्यास में नियमितता और होने वाले लाभ के बारे में बताया

# स्टेडियम में लोगों ने किया योग का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** फिजिकल कालेज के स्टेडियम में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक अनीता शुक्ला ने अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, अर्ध मंडूकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन आदि योग कराए।

महिला सशक्तिकरण थीम पर 21 जून को होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां हो रही हैं। राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय में रोजाना योगाभ्यास कराया जा रहा है। इसी के चलते दसवें दिन सोमवार को शिविर में योग प्रशिक्षिका अनीता शुक्ला ने योग सत्र में प्रार्थना के बाद ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन, दंडाशन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। इन आसनों के करने के तरीके, विधि, समयावधि, नियमितता व होने वाले लाभ के बारे में बताया।



स्टेडियम में योगाभ्यास करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

आयोजन सचिव प्रवक्ता जिलेश कुमार ने बताया कि योग में ॐ के उच्चारण से असर होता है। ॐ के उच्चारण से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर डा. अनूप कुमार सिंह, रूपा अग्रवाल, मनोज कुमार, मनीष, रईस अहमद, योगेश एवं महिला योग साधक मौजूद रहीं।

## मिलक के दो लोगों में हुई मलेरिया की पुष्टि

**रामपुर, अमृत विचार :** एक से 30 जून तक आयोजित मलेरिया अभियान में जनपद में 1677 लोगों की मलेरिया की टीम ने जांच की है। दो लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। पीड़ित मिलक के गांव धनेली उत्तरी और धनेली पश्चिमी के निवासी हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान ने बताया कि मलेरिया की जांच आरडीटी (रैपिड डायग्नोसिस टेस्ट) से कराई जा रही है। जिले में अब तक 1677 लोगों की जांच हो चुकी है। मिलक तहसील के गांव धनेली उत्तरी और पश्चिमी के दो लोग मलेरिया पॉजिटिव मिले हैं।

विभाग द्वारा गांवों व कस्बों में पोस्टर भी चिपकाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई और तालाबों की सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है।

# प्रदेश में धन्यवाद यात्राएं निकालेगी कांग्रेस : धर्मेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● 403 विधानसभा क्षेत्रों में 11 से 15 जून के बीच निकलेगी यात्रा

**अमृत विचार :** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र देव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अपनी जीत से उत्साहित है। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 11 से 15 जून के बीच धन्यवाद यात्रा की शुरूआत होगी। 11 जून को रायबरेली से सांसद राहुल गांधी जनता को धन्यवाद देकर यात्रा का शुभारंभ करेंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर सोमवार की दोपहर बैठक की। इसमें कांग्रेस के आने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। तय हुआ कि सभी जिलों के पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में लोगों को कांग्रेस की नीति और उसके न्याय के वचन के प्रति समर्थन देने पर उनका आभार व्यक्त करेंगे। पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने नौ जून को प्रदेश कार्यालय में समीक्षा बैठक में इसकी घोषणा की थी।




बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी ● अमृत विचार

पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि विधानसभावार कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा निकलेगी। इस दौरान प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के पदाधिकारी यात्रा निकालेंगे। इसमें वह संविधान की रक्षा और राहुल गांधी के प्रति जो लोगों में विश्वास पैदा हुआ है उसके लिए धन्यवाद देंगे। पूर्व विधायक ने बताया कि इसके अलावा लोगों को कांग्रेस द्वारा लोकसभा में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देने की घोषणा कई थी, उसके बारे में लोगों को बताएंगे। इसके प्रति लोगों की सोच और अपेक्षाओं को जानेंगे। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था। इसमें कांग्रेस को 2009 के बाद सबसे बड़ी सफलता मिली। पार्टी छह सांसद जिताने में कामयाब रही। इसके अलावा 11 सीटों पर पार्टी दूसरे नंबर पर रही।

इस मौके पर शहर अध्यक्ष नोमान खां, जिला प्रवक्ता ताहिर अंजुम, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद जुबैर खां, जिला उपाध्यक्ष अकरम सुलतान, शहर महासचिव सुहेल खां, दामोदर सिंह गंगवार, महेन्द्र यदुवंशी, हसीब खां, शारिक खां, जिबरान खां, रामगोपाल सैनी, जगमोहन मोना, शप्पू अंसारी, बाबू खां, अब्दुल सबूर खां, मखदूम अहमद आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

42.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:13

**एक नजर**

## जयाप्रदा के आचार संहिता मामलों में सुनवाई 25 को



**रामपुर, अमृत विचार :** पूर्व सांसद जयाप्रदा के आचार संहिता से जुड़े दोनों मामलों में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन मामलों में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार व केमरी थाने में भाजपा प्रत्याशी जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के दो मामले दर्ज हुए थे। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल में चल रही है। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब 25 जून को सुनवाई होगी।

# अलग-अलग हादसों में थाने के चौकीदार समेत दो लोगों की मौत

## दावत खाकर आ रहा था चौकीदार, दवा लेने जा रहा था फारूक

संवाददाता, स्वार

**डीएम के आदेश के बाद भी नही रुक रहे डंपर**

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए भारी वाहनों पर सुबह सात से रात आठ बजे तक नो एंट्री घोषित की थी। इसके बावजूद स्वार, रामपुर, बाजपुर, काशीपुर, बिलासपुर मार्ग पर भारी वाहन सरपट दौड़ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन नो एंट्री का पालन कराने में नाकाम साबित हो रहा है। इसके भारी वाहन लोगों की जान ले रहे हैं। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी स्थिति जस की तस है।

**अमृत विचार :** दो अलग-अलग जगहों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में थाने के चौकीदार समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए। दोनों मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

थाना क्षेत्र के गांव रजानगर निवासी 50 वर्षीय मजदूर फारुक सोमवार की सुबह स्वार से दवाई लेने आ रहा था। बिलासपुर मार्ग स्थित गांव अमीर खां की पुलिया पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। लोगों ने पुलिस और मृतक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तहसील क्षेत्र के गांव शिवनगर निवासी 50 वर्षीय फरजंद अली थाने का चौकीदार है। रविवार की शाम चौकीदार गांव के ही हसमत अली की बाइक पर बैठकर बाजपुर मार्ग स्थित जिया पैलेस में दावत खाकर घर आ रहा था। बाइक मुख्य मार्ग पर स्वार की ओर से तेजगति से आ रहे 22 टायरा ट्रक ने उनकी बाइक को रौंद दिया। इसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान चौकीदार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद चौकीदार और मजूदर के शव परिजनों को सौंप दिए। परिजनों ने बताया कि चौकीदार के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।





फारुक व फरजंद। ● फाइल फोटो

## दहेज उत्पीड़न में आठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**स्वार, अमृत विचार :** दहेज में दस लाख रुपये व अल्टो कार की मांग पूरी न करने पर दहेज लोभियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने अपनी बेटी की शादी लगभग दो वर्ष पूर्व मुरादाबाद के थाना मझोला की गली नंबर दस निवासी बाबू के बेटे कासिम के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से की थी। काफी दान दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराली इससे खुश नहीं थे। दहेजलोभियों ने महिला को प्रताणित करना शुरू कर दिया। दहेज में दस लाख रुपये व अल्टो कार की मांग करने लगे। आरोप है कि महिला पर फुफिया ससुर नाजिर बुरी नजर रखने लगा। तीन माह पूर्व आरोपियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। 20 मई को ससुराल वाले उसके मायके आ गए और मारपीट की। रविवार को पीड़िता की तहरीर पर पति कासिम, सास गुड्डी, ससुर बाबू, मोहम्मद आजम, उज्मा, अन्जार हुसैन, नाजिर, बेगम के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पांच हजार रुपये की घूस लेते पकड़ा गया बीसलपुर में तैनात रामपुर का लेखपाल

- खनन की अनुमति होने के बाद भी खेत से नहीं उठाने दे रहे थे मिट्टी
- एंटी करप्शन के निरीक्षक ने बीसलपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/बीसलपुर





संजीव कुमार व अर्जुन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नदनऊ निवासी संजीव कुमार बीसलपुर में चकबंदी लेखपाल है। एंटी करप्शन टीम ने उसे व उसके सहयोगी को पांच हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथ दबोच लिया। खनन की अनुमति होने के बावजूद आरोपी लेखपाल ने ग्रामीण के खेत से मिट्टी उठाने के बदले पांच हजार रुपये की घूस ली थी। बीसलपुर कोतवाली में एंटी करप्शन बरेली के निरीक्षक इश्तियाक वारसी की ओर से आरोपी चकबंदी लेखपाल संजीव कुमार व उसके सहयोगी अर्जुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घूसखोरी में पकड़ने जाने पर लेखपाल को उप जिलाधिकारी बीसलपुर ने निलंबित कर दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव नदनऊ निवासी संजीव कुमार बीसलपुर तहसील के ग्राम जसौली दिवाली में काफी समय से तैनात है। वहां रहने वाले प्रानसुख ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के डिप्टी एसपी को शिकायत पत्र भेजा था। इसमें प्रानसुख ने बताया था कि उसके पास कृषि कार्य के लिए सोनालिका ट्रैक्टर व छोटी ट्राली है। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के चलते कई किसानों के मकान अतिक्रमण में आने पर तोड़ दिए गए। इस दौरान उसका मकान भी तोड़ा गया था। जमीन पर मकान बनाने के लिए मिट्टी खनन की अनुमति ऑनलाइन ली थी। अनुमति मिलने के बाद वह मिट्टी उठाने खेत पर गए तो बीसलपुर तहसील में तैनात लेखपाल संजीव कुमार ने रिश्वत की मांग की।

इस पर वह दोबारा अनुमति लेकर 22 मई को मिट्टी उठाने खेत पर गए। इसकी जानकारी मिलने पर लेखपाल संजीव कुमार अपने सहयोगी अर्जुन के साथ मौके पर पहुंचे और खेत से मिट्टी उठाने से रोक दिया। लेखपाल ने कहा कि लेनदेन की बात अर्जुन करेगा। अर्जुन ने कहा कि चार हजार रुपये लेखपाल के और एक हजार रुपये उसके लिए देने होंगे। इस पर उसने हामी भर दी। शिकायत में प्रानसुख ने खनन के लिए ली गई अनुमतियों की प्रति भी लगाई।

एंटी करप्शन बरेली के निरीक्षक इश्तियाक वारसी की अगुवाई में 10 सदस्यीय टीम सोमवार की सुबह बीसलपुर पहुंची। टीम के सदस्य तहसील के आसपास मुस्तैद हो गए। योजना के अनुसार शिकायतकर्ता प्रानसुख ने फोन करके रुपये देने के लिए लेखपाल को अपने पास बुलाया। कुछ ही देर में लेखपाल व उसका सहयोगी वहां पहुंच गए। प्रानसुख से रिश्वत के पांच हजार रुपये लेते ही टीम ने लेखपाल व उसके सहयोगी को पकड़ लिया। टीम उन्हें बीसलपुर कोतवाली ले गई। जहां एक कमरे में दोनों से घंटों पूछताछ चलती रही।

# विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट-फायरिंग

संवाददाता, बिलासपुर

**पांच दिन में तीन जगह फायरिंग**

कोतवाली क्षेत्र में पांच दिन के भीतर तीन अलग-अलग स्थानों पर हुई फायरिंग पुलिस के सिर का दर्द बनी हुई है। सबसे पहले गांव नवाबगंज में नाबालिग पर अज्ञात लोगों ने फायर झोंककर उसे घायल कर दिया था। इसके बाद शुक्रवार को युवाओं के दो गुटों में विवाद के दौरान नगर में फायरिंग हुई थी। इस विवाद में दो कार भी क्षतिग्रस्त हुई थीं। कारों पर भी गोलियों के निशान थे। बाद में सत्ता पक्ष के कुछ लोगों ने कोतवाली में बैठकर मामले को निपटाया था। अब उत्तराखंड बार्डर से सटी कालोनी में दौरान फायरिंग हुई है। हालांकि पुलिस दो घटनाओं में फायरिंग को नकार रही है।

- कुछ व्यक्तियों ने हवाई फायरिंग भी की, एक रेफर
- पुलिस फायरिंग की घटना से कर रही इंकार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बार्डर से सटी एक कालोनी में दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कुछ लोगों ने ने हवाई फायरिंग भी की। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रविवार की रात कोतवाली पुलिस को किसी ने सूचना दी कि गांव डिबडिबा के निकट बत्रा कालोनी में दो पक्ष आपस में भिड़ गए हैं। कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग भी की है। इससे लोग दहशत में आए गए। झगड़े के दौरान फायरिंग की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। रूद्र-बिलास पुलिस चौकी इंजार्ज अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही झगड़ा कर रहे लोग फरार हो गए।

वहीं, झगड़े के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन, हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि फायरिंग के दौरान छर्रे लगने की वजह से नंदू पुत्र सालिकराम निवासी खानपुर नई बस्ती घायल हो गया। पुलिस ने उसका मेडिकल भी कराया है।

प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने फायरिंग की घटना से इंकार किया है। उनका कहना है कि दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसमें एक युवक घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## जिला अस्पताल में ई-रिक्शा चालक लगा रहे जाम

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में ई-रिक्शा चालक जाम लगा रहे हैं। जिससे रोगियों, तीमारदारों और स्टॉफ को आने- जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति तब है कि अस्पताल के मुख्य द्वार पर सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती भी है। लेकिन इसके बाद भी जाम से मुक्ति नहीं मिल रही है। जाम में एंबुलेंस भी फंस रही है। गंभीर रोगियों को अस्पताल ले जाने में काफी दिक्कत हो रही है।

**सड़क किनारे लोगों ने कर रखा है अतिक्रमण :** शाहबाद-पटवाई मार्ग पर सड़क किनारे दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। इससे लोगों को परेशानियां आती है। कई बार शाम को जाम लग जाता है। कई बार हादसे भी हो चुके हैं। इसके बाद भी अधिकारी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। शाम को फल वाले भी ठेले लगा लेते हैं।

# आजम खां को डूंगरपुर के दो मामलों में हो चुकी सजा

- तीन मामलों में साक्ष्य के अभाव में अदालत कर चुकी है बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**रिटायर्ड सीओ सहित तीन आरोपियों की फाइल अलग**

डूंगरपुर से जुड़े मामलों में रिटायर्ड सीओ आले हसन भी शामिल हैं। हालांकि उनकी फाइल को अलग कर दिया गया है। अब डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में साक्ष्य के अभाव में छह आरोपियों को बरी कर दिया गया है। जबकि इस मामले में रिटायर्ड सीओ आलेसहन, दरोगा फिरोज खां और परवेज आलम भी आरोपी बनाए गए थे। इन तीनों की फाइलें अलग कर दी गई हैं। एक आरोपी सज्जाद की मौत हो चुकी है।

**तीन इंस्पेक्टर सहित 10 लोगों के दर्ज हुए थे बयान**

डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में तीन इंस्पेक्टर और वादी सहित 10 लोगों ने बयान दर्ज कराए थे। ताकि आरोपियों को सजा मिल सके। लेकिन इसके बाद भी इस मामले में सभी बरी हो गए। आजम खां के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में 12 मार्च 2021 को लगी थी। जबकि 22 जुलाई 2022 को आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम किया गया था। इसके बाद से लगातार सुनवाई चल रही थी।

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां से किसी जमाने में अधिकारियों की घिग्घी बंध जाती थी। वक्त पलटा और आज आजम खां सीतापुर जेल में सजा काट रहे हैं। सोमवार का दिन उनके लिए राहत भर रहा। डूंगरपुर के एक मामले में साक्ष्य के अभाव में अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। वह अब तक डूंगरपुर के तीन मामलों में बरी हो चुके हैं जबकि दो मामलों में उन्हें सात और 10 साल की सजा हो चुकी है।

सपा शासनकाल में आजम खां का रुतबा अलग ही होता था। उनके किसी भी जगह जाने की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हो जाते थे। जिस रूट से वह गुजरते थे, उस रास्ते को पहले खाली करा लिया जाता था। अगर कोई सुरक्षा के बीच में आता था तो उसकी खैर नहीं होती थी। हालांकि अब समय बदल चुका है। सपा सरकार जाने के बाद सूबे में भाजपा सरकार ने आजम खां को ऐसा घेरा कि मुकदमो की सूची लंबी होती चली गई। इसके बाद जेल उनका पीछा नहीं छोड़ रही है।

पहला मामला दो जन्मप्रमाण पत्र से जुड़ा है। उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां के दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खां, अब्दुल्ला आजम खां और डा.तजीन फात्मा को आरोपी बनाया गया था। कई वर्ष तक चली सुनवाई के बाद आजम खां की पत्नी और बेटे को 18 अक्टूबर 2023 को सात-सात साल की सजा सुनाई गई थी। आजम खां सीतापुर जेल में सजा काट रहे हैं। उनका बेटा अब्दुल्ला आजम हरदोई जेल में सजा काट रहा है। उनकी पत्नी डा.तजीन फात्मा रामपुर जेल में सात साल की सजा काट रहीं थीं। चार जून को वह जमानत पर आ गईं हैं। आजम खां के मामलों में सुनवाई चल रही है।

डूंगरपुर के एक मामले में आजम खां को 24 मार्च को सात साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद 30 मई को डूंगरपुर के एक और मामले में उन्हें 10 वर्ष की सजा सुनाई गई। अदालत ने उन पर 14 लाख रुपये जुर्माने भी लगाया। सोमवार को डूंगरपुर के एक मामले में उन्हें बरी कर दिया गया है। यह आजम खां के समर्थकों के लिए खुशी की बात है। डूंगरपुर से जुड़े अब तक पांच मामलों में फैसला आ चुका है। इनमें आजम खां तीन में बरी हो चुके हैं जबकि दो मामलों में सजा हो चुकी है।



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# सरकारी कार्य में बाधा डालने के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। एक आरोपी के पास से 500 ग्राम चरस भी मिली। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

26 अप्रैल को कुछ लोगों पर थाना कोतावाली पर सरकारी कार्य में बाधा डालने व जान से मारने की धमकी देने आदि के सम्बन्ध में मामला दर्ज हुआ था। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे दानिश निवासी बढ़इयों वाली मस्जिद मोहल्ला कुंडा को थाना कोतवाली को आश्रम पद्धति रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। दानिश के कब्जे से 500 ग्राम चरस भी बरामद हुई। इसी मामले के दूसरे आरोपी जीशान उर्फ शानू निवासी मोहल्ला पुराना गंज को धोबीघाट चौकी कोसी मन्दिर से गिरफ्तार किया गया।

## हैंडपंप तोड़ते समय पेट में घुसी धारदार वस्तु, मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में हैंडपंप को तोड़ते समय ग्रामीण के पेट में धारदार वस्तु घुस गई। इससे उसकी मौत हो गई। भाइयों से विवाद के बाद वह घर में लगा हैंडपंप तोड़ रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरिया निवासी चरन सिंह का अपने भाइयों से हैंडपंप को लेकर विवाद हो गया था। रविवार की शाम हैंडपंप तोड़ते समय चरन सिंह के पेट में कोई धारदार वस्तु घुस गई। गंभीर रूप से घायल चरन सिंह को परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही 50 वर्षीय चरन सिंह को मृत घोषित कर दिया था। सूचना पकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद चरन सिंह का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# युवक की हत्या में दोषी को आजीवन कारावास

- एडीजे प्रथम की अदालत ने सुनाया फैसला
- अदालत ने 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण की गोली मारकर हत्या करने के मामले में एडीजे प्रथम की कोर्ट ने बहेड़ी के रहने वाले दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अजीतपुर निवासी फरजाल सईद का कहना था कि इसी थाना क्षेत्र की नई बस्ती हुसैनी मस्जिद निवासी आजाद कमाल का उसके भाई ताबिश के घर आना-जाना था। इस दौरान ताबिश की पत्नी के आजाद कमाल से संबंध हो गए थे। इसके लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता था। बाद में महिला गंज क्षेत्र में रहने लगी थी। इसके बाद भी वह आजाद कमाल से मिलती थी। इसी के चलते आजाद कमाल ने गंज क्षेत्र में 27 मई 2020 को ताबिश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन पुलिस ने केवल आजाद कमाल के खिलाफ ही चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम की कोर्ट में चल रही थी।

एडीजीसी अंजू सिंह ने बताया कि अदालत ने आरोपी आजाद कमाल को ताबिश की हत्या का दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा अदालत ने उस पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

## टीम ने सात घरों से बिजली चोरी पकड़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विभाग के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। शहर के कई क्षेत्रों में लगातार छापेमारी की जा रही है। चेकिंग के दौरान पता चला कि कहीं कटिया तार तो कहीं अतिरिक्त केबिल के जरिए उपभोक्ता धड़ल्ले से चोरी कर रहे हैं।

अधिकारियों की तमाम कोशिशों के बाद भी बिजली चोरी कम नहीं हो रही है। चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बाद भी चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। एसई वीके आर्य के निर्देश पर सोमवार को रजा बिजलीघर के मिस्टन गंज और सैती क्षेत्र में एसडीओ पीके सिंह, जेई सुरेंद्र पाल सिंह ने चेकिंग की। इस दौरान मिस्टन गंज, सैती और पहाड़ी गेट क्षेत्र में सात घरों से दो किलोवॉट की चोरी पकड़ी गई। सभी के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।



टीम को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

# परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने 296 मामलों में कराया समझौता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र में 2023-24 में कुल 296 मामलों में समझौता कराने पर पुलिस अधीक्षक ने परिवार परामर्श केंद्र की टीम को सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में महिला थाने में परिवार परामर्श केन्द्र पर परिवारिक मामलों में सुलह-समझौता कराया जाता है। पति-पत्नी के विवादो में काउंसलिंग कराकर पारिवारिक मतभेदों से उबरकर फिर से दाम्पत्य जीवन को सुखमय व्यतीत करने के लिये प्रेरित किया जाता है। वर्ष 2023-24 में 296 मामलों में समझौता कराया गया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने महिला परामर्श प्रकोष्ठ की प्रभारी एसआई निशू सिरोही, महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक रजनी द्विवेदी, काउंसलर अवतार सिंह, परवेज खान, किश्वर सुल्ताना, शब्बा खान व अलका जैन को स्मृति चिन्ह व पुष्प आदि भेंट कर सम्मानित किया।

**विकास** 17 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने दी थी परियोजनाओं की सौगात

# 427 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में 427 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं पर कार्य शुरू करा दिया गया है। अधिकारियों ने कार्यों में तेजी लाने के लिए एजेंसियों को निर्देशित किया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले जिले में 427 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 17 मार्च को रामपुर आए थे। उन्होंने फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में 684 करोड़ रुपये की 50 परियोजनाओं का उद्घाटन और 34 परियोजनाओं का शिलान्यास किया था। इसके बाद 427.90 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। इसमें 62.02 करोड़ रुपये की रामपुर में मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल मार्ग, मानपुर-दढ़ियाल मार्ग का चौड़ीकरण 31.25 करोड़ की लागत से खौद-थूनापुर मार्ग का चौड़ीकरण, 37.54 करोड़ रुपये से बिलासपुर-मिलक मार्ग और रास डंडिया से सिलईबड़ा-भोजीपुरा मार्ग का चौड़ीकरण 205.36 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना शामिल है।

18.30 करोड़ रुपये से शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य व अन्य विभागों की परियोजनाओं पर काम जारी है। यह सभी कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे हैं। शिलान्यास के बाद ही लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई और आचार संहिता लग गई। इसके बाद इन परियोजनाओं पर काम शुरू नहीं हो सका। अधिकारी चुनावी कामकाज में व्यस्त हो गए। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कुछ परियोजनाओं के टेंडर की प्रक्रिया भी होनी है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही काम शुरू होगा। छह माह में अन्य परियोजनाओं के काम को पूरा कराया जा सकता है।



टांडा में सड़क का चौड़ीकरण करने के लिए खोदाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

> मुख्यमंत्री द्वारा जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था, उन पर काम शुरू कर दिया गया है। यह काम परियोजनाओं की समय सीमा के अनुसार पूरा कराया जाएगा। इसके लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
>
> -केवी सिंह
> एक्सईएन, लोक निर्माण विभाग

## प्रधानाध्यापक पर गंभीर आरोप, बीएसए ने किया निलंबित

**बरेली, अमृत विचार :** बीएसए ने मीरगंज के गुलड़िया स्थित प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह को निलंबित कर दिया है। उनपर स्कूल में शराब के नशे में धुत्त होकर आने, बूथ पर अनुपस्थित रहने, स्कूल में मध्यान्ह भोजन का वितरण नहीं करने समेत कई गंभीर आरोप लगने पर यह कार्रवाई की गई है।

बीएसए की ओर से जारी पत्र के मुताबिक 4 मई को स्कूल में बने बूथ पर उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। एसडीएम के निरीक्षण में वह बूथ से नदारद मिले थे। जांच की तो पता चला कि वह करीब 15 दिनों से अनुपस्थित चल रहे हैं। गुलड़िया के ग्राम प्रधान सहित कई अभिभावकों ने भी शिकायत की थी कि वह स्कूल बहुत कम आते हैं, कभी कभी रात में आकर उपस्थिति पंजिका में हाजिरी लगा जाते हैं। आरोप है कि वह जब भी स्कूल आते हैं तो नशे में धुत्त होते हैं।

# भूमि की पैमाइश से सन्तुष्ट नहीं हुए लोग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मोहल्ला टंडोला में आबादी के बीच कीमती सरकारी आराजी पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया। इसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने एसडीएम सहित उच्च अधिकारियों से की थी। सोमवार को लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर सरकारी भूमि की पैमाइश की। लेकिन मोहल्लेवासी इससे संतुष्ट नहीं हुए। इसके चलते लेखपाल पैमाइश बीच में ही छोड़कर चले गए। उन्होंने मंगलवार को पुनः पैमाइश करने की बात कही है।

नगर के मोहल्ला टंडोला स्थित गाटा संख्या 291 राजस्व अभिलेखों में गूल के रूप में दर्ज है। भूमि आबादी से सटी होने के कारण बेहद कीमती है। मोहल्ला भब्बलपुरी के कुछ लोगों ने इस पर कब्जा करके अपनी भूमि में शामिल कर लिया। मोहल्लेवासियों के कई बार कहने के बावजूद कब्जाधारियों ने कब्जा नहीं छोड़ा। तब मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम अनुराग सिंह सहित उच्च अधिकारियों से शिकायत कर सरकारी भूमि की पैमाइश कराकर कब्जामुक्त कराने की मांग की।

सोमवार को लेखपाल नवीन काम्बोज जरीब की बजाय फीता लेकर पैमाइश करने मौके पर पहुंचे। इस बीच शिकायतकर्ता सहित काफी लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। लेखपाल ने अपने निजी सहायक के साथ सरकारी गूल की पैमाइश शुरू की। लेकिन मोहल्ले के कुछ लोग इसे संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद लेखपाल पैमाइश अधूरी छोड़कर वापस चले गए। इस अवसर पर वार्ड सभासद पुत्र मोहम्मद आसिफ अंसारी, मोहम्मद अशफाक, हाशिम अली, मोहम्मद अतीक, मोहम्मद कासिम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम और मौजूद मोहल्लेवासी। ● अमृत विचार

> यदि मोहल्लेवासी पैमाइश से संतुष्ट नहीं हैं तो पुन: पैमाइश कराने के लिए प्रार्थना पत्र दें। हम नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल का पैनल बनाकर दोबारा पैमाइश कराएंगे। सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाया जाएगा।
>
> -अनुराग सिंह
> उप जिलाधिकारी

## एक नजर

### वकीलों ने भी बांटा शर्बत, कई जगह लगी सबील

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सोमवार को लायर्स एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने तहसील के मुख्य गेट के बाहर केमरी रोड पर सबील लगाकर शर्बत का वितरण किया। इसमें लायर्स के अध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता समेत कई अधिवक्ता सेवादारी करते दिखाई दिए। वहीं, हाईवे स्थित मुख्य चौराहे पर जैन समुदाय ने छाया पंडाल में शर्बत का वितरण किया। इसमें पुस्तक विक्रेता गिरीश आहूजा का विशेष योगदान रहा। संदेश जैन, नवीन जैन, नितिन जैन, हिमांशु जैन, संजीव जैन, संभव जैन तथा कुछ महिलाएं भी सहयोगी रहीं। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में कई अन्य स्थानों पर भी शर्बत सेवा की गई।

### भोट पुलिस ने वारंटी को दबोचा

**भोट, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे गैर जमानती वारंटी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना बताया कि कोयला गांव निवासी नरेश कुमार 138 एनआई एक्ट के मामले में वांछित था। न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। सोमवार को सूचना के आधार पर आरोपी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

# शोषण के विरोध में गरजे कर्मचारी

## कर्मचारियों के साथ किसी तरह का शोषण नहीं होगा बर्दाश्त : इंदल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



आंबेडकर पार्क में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शोषण के विरोध में कर्मचारी गरजे और आंदोलन की राह पकड़ने की चेतावनी दी। उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष इंदल सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के साथ किसी तरह का शोषण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए भले ही हमें आंदोलन की राह पकड़नी पड़े। दोषी अधिकारियों के खिलाफ शासन-प्रशासन से दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई।

जून की तपिश भरी दोपहरी में सोमवार को कर्मचारी हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में एकत्र हुए। प्रदर्शन करने के बाद बैठक हुई। इसमें कर्मचारियों के साथ दिन-प्रतिदिन शोषण तथा भेदभावपूर्ण कार्रवाई से त्रस्त होकर अपनी आवाज मंडल स्तर और प्रदेश स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए आंदोलन की रणनीति पर विचार हुआ। कर्मचारियों ने कहा कि हमारे साथ लगातार आए दिन ग्राम प्रधानों तथा जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। ग्राम प्रधान हमारी हाजरी देने पर आनाकानी करते हैं। कहते हैं कि अपने पास से पैसे खर्च करके प्राइवेट रूप से मजदूर लगा कर हमारे गांव की सफाई कराओ नहीं तो हम हाजिरी भी नहीं देंगे। दूर गांव में स्थानांतरण करा देंगे।

कर्मचारी इस अत्याचार को सहने से मना कर देते हैं तो ग्राम प्रधान झूठी शिकायत करके जिला पंचायत राज अधिकारी से तबादला करा देते हैं। जैसा कि अभी 10 मई को झूठी शिकायत पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कुछ लोगों के स्थानांतरण कर दिए हैं। 157 कर्मचारियों को ग्राम पंचायत की सफाई से हटा कर जिले स्तर के अधिकारियों तथा राजनेताओं के घर पल्लेदारी करने के लिए तैनात कर दिया है। ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की संख्या घट गई है। उन कर्मचारियों के स्थान पर ग्राम पंचायत में तैनात कर्मचारियों से एक से अधिक ग्राम पंचायतों में सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में एक पत्र छह जून को मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी, मंडलायुक्त, उपनिदेशक पंचायती राज विभाग मुरादाबाद, पंचायती राज मंत्री को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा ने भेजा था।

बैठक में विकास खंड शाहाबाद, मिलक, बिलासपुर, चमरौआ, स्वार, सैदनगर सहित अन्य क्षेत्रों से आए कर्मचारी नेताओं ने प्रतिभाग किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंदल सिंह और सत्यपाल वाल्मीकि तथा संचालन जिला मंत्री अतीक अहमद रहमानी ने किया।

### यह लोग रहे मौजूद

राकेश कुमार, संजीव कुमार, अजय कुमार, गंगासरन, रमेश कुमार, उमेश कुमार, प्रदीप सिंह, प्रदीप कुमार, परमानन्द, अगर सिंह, बाबूराम, सतीश गौतम, अतीक अहमद रहमानी, अमित कुमार, भूकन लाल मौर्य, राकेश गंगवार, पप्पू सिंह, दिनेश कुमार, हरदीप सिंह, दिनेश कुमार सैनी इत्यादि मौजूद रहे।

## जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया शुरू

**बरेली, अमृत विचार:** जंक्शन पर रेल कोच रेस्टोरेंट बनाने की कवायद बीते दिनों ठंडे बस्ते में चली गई थी। अब एक बार फिर इसके लिए कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। जंक्शन रेल प्रशासन की तरफ से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके पूरी होने के बाद रेल कोच रेस्टोरेंट प्राइवेट एजेंसी के जरिए संचालित किया जाएगा।

इससे पहले इज्जतनगर रेल मंडल के इज्जतनगर स्टेशन पर दो कोच वाला रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू किया गया था। रेल अधिकारियों के मुताबिक बरेली जंक्शन पर एक कोच वाला रेस्टोरेंट खोला जाएगा। इसके लिए स्थान पूर्व में ही चयनित किया जा चुका है। आरक्षण कार्यालय प्रांगण में एसबीआई एटीएम के बराबर में जगह को चिह्नित किया गया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद रेल प्रशासन की तरफ से प्राइवेट एजेंसी को कंडम कोच दिया जाएगा, जिसे आकर्षक बनाकर रेस्टोरेंट की शुरूआत की जाएगी। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि फिलहाल टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।



जिला अस्पताल स्थित पुलिस चौकी पर शर्बत बांटते लोग। ● अमृत विचार

# पुलिस कर्मियों ने रोगियों और तीमारदारों को पिलाया शर्बत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग ने जिला अस्पताल की चौकी पर शिविर लगाकर रोगियों व तीमारदारों को शर्बत पिलाया। शर्बत पीने को लोगों की भीड़ लगी रही।

जून में गर्मी के तेवर बढ़ते जा रहे है। लोगों का हाल बेहाल है। दिन निकलते ही आसमान से तपिश बरस रही है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में स्थित पुलिस चौकी पर सोमवार को शर्बत का शिविर लगाया गया। इस दौरान रोगियों व तीमारदारों को शर्बत पिलाया गया।

इस मौके पर चौकी इंचार्ज महेश सिंह कक्कड़ ने कहा कि शिविर लगाकर समाज में सेवा भाव और सौहार्द का वातावरण बनाने का संदेश दिया है। इस तरह सामाजिक समरसता भी आती है और लोगों की सेवा करने से अपनापन भी बढ़ता है। दोपहर एक से तीन बजे तक राहगीरों को शर्बत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई।

इस अवसर पर कामरान आमिर, मंजीत सिंह, होमगार्ड और एंबुलेंस चालक शामिल रहे। इसके अलावा नगर पालिका परिषद के सामने स्थित गुरुद्वारे के पास भी लोगों ने सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया।



एनडीए की सरकार बनने पर खुशी मनाते भाजपाई। ● अमृत विचार



मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री मनने पर खुशी जताते भाजपाई। ● अमृत विचार

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बांटी मिठाई

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर सोमवार को मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया ।

रविवार को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। सोमवार को मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ता एकत्र हुए। देश में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने पर मुख्य चौराहे पर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। भाजपाइयों ने कहा कि सबका साथ सबके विकास के आधार पर देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है। इससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री मोदी सभी वर्गों को एक साथ लेकर चल रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने के कगार पर है।

इस दौरान चरण सिंह चौहान, अशोक कुमार चौहान, रामपाल सिंह चौहान, राकेश सिंह चौहान, होराम सिंह, सुरेश सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, विद्या सैनी, राजेंद्र सिंह चौहान, पिंटू, विक्की सैनी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया खुशी का इजहार

**सैफनी, अमृत विचार :** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपाइयों में खुशी का माहौल रहा। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। भाजपा नेता अमर सिंह जोशी की दुकान पर कार्यकर्ता एकत्र हुए। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते हुए मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान प्रवीण जोशी, अनिल रस्तोगी, विष्णु गुप्ता, संजीव जोशी, लोकेश जोशी, सतीश गुप्ता, बंटी रस्तोगी, विवेक वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## माफिया अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की पांच संपत्तियों को प्रयागराज पुलिस ने चिह्नित कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेजी गई है। गैंगेस्टर एक्ट में संपत्ति जब्त की जाएगी। प्रयागराज पुलिस जल्द बरेली पुलिस को भी पूरे मामले में रिपोर्ट भेजेगी।

अशरफ के साले सद्दाम पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटरों को बरेली जेल में बंद रहे अशरफ से मिलवाने और जेल में अशरफ को सभी सुविधा मुहैया कराने का आरोप था। मामले में बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। सद्दाम कई दिनों तक फरार रहा था। उसे दिल्ली से एक पूर्व मंत्री की बेटी के फ्लैट से गिरफ्तार किया गया था। उसे पहले केन्द्रीय कारागार-दो बरेली में रखा गया था और बाद में उसका प्रशासनिक आधार पर बदायूं की जिला जेल में स्थानांतरण कर दिया गया था।

# अब पैदल स्कूल नहीं जाएंगी बेटियां : आकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



छात्राओं को साइकिल बांटते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

- केनरा रूबिको कंपनी की ओर से शहर विधायक ने बांटीं साइकिलें
- रामपुर सेवक कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** अब गरीब की बेटियां भी साइकिल पर सवार होकर स्कूल-कालेज जाएंगी। इसके लिए केनरा रूबिको कंपनी की ओर से 40 बेटियों को साइकिल बांटी गईं। साइकिल मिलते ही बेटियों के चेहरे खिल उठे। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि इन साइकिलों की मदद से बेटियां आसानी से स्कूल-कालेज पहुंच सकेंगी। उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

रविवार की शाम को महाराष्ट्र की कंपनी केनरा रूबिको के चीफ इन्वेस्टमेंट अधिकारी श्रीदत्त भांडवलदार और एचआर हेड उपासना साहू रामपुर पहुंचे। सोमवार को कृष्णा विहार स्थित सेवक कार्यालय पर साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के साथ ही बड़ी कंपनियां सामाजिक उन्नति के लिए कार्य कर रही हैं। केनरा रूबिको भी ऐसी ही कंपनी है, जो सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए समाज के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना समाज को सशक्त नहीं किया जा सकता। सुविधाओं का अभाव झेल रही बेटियों को यदि संसाधन मिल जाएं तो वह पूरे समाज के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। उन्होंने 40 बेटियों को साइकिलें वितरित कीं। कंपनी की ओर से आए श्रीदत्त भांडवलदार ने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर दीपक खंडेलवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



किसानों की बस को रवाना करते ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक जितेंद्र यादव। ● अमृत विचार

# खेती के गुर सीखने शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए किसान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** क्षेत्र के किसान अब गन्ने की खेती के गुर सीखेंगे। राणा शुगर मिल की ओर से क्षेत्र के 50 गन्ना किसानों को प्रशिक्षण के लिए शाहजहांपुर भेजा गया है।

सोमवार को ज्येष्ठ गन्ना निरीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में राणा शुगर मिल के कर्मचारी व क्षेत्र के 50 गन्ना किसानों की बस को शाहजहांपुर के लिए रवाना किया गया। मिल प्रबंधन ने बताया कि शिविर में किसानों को उत्तम खेती के बारे में बताया जएगा।

गन्ना प्रजाति सीओ 0238 में लाल सड़न रोग के कारण इसकी पैदावार दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है। इसके विस्थापन के लिए नई प्रजाति सीओ 15023, कोशा 13325, सीओएलके 14201 एवं सीओ 0118 व अन्य होनहार प्रजातियों के गन्ना बोआई और पेड़ी प्रबंधन के बारे में बताया जाएगा।

# श्री गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर लगी सबील

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



रेलवे स्टेशन के सामने शर्बत पीते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री गुरु अर्जुन देव महाराज के शहीदी दिवस पर सोमवार को सिंह सेवक जत्था समिति बीपी कॉलोनी की ओर से रेलवे स्टेशन के बाहर सबील लगाकर तपती दोपहरी में लोगों को शर्बत पिला कर गला तर कराया गया।

जत्थे के प्रधान दर्शन सिंह खुराना के मार्गदर्शन में लोगों ने सबील तैयार की। इसके शर्बत पिलाकर राहगीरों की सेवा की गई। दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि हर साल सिंह सेवा जत्थे द्वारा भीषण गर्मी में गुरु महाराज के शहीदी दिवस पर रेलवे स्टेशन के बहार सबील लगाई जाती है। इस वर्ष भी सबील लगाई गई, जो 12 से चार बजे तक चली। इस दौरान उत्तराखंड, बरेली एवं मुरादाबाद की ओर से आने-जाने वाले वाहनों में बैठे यात्रियों को शर्बत पिलाया गया।

इस दौरान सरदार दर्शन सिंह खुराना, आया सिंह, महेंद्र सिंह होरा, रविंद्र सिंह, हरजीत सिंह, पपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, जोगिंदर सिंह, हरभजन सिंह बत्रा, धनवंत सिंह, हरजीत सिंह, रिंकू सिंह, मदन लाल भाटिया, सतविंदर सिंह, गुरचरण सिंह ,गुलशन अरोड़ा, सतपाल सिंह, हरभजन सिंह एवं सेवादारों ने भाग लिया।

### आयोजन

- रेलवे स्टेशन के सामने लोगों का गला तर कराया
- वाहनों में बैठे यात्रियों को भी पिलाया शर्बत

### गुरु की याद में लगाई जाती है सबील

प्रधान दर्शन सिंह खुराना ने बताया कि श्री गुरु अर्जुनदेव को जिस दिन गर्म तवी पर बैठाया गया, उसी शाम को गुरु जी को वापस जेल में डाल दिया गया था। बहुत सख्त पहरा लगा दिया गया कि कोई भी उनसे मिल न सके। उस समय चंदू लाहौर का नवाब था। उसी के हुकुम से ये सब हुआ था। उसी रात चंदू की पत्नी, पुत्र कर्मचंद और पुत्र वधू गुरु अर्जुन देव से मिलने जेल में गए। मगर सिपाहियों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। चंदू नवाब की पत्नी और पुत्र वधू ने अपने सारे जेवर सिपाहियों को दे दिए थे और उस जगह पहुंच गए जहां गुरु कैद थे। गुरुजी की हालत देख वह रोने लगे। वह गुरु जी के लिए शर्बत लेकर आए थे। तब गुरु ने कहा कि माता इस मुख से तो मैं तेरा शर्बत नहीं पियूंगा। जो शर्बत आप लेकर आई हैं, आपके नाम का यह शर्बत हजारों लोग पिलाएंगे और लाखों लोग पिएंगे।



राहगीरों को शर्बत बांटते लोग। ● अमृत विचार

# शहीदी दिवस पर श्रद्धालुओं ने सबील लगाकर पिलाया शर्बत

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** श्री गुरु अर्जुन देव महाराज के शहीदी दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने सबील लगाकर शर्बत तथा चने का प्रसाद वितरित किया।

सोमवार को माटखेड़ा मार्ग स्थित प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों ने शहीदी दिवस पर सबील लगाई। इस दौरान सेवादारों ने शर्बत और चने का प्रसाद वितरित किया।

इस मौके पर गुरुद्वारे के प्रधान तीरथ सिंह, डा. कुलविंदर सिंह, हरजिंदर सिंह, अर्जुन सिंह गिल, बलबीर सिंह चौहान, तारा सिंह चंदी, परमजीत कौर पोला, मान सिंह आदि मौजूद रहे। गुरुद्वारे पर काफी भीड़ रही।

**मौसम** आसमान में मंडरा रहे बादल, मगर नहीं हो रही बारिश, ईद को लेकर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

# प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी करने पर होगी कार्रवाई

संवाददाता, स्वार



शांति समिति की बैठक लेते उप जिलाधिकारी व सीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक में एसडीएम व सीओ ने घर में कुर्बानी करने की हिदायत दी। प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

सोमवार को कोतवाली परिसर में ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार व क्षेत्राधिकारी संगम कुमार ने कहा कि नमाज ईदगाह के अंदर पढ़ें। सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने दी जायेगी। कुर्बानी अपने घर के अंदर करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी कीमत पर नहीं करने दी जायेगी। बिजली विभाग व पालिका प्रशासन को बिजली व पानी दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

कहा कि त्योहार मिल जुलकर मनाने चाहिए, ताकि गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखा जा सके। अगर कहीं कोई परेशानी आती है तो पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सभी लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान विधायक के भाई रफीक अहमद अंसारी, इस्लाम अंसारी, नाहिद खां, मोहम्मद हुसैन, मुजम्मिल हुसैन, अरबाज कुरैशी, शिवऔतार सक्सेना मन्नू, जमील अंसारी, गुड्डू अली, यूनुस अंसारी, प्रेमपाल, जमील दद्दा, महमूद खां आदि मौजूद रहे।

### त्योहारों पर आपसी भाईचारा बनाए रखें : एसडीएम

**शाहबाद, अमृत विचार :** त्योहारों के मद्देनजर रविवार को हुई बैठक को संबोधित करते एसडीएम सुनील कुमार ने कहा कि आने वाले त्योहारों ज्येष्ठ दशहरा व ईद-उल-अजहा सब लोग मिलजुलकर मनाएं। सोमवार को कोतवाली में हुई अमन कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार व सीओ अतुल पाण्डेय ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहा कि वह अपने घरों के अंदर कुर्बानी करें। खुले में कुर्बानी न करने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने कहा कि कोई भी आसामाजिक तत्व कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश न करे। एसआई आदेश कुमार, रेखा रानी शर्मा, अमित चंद्रवंशी, मयंक अग्रवाल, शिशुपाल सिंह समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## तलाक की अर्जी देने पर महिला ने पति को भेजे भड़काऊ मेसेज

**बरेली, अमृत विचार :** कोर्ट में तलाक की अर्जी देने के बाद महिला ने पति के मोबाइल पर अश्लील और भड़काऊ मेसेज भेजे। पति ने पत्नी के खिलाफ थाना किला में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

केलाबाग निवासी शिवम शर्मा का आरोप है कि कुछ समय पहले उन्होंने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उनका आरोप है कि इससे नाराज पत्नी शैली मिश्रा ने उनके मोबाइल पर भड़काऊ और आपत्तिजनक मेसेज किए हैं।

शैली ने रिश्तेदारों को भी अश्लील मैसेज भेजने और नौकरी नहीं करने देने की धमकी दी है। शिवम ने मामले की शिकायत एसएसपी से की थी। थाना किला पुलिस ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गर्मी से उबले लोग, बारिश के लिए दुआएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



सोमवार को आसमान में उमड़ते-घुमड़ते बादल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से लोग गर्मी से परेशान हो गए। मंदिर और मस्जिदों में बारिश के लिए दुआएं हो रही हैं। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अगले दिनों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। हालांकि, आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहेंगे।

जून के महीने में गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। दोपहर को पारा 42 से 44 डिग्री तक पहुंच रहा है जिसके कारण लोग गर्मी से बेचैन हैं। पिछले करीब एक माह से बारिश नहीं हुई है जबकि, मौसम वैज्ञानिकों ने हल्की बारिश और आसमान बादल छाए रहने का अनुमान जताया था। सोमवार को पूरे दिन आसमान में बादल उमड़ते घुमड़ते रहे। लेकिन वर्षा नहीं होने से लोग वर्षा के लिए मंदिर और मस्जिद में दुआ मांग रहे हैं। सोमवार को आर्द्रता 25 प्रतिशत रहने और 11 किमी. प्रतिघंटा से हवा चलने के कारण उमस कम रही। दोपहरी में सूरज तपिश बरसाता रहा। बारिश नहीं होने से किसानों की नजरें आसमान पर लगी हुई हैं।

> अगले पांच दिन तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा रहेगा। -डा. उदय प्रताप शाही
> मौसम वैज्ञानिक, कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि, मेरठ

### बारिश नहीं होने से कुम्हला रहीं फसलें

बारिश नहीं होने से गन्ना, मेंथा, मिर्च, लौकी, तुरई, करेला, खीरा, धान, गन्ने की फसलें कुम्हला रही हैं। किसान महंगे डीजल से फसलों की सिंचाई कर रहे हैं लेकिन, फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी वर्षा से ही मिलेगा। गांवों में बिजली नहीं आने के कारण किसानों को महंगा डीजल फूंककर फसलों की सिंचाई करना पड़ रही है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक घायल, हालत नाजुक

**शाहबाद, अमृत विचार :** जनपद मुरादाबाद के बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहदरा निवासी रामजीत किसी काम से शाहबाद की ओर आ रहे थे। रास्ते में वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### घर में सो रही युवती के साथ छेड़खानी

**रामपुर, अमृत विचार :** घर में सो रही युवती से युवक ने छेड़खानी कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता आरोपी मौका पाकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मिलकखानम थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का कहना है कि उसकी बहन छह जून को घर में सो रही थी। तभी गांव का ही महेंद्र वहां आ गया। वह युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। जाग होने पर युवक मौका पाकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# समस्याओं के समाधान को सांकेतिक हड़ताल पर रहे तहसील के अधिवक्ता

## जिलाधिकारी के अवकाश पर होने के कारण नहीं हो सकी मुलाकात, प्रशासन की ओर से नहीं हुई पहल, लंबी खिंच सकती है हड़ताल

संवाददाता, टांडा



सांकेतिक हड़ताल के दौरान चैंबर में बैठे अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सोमवार को विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराने तहसील के अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय पहुंचा। डीएम के अवकाश पर होने के कारण प्रतिनिधि मंडल में शामिल वकीलों की उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। अधिवक्ता सोमवार को सांकेतिक हड़ताल पर रहे। उधर स्थानीय तहसील प्रशासन द्वारा वकीलों से वार्ता करने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। अगर ऐसा ही रहा तो हड़ताल लंबी खिंच सकती है।

शुक्रवार को बार एसोसिएशन की बैठक में तहसील स्थित न्यायालयों में न्यायिक कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं जैसे दाखिल खारिज में अनावश्यक देरी एवं नामान्तरण आदेशों की फीडिंग तथा तहसील में क्षेत्रीय लेखपालों की तैनाती आदि पर रोष व्यक्त किया गया था। वहीं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं को लेकर 10 जून को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने तथा 10 से 12 जून तक सांकेतिक हड़ताल करने का निर्णय भी लिया था। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। दाखिल खारिज के मामलों में जानबूझकर अनावश्यक देरी की जा रही है। वर्ग मीटर में लिखे विक्रय पत्रों का दाखिल खारिज नहीं किया जा रहा है। विभिन्न कार्यालयों में प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा काम किया जा रहा है। इससे गोपनीयता भंग होती है। अधिवक्ताओं का कहना है कि क्षेत्रीय लेखपालों का अन्य तहसीलों में स्थानांतरण किया जाए। रजिस्ट्रार कानूनगो के स्थानांतरण को लेकर भी चर्चा की गई थी। सर्वसम्मति से तय किया गया कि समस्याओं के सम्बंध में मुख्यमंत्री व राजस्व परिषद के अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त आदि को अवगत कराया जाएगा। अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल 10 जून को जिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग करेगा।

सोमवार को तय कार्यक्रम के अनुसार वकीलों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिलने जिला मुख्यालय पहुंचा। डीएम के अवकाश पर होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। सोमवार को वकील सांकेतिक हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य से विरत रहे। स्थानीय प्रशासन की वकीलों से कोई वार्ता नहीं हुई है और न ही वार्ता करने का कोई प्रयास किया गया।

> तहसील में लंबे समय से दाखिल खारिज की पत्रावलियां लंबित पड़ी हैं। जिन पत्रावलियों पर आदेश हो चुके हैं, उनके परवाने खतौनी पर नहीं चढ़े हैं। इसके अतिरिक्त और भी कई समस्याएं हैं, जिनका समाधान होने तक हड़ताल जारी रहेगी। **–अनिल भारद्वाज**
> अध्यक्ष बार एसोसिएशन

> लंबित परवाने खतौनी पर अंकित किये जा रहे हैं। वर्ग मीटर में लिखे बैनामों के दाखिल खारिज पर तहसीलदार और अधिवक्ताओं के बीच वार्ता कराने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है जल्द ही समस्त समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा। **–अनुराग सिंह, एसडीएम**

# अधिकारियों के खिलाफ यूथ बार ने खोला मोर्चा

संवाददाता, शाहबाद




पुलिस व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ भड़की यूथ बार एसोसिएशन ने तहसील परिसर में नारेबाजी की। प्रदर्शन कर उन्हें अपने रवैये में सुधार लाने की नसीहत दी। अधिवक्ताओं ने सरकारी दफ्तरों में लगे निजी कर्मचारियों को हटाने की मांग भी की। उन्होंने आरोप लगाया कि वकीलों के सम्मान को लक्ष्य करके काम किया जा रहा है।

अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि 12 जून तक अधिकारी अपनी आदतों में सुधार लाएं। अन्यथा वह प्रदर्शन को और उग्र करेंगे। निजी कर्मी उन्हें किसी भी दफ्तर में नजर आया तो उसे धक्के मारकर निकालेंगे। वकीलों का नेतृत्व कर रहे यूथ बार अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने प्रदर्शन के बाद आरोप लगाए कि अंश निर्धारण हो या पैमाइश सभी में लूट-खसोट हो रही है। पैमाइश को न्यायालय में धारा-24 न कराकर सीधे लेखपाल से कराया जा रहा है। उनका गुस्सा पुलिस पर भी निकला।

उन्होंने सीओ समेत पुलिस पर आरोप लगाए कि वह तहसील से जुड़े लोगों का चालान सिर्फ इसलिए काट देते हैं, ताकि वकीलों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा सके। इस बाबत एसडीएम को सात जून को ज्ञापन दिया था, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। लगातार वकीलों के सम्मान से खेला जा रहा है। प्रदर्शन करने वालों में बार के पूर्व अध्यक्ष अशफाक अहमद, तकरीरुर्रहमान, संजीव श्रीवास्तव, वसीम खां, अनोद शर्मा, फहीम अकरम, मुनेश यादव, निधिगोपाल यादव, रिंकू यादव, कमलवीर सक्सेना आदि शामिल रहे।

> जनता को सुविधा देना ही हमारा काम है। तहसील की बार एसोसिएशन भी काफी अच्छी है। यदि अधिवक्ताओं को कोई समस्या है तो वह लिखकर दें। ताकि हम उसका निराकरण कर सकें। **–सुनील कुमार प्रथम**
> उपजिलाधिकारी



खनन के वाहनों की जांच करते एसडीएम अवनीश कुमार। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने चेक की खनन लदे वाहनों की रॉयल्टी

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर अंकुश लगाने के लिए टीम के साथ खनन के वाहनों को चेक किया। इस दौरान कोई भी वाहन अवैध खनन या ओवरलोड नहीं मिला।

उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने सोमवार की शाम दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग के मसवासी चौराहे पर पट्टीकलां की ओर आने वाले रास्ते पर खनन के वाहनों की रॉयल्टी सहित खनन से संबंधित दस्तावेज जांचे। इससे खनन लदे वाहनों के चालकों में हड़कंप मच गया। चेकिंग के दौरान उन्हें कोई भी वाहन ओवरलोडिंग या अवैध खनन से भरा नहीं मिल। इस दौरान अमीन अकबर अली, बब्लू चौधरी, सौरभ सोलंकी, करतार सिंह आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में खूब भा रहे लखनवी चिकन के कुर्ते

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



सफदर गंज में ईद के लिए कपड़ों की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईदुल अजहा की तैयारियों को लेकर बाजार सज गए हैं। बाजारों में खूब भीड़ उमड़ रही है। इससे कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं। कपड़ा, जूते और ड्राई फ्रूट्स समेत चूड़ी, कंगन और सलवार सूटों की खूब बिक्री हो रही है। इसके अलावा शेरवानी, कुर्ता पायजामा और रामपुरी टोपी भी लोगों को खूब भा रहे हैं। बाजारों में देर रात तक रौनक पसरी हैद्ध दिन में गर्मी अधिक होने के कारण लोगों की आवाजाही कम ही रहती है।

शहर के बाजार सफदर गंज, पुरानी तहसील, शादाब मार्केट, चाकू बाजार में तरह-तरह के सूटों से दुकानें भरी हुई हैं। बाजार देर रात तक खुल रहे हैं। लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में महिलाओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। ग्राहकों की भीड़ से दुकानदार भी काफी खुश हैं। लेडीज सूट के थोक विक्रेता मोहम्मद अहमद बताते हैं कि इस साल कपड़े का अच्छा कारोबार हुआ है। औरतों की पसंद का ख्याल रखते हुए सूट तैयार गए हैं। गर्मी अधिक होने के कारण इस बार लखनवी चिकन के सूटों की काफी मांग है। बताते हैं कि बाजार में 300 से 3000 रुपये तक के चिकन के सूट उपलब्ध हैं। कपड़े की क्वालिटी और उस पर बनने वाले काम की नफासत के चलते सूट के दाम बढ़ते जाते हैं। रेशमीन सूटों की बिक्री कॉटन के सूटों की अपेक्षा कम है।

### चूड़ियों की दुकानों पर उमड़ रही महिलाएं

बाजार सफदर गंज, बैजनाथ की गली और मिस्टन गंज रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के निकट चूड़ी की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। दुकानों पर 20 रुपये दर्जन से 200 रुपये दर्जन तक की चूड़ियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा सावन की हरी-लाल चूड़ियों की भी खूब मांग है।

### रेडीमेड की दुकानों पर उमड़ रही भीड़

बाजारों में बच्चों के लिए शेरवानी, कुर्ता, पायजामा व टोपी खरीदी जा रही है। रेडिमेड कपड़ों एवं सिलाई करने वालों की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ है। महंगाई के दौर में दर्जी की सिलाई अधिक होने के कारण लोगों का फोकस रेडिमेड सूटों की खरीदारी पर है। बच्चों को कढ़ाईदार शेरवानी और चिकन के कुर्ते पायजामे खूब पसंद आ रहे हैं। बाजार में कुर्ते-पायजामे की कीमत 200 से 2000 रुपये तक है। दुकानदार मोहम्मद सफी बताते हैं कि दो साल बाद कारोबार बहुत अच्छा हुआ है। अभी और तेजी की उम्मीद है।

## सार संक्षेप

### कर वसूली को लेकर ईओ ने ली बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के कर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की ईओ ने बैठक ली। बैठक में ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि राजस्व निरीक्षक संजीव कुमार, शमीम अहमद को लक्ष्य के अनुसार कार्य करने की नसीहत दी। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक डा. अविनाश कुमार, देवेंद्र गौतम, द्वारिका नाथ, जलकल अभियंता मूलचंद आदि मौजूद रहे।

### दो किशोरियां ठेकेदार के दोस्त के साथ फरार

**बरेली, अमृत विचार :** मीट फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक की दो किशोरियों को ठेकेदार के दोस्त भगा ले गए। थाना कैंट पुलिस ने फैक्ट्री के ठेकेदार समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना शेरगढ़ क्षेत्र के निवासी शख्स के मुताबिक वह नकटिया स्थित मीट फैक्ट्री में काम करते हैं और वहीं परिवार के साथ रहते हैं। 5 मई को देर रात फैक्ट्री के ठेकेदार रशीद के दोस्त बहेड़ी के रहने वाले आदिल और मिनश उनकी दो नाबालिग बेटियों को बहला-फुसलाकर भगा ले गए। आरोप है कि ठेकेदार ने दोनों दोस्तों को 4 मई को फैक्ट्री में बुलाया था।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# अनुमति की आड़ हो रहा अवैध खनन

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** कोसी नदी के किनारे अनुमति की आड़ में लगभग एक सप्ताह से जेसीबी से लगातार अवैध खनन किया जा रहा है। बारिश में नदी की धाराएं प्रभावित होने से क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के लोगों को हर साल बाढ़ की विभीषिका का दंश झेलना पड़ता है। इसके बावजूद विभाग के उच्चाधिकारी कोसी नदी के निकट खनन की अनुमति दे रहे हैं।

कोसी नदी के किनारे बसे धनौरी, मिलक काजी, मधुपुरी, बंदरपुरा, अंधापुरी, सोनकपुर, समोदिया, फरीदपुर, रसूलपुर, पसियापुरा समेत एक दर्जन से अधिक गांवों को हर वर्ष कोसी नदी में आने वाली बाढ़ का दंश झेलना पड़ता है। कोसी नदी के किनारे अवैध खनन होने के चलते गहरे गड्ढे हो जाने से नदी की धाराएं प्रभावित हो जाती हैं। इससे कोसी नदी के किनारे के एक दर्जन गांवों के लोगों के साथ ही करोड़ों रुपये से बने लालपुर-मुंशीगंज बांध पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। विभागीय अधिकारियों ने गांव मिलक काजी में कोसी नदी के निकट 3400 घन मीटर खनन की अनुमति दी है। इसकी आड़ में खनन के धंधेबाजों ने कानूनगो और लेखपाल से साठगांठ कर जेसीबी से लगभग पांच दिन से खनन किया जा रहा था। दो दिन पूर्व कोसी नदी के किनारे अवैध खनन करने की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह को कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

नायब तहसीलदार, कानूनगो अनूप सिंह, लेखपाल राजकुमार मौके पर पहुंचे थे। तब खनन के धंधेबाज जेसीबी और वाहनों को लेकर फरार हो गए थे। राजस्व टीम ने नापतौल के साथ खानापूर्ति कर खनन के धंधेबाजों को क्लीन चिट दे दी थी। इसे बाद अवैध खनन फिर से शुरू कर दिया गया। इसकी जानकारी करने पर प्रशासनिक अधिकारी एक-दूसरे पर टाल कर पल्ला झाड़ लेते हैं। उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ने बताया कि अगर बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में खनन हो रहा है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने कराया मार्ग का निर्माण

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने गांव रुस्तमनगर से श्मशान घाट से होकर करोड़ों रुपये की लागत से बने कोसी नदी के बांध तक जाने वाले मार्ग को पक्का कराया था। कोसी नदी से अवैध खनन भरकर इस मार्ग से वाहनों के निकलने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तब उन्होंने विरोध शुरू कर दिया था। इस पर खनन के धंधेबाज बैकफुट पर आ गए थे। खनन के धंधेबाजों ने दूसरे रास्ते पर लाखों रुपये की लागत से पुलिया बनाकर और धंधे को अंजाम दिया जा रहा है।

# न्यू स्टार क्लब ने 33 रन से जीता मैच

संवाददाता, टांडा



टांडा में विजयी टीम के कप्तान को ट्राफी सौंपते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अब्दुल माजिद एवं हाजी अख्तर अली की याद में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार की रात न्यू स्टार क्लब टांडा और एफएसएन क्रिकेट क्लब के बीच क्रिकेट मैच खेला गया।

न्यू स्टार क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 16 ओवर में टीम के खिलाड़ियों ने 140 रन बनाए। बल्लेबाज निखिल ने 27, सिंघम ने 26 तथा अशरफ ने 12 रन का योगदान दिया। एफएसएन क्लब की ओर से वंश ने चार खिलाड़ी आउट किए। फोमी ने तीन विकेट और मुबीन ने एक विकेट लिया। 141 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एफएसएन क्लब के बल्लेबाज कफील ने 24, बब्लू ने 14 तथा असद ने 10 रन का योगदान दिया। इस प्रकार एफएसएन क्लब की टीम 107 रन ही बना सकी। 33 रन से यह मैच न्यू स्टार क्लब की टीम ने जीत लिया।

न्यू स्टार क्लब की ओर से कसी हुई गेंदबाजी की गई। गेंदबाज प्रिंस, किरिस और राहुल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। न्यू स्टार क्लब के निखिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सभासद मेराजुल इस्लाम, महमूद नायक और तस्लीम ने दिया। कमेंट्री मोहम्मद सईद सागर, मोहम्मद इरफान, जहीर जिया, अब्दुल रज्जाक ने की। स्कोरर नदीम गोरे, ऑनलाइन स्कोरर अकिब गुल, मौलाना जुनैद रहे। अंपायरिंग राहत अली और मंसूर अख्तर ने की। टूर्नामेंट कमेटी संयोजक हाजी सरफराज, अध्यक्ष मुहम्मद इरफान, अजीम विक्टोरिया, मास्टर सगीर, रईस भूरा सभासद, नूरुल हुदा, अयाजुल इस्लाम, गोला अकरम आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** नाला क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कत, ग्रामीणों की इस समस्या की अनदेखी कर रहा है प्रशासन

# पानी की निकासी नहीं होने से लाम्बाखेड़ा में हो रहा जलभराव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



लाम्बाखेड़ा में सड़क पर भरा पानी।



खस्ताहाल स्थिति में है नाला।

**अमृत विचार :** टांडा तहसील क्षेत्र के गांव लाम्बाखेड़ा का नाला और सड़क क्षतिग्रस्त है। इसकी वजह से जगह-जगह जलभराव है। ग्रामीणों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क और नाले को सही कराने की ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है।

लाम्बाखेड़ा निवासी आसिम अली, जमील, भूरा, फिरासत, जैनुल और याकूब ने सड़क और नाला निर्माण को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि गांव की सड़क के पास में तीन फिट चौड़ा और 500 फिट लंबा नाला है। यह नाला काफी क्षतिग्रस्त हो चुका है। नाले का सारा गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। इससे जहां-तहां जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने नाले का निर्माण कराने के लिए कई बार प्रधान से कहा लेकिन चुनावी रंजिश के चलते उसने नाले का निर्माण नहीं कराया। नाला टूटा होने की स्थिति में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि गंदा पानी सड़कों पर बहने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि स्थलीय जांच कराकर नाले का निर्माण और सड़क बनवाई जाए।

> गांव लाम्बाखेड़ा की सड़क व नाले का निर्माण धन की उपलब्धता होने पर कराया जाएगा। ग्रामीणों को परेशानी नहीं होनी दी जाएगी। **–जाहिद हुसैन**
> जिला पंचायत राज अधिकारी



> सड़क व नाले का निर्माण कराने के लिए कई बार प्रधान से कहा गया। लेकिन इसकी सुध नहीं ली जी रही है। सड़क पर भरे गंदे पानी की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। **– मकबूल अहमद**



> गांव की सड़क और नाले के पानी की निकासी नहीं होने से सड़क पर जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आने-जाने में ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **– आसिम अली**



> सड़क और नाले का निर्माण कराने के लिए जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है। निर्माण होने से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। इनका निर्माण जल्द कराया जाए। **– शारिक**



> गांव की सड़क और नाले की स्थिति काफी खराब है। नाले से गंदा पानी आने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका है। जल्द ही इस समाधान कराया जाए। **– रिजवान**

# परिवहन विभाग का सर्वर ठप, आवेदक हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन विभाग में शनिवार और रविवार को अवकाश होने के बाद सोमवार को कार्यालय खुले तो सर्वर दगा दे गया। इससे विभागीय कामकाज पूरा दिन ठप पड़े रहे। इससे कार्यालय में काम कराने आए आवेदक परेशान होते रहे।

नकटिया स्थित आरटीओ कार्यालय और विकास भवन के पीछे स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में शनिवार और रविवार को अवकाश था। सोमवार की सुबह कार्यालय खुले तो बड़ी संख्या में आवेदक काम कराने के लिए पहुंचे।

विभागीय साइट ने सुबह 10 बजे से ही काम करना बंद कर दिया था। इस कारण गाड़ियों का ट्रांसफर, ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम पूरी तरह ठप हो गया। दोपहर तक इंतजार करने के बाद आवेदक भी परेशान होकर लौटने लगे।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### युवती को गायब करने में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ जून की रात्रि को वह बच्चों के साथ मकान की छत पर सोया था। उसी रात में गांव निवासी बंटी कश्यप उसके घर में घुस गया और उसकी बेटी को साथ ले गया। सुबह होने पर जब घटना का पता लगा तो आरोपी के परिवार में सुभाष कश्यप, पवन कश्यप, छत्रपाल से मिला और बेटी वापस करने की मांग की। तो इन्होंने गालियां देकर भगा दिया। पुलिस ने तहरीर पर आरोपी बंटी कश्यप, सुभाष कश्यप, पवन कश्यप, छत्रपाल कश्यप निवासी काफियाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उर्स में जायरीनों को पिलाया ठंडा शर्बत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** सोमवार को गांव चक फाजलपुर में हज़रत भोले-भाले रहमतुल्लाह अलैह के 76वें उर्स के मौके पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की ओर वाले जायरीनों को लगंर और ठन्डे शर्बत का वितरण किया गया। संस्था के सदस्य अरकान कादरी ने बताया अल्लाह वालों की बारगाह में जो नेक दुआ मांगी जाती है वो ज़रूर पूरी होती है। आखिर में कुल शरीफ़ की रस्म अदा की गई। इस मौके पर सज्जादानशीन छिद्दा हुसैन, इमरान अत्तारी, अब्दुल रऊफ, जुनैद अत्तारी, दानिश अत्तारी, गफ्फार हुसैन, शाकिर अली, शरिक अली, फरजंद अली, अब्दुलरब अत्तारी, राहिल सकलैनी आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली तक हवाई सफर के लिए नए सिरे से प्रयास तेज

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिमी यूपी से पूर्वांचल और बिहार को जोड़ने के लिए बरेली से कुशीनगर के लिए जेट विंग्स ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। संभावना है कि जुलाई से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। वहीं, बरेली से दिल्ली तक हवाई सफर को फिर से शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में इंडिगो को पत्र भेजा गया है। एयरपोर्ट निदेशक ने संपर्क प्रगति जानी है। बरेली एयरपोर्ट से दिल्ली, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, कलकत्ता, सूरत तक हवाई सेवा शुरू कराने के प्रयास हो रहे हैं। इसके लिए विभिन्न एयरलाइंस को ई मेल के जरिए पत्र भेजकर बरेली एयरपोर्ट पर सुविधाओं के बारे में बताया गया है। यहां से हर रोज यात्रियों की अच्छी खासी संख्या होने की बात बताई जा रही है।


तीन दिवसीय शो में बनाए गए केक दिखाते प्रतिभागी। ● अमृत विचार

# तीन दिवसीय शो में 150 लोगों ने सीखा केक बनाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के मिठाई एवं बेकरी प्रतिष्ठान टेंप्टेशनस की सिविल लाइंस ब्रांच में तीन दिवसीय केक शो का आयोजन किया गया। जिसमें 150 प्रतिभागियों ने केक बनाना सीखा।

संस्थान स्वामी करणवीर सिंह ने बताया कि कंपनी अपने केक में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों के उत्पादों का इस्तेमाल करती है। पार्टनर मुकेश त्यागी व जीएम विनोद जायसवाल ने बताया कि केक शो में तुलसी, प्रियंका, शिवानी हंसराज, राधिका, रुकैया, रोशनी, डॉली गौतम, दीक्षा, भूमिका, मोनिका, शालू दिवाकर, प्रीति, राधिका, गोरी व शिल्पा ने पुरस्कार जीते। विबा कंपनी से आए अर्जुन, रजनीश एवं शेफ राजन ने सभी को विबा के सॉस एवं मेयोनेज के इस्तेमाल के बारे में बताया।

## शराब पिलाकर घर की आलमारी से नकदी उड़ाई

**अगवानपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला सराय फारूख निवासी सुरेशपाल पुत्र रामस्वरूप जाटव घर में रखे 80 हजार रुपये एक व्यक्ति द्वारा चोरी करने के आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पीड़ित सुरेशपाल ने 24 मार्च को अपनी जमीन बेची थी। जिसकी नकदी घर की आलमारी में लाकर रख दी। आरोप है कि इसकी भनक मोहल्ला निवासी राधेश पुत्र खचेडू को लग गई। मौका पाकर राधेश पीड़ित के घर आया और उसे खूब शराब पिलाई। जब पीड़ित नशे में धुत हो गया तो आरोपी आलमारी में रखे 80 हजार रुपये चोरी कर भाग गया। पीड़ित की पत्नी जब मायके से आई तो उसे अलमारी में पैसे नहीं मिले। पीड़ित की पत्नी ने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो वह धमकी देकर भाग गया। पीड़ित ने अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी तो पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर छोड़ दिया। साथ ही पीड़ित पर बीस हजार रुपये लेकर फैसला करने का दबाव भी बनाया।

### आजाद नगर में नाला निर्माण के लिए मैटिरियल लेकर जा रहे वाहनों को रोकने वालों को समझाया

# निगम की टीम ने ध्वस्त कराया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अवैध निर्माण तोड़ती निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रभात मार्केट से गुलाब बाड़ी रेलवे फाटक तक सड़क के दोनों तरफ पटरी पर अतिक्रमण को सोमवार को नगर निगम की टीम ने जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। नोकझोंक के बीच टीम ने अपनी कार्रवाई की। वहीं कई जगह नाले पर किए अवैध निर्माण को भी तोड़कर जलनिकासी को सुचारू कराया।

निगम के मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान के नेतृत्व में प्रवर्तन दल ने प्रभात मार्केट से लेकर गुलाबबाड़ी रेलवे फाटक तक अवैध तरीके से किए निर्माण को ध्वस्त कराया। शियोम ब्रास फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा नाले के ऊपर किए अतिक्रमण को भी जेसीबी से तोड़ा गया। इसके बाद टीम ने सूरज नगर में स्मार्ट सिटी की परियोजना के अन्तर्गत नाले के चौड़ीकरण कार्य को स्थानीय लोगों ने रोक दिया था सूचना पर पहुंची टीम ने लोगों को समझाकर नाला निर्माण कार्य फिर से शुरू कराया। भविष्य में नाला निर्माण कार्य में अवरोध न डालने की चेतावनी दी। इस दौरान सहायक अभियंता आदि भी मौजूद रहे। वहीं प्रवर्तन दल के आजाद नगर में स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत नाला निर्माण के लिए सामग्री लेकर जा रहे वाहनों को रोकने की जानकारी पर मौके पर पहुंचकर कार्य में बाधक बन रहे लोगों को समझाकर गाड़ियों का आवागमन शुरू कराया। कार्रवाई के दौरान स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश कुमार व प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे। इसी क्रम में निगम के जलकल अनुभाग की टीम ने जन शिकायतों के आधार पर वार्ड 3, 15, 20, 22, 25, 36, 44 और 65 में पेयजल पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत को ठीक कराया। स्वास्थ्य अनुभाग की टीम ने करूला में जब्बार कॉलोनी, मंडी समिति में नाले की सफाई जेसीबी व छोटी पोकलैन मशीन से कराई। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे ने कार्य का निरीक्षण कर नाले से निकले सिल्ट को तत्काल हटाने का निर्देश दिया।

**96 लाइटें ठीक कराई**
नगर निगम के पथ प्रकाश अनुभाग की टीम ने वार्ड 21, 25, 32, 38, 46, 54, 59, 61 और 67 में खराब 98 एलईडी लाइटों की मरम्मत कराई।

# गर्मी में बढ़ी बर्फ की डिमांड, दाम दोगुना

## पड़ोसी राज्य उत्तराखंड के जिलों से महानगर में आ रही बर्फ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मुस्तफाबाद में बर्फ खाना में तैयार होती बर्फ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में महानगर में बर्फ की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। बर्फ के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। ऐसे में महानगर में प्रतिदिन पांच से छह हजार बर्फ की सिल्लियों की खपत हो रही है। स्थानीय बर्फखाने से पूर्ति न होने पर अब बर्फ की सिल्लियां भारी संख्या में उत्तराखंड के कई जिलों से आ रही हैं। फुटकर की दुकानों पर सुबह-शाम बर्फ लेने वालों की भीड़ लगी रहती है। वहीं जिला कृषि प्रदर्शनी के मेले में लगी सौ से अधिक दुकानों ने भी बर्फ की खपत दोगुना कर दी है।

जिला पंचायत कार्यालय के बाहर बर्फ बेचने वाले रईस भाई ने बताया कि वह पिछले 40 साल से बर्फ बेच रहे हैं। रईस का कहना है कि इस बार पिछले कई वर्षों के मुकाबले गर्मी अधिक है, जिससे बाजार की डिमांड के मुताबिक बर्फ नहीं मिल पा रही है। सिल्ली पहले 80 से 90 रुपये में मिलती थी। वह अब 130 से 150 रुपये की मिल रही है। 200 रुपये में 50 किलो बर्फ की सिल्ली बिक रही है। मुरादाबाद के अगवानपुर में 3 बर्फखानों में दो हजार सिल्ली, लाकड़ी फाजलपुर के दो बर्फखानों में 700 सिल्ली, दलपतपुर में 300 सिल्ली, रामपुर रोड मुस्तफाबाद में 300 सिल्ली बर्फ प्रतिदिन बनकर बाजार में सप्लाई हो रही है। इसके बाद भी बर्फ की कमी पूरी नहीं हो पा रही है। वहीं उत्तराखंड के नैनीताल के कालाढूंगी, रुद्रपुर, काशीपुर व बिलासपुर से चार से पांच हजार सिल्ली प्रतिदिन बड़े डीलर मुरादाबाद मंगा रहे हैं। इसके बाद भी बर्फ की कमी होने से 50 किलो की सिल्ली 250 से 260 रुपये तक में बिक रही है।



"मुरादाबाद में कुछ बर्फ खाने बंद हो गए हैं। बिजली महंगी होने के कारण बर्फ के कारोबार में ज्यादा लाभ नहीं है। जबकि उत्तराखंड में कॉमर्शियल बिजली पांच रुपये प्रति यूनिट है और यूपी में दस रुपये है। इसलिए मुरादाबाद में बढ़ी बर्फ की खपत से दाम दोगुना हो गए हैं। जिस वजह से बड़े-बड़े डीलर उत्तराखंड से बर्फ मंगा रहे हैं।"

**-हाजी मोहम्मद फरहान, बर्फखाना स्वामी**



"गर्मी के कारण बर्फ की खपत बढ़ गई है। प्रतिदिन 28 से 30 बर्फ की सिल्ली बेचता हूं। बर्फ की सिल्ली अगवानपुर के पास की एक फैक्ट्री से 145 रुपये की लाकर 200 रुपये में बेचता हूं। एक महीने पहले बर्फ की सिल्ली 80 रुपये की आती थी। अब दाम बढ़ गए हैं।"

**- मुन्ना, फुटकर विक्रेता, मोहल्ला बारादरी**

## पिता-पुत्रों को जमकर पीटा, वाहन में तोड़फोड़

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में रविवार रात नौ बजे मारपीट का मामला सामने आया है। शानू पुत्र आले नवी ने बताया कि उनके पिता ठेले पर बैठे थे, उसी दौरान नूरी, नन्ने, दानिश, रिजवान आदि ने आकर उनके पिता से गाली-गलौज कर मारपीट की। दो भाई बचाव में गए तो उन्हें भी जमकर पीटा है। मारपीट में घायल पिता-पुत्र जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने उनके वाहन (छोटा हाथी) को भी तोड़ डाला है। शानू ने बताया कि वह बिरियानी रोड पर नवाबपुरा हाजी नेक की मस्जिद के पास वाली गली में रहते हैं, जबकि आरोपी दूसरी गली में रहते हैं। शनिवार रात को उनके पिता आले नवी घर के बाहर गली में ठेले पर बैठे थे। इसी दौरान आरोपी नूरी पुत्र छैला आया और उनके पिता से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह उनसे मारपीट करने लगा। इसी बीच नूरी का भाई नन्ने व परिवार के अन्य लोग दानिश पुत्र शौकत व रिजवान उर्फ अत्ते आ गए और मारपीट करने लगे।

# पुलिस अधिकारी बनकर महिला से गाली-गलौज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **पूर्व में दर्ज एफआईआर के संबंध में कटघर थाने गई थी पीड़िता, तभी आई थी कॉल**

**अमृत विचार :** पुलिस अधिकारी बनकर महिला से गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता थाना मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली है। उसने इस मामले में थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है।

आठ जून को थानाध्यक्ष मूंढापांडे को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने कहा है कि पूर्व में उसकी तहरीर पर 13 मई को कटघर थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसमें उसने आरोपी को नामजद भी किया था। आरोपी डबल फाटक दुर्गेश नगर का रहने वाला है। इसी मामले में जब वह आठ जून को कटघर थाने गई थी तो दोपहर के 12.45 बजे उसके फोन पर अपरिचित नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाला अपने को पुलिस अफसर बताकर बोला कि वह एसपी सिटी ऑफिस से राजेश शुक्ला बोल रहा है। यही नहीं, पूर्व में उनके द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को भी उसने उन्हें फोन पर ही पढ़कर सुनाया। फिर उसे एसपी सिटी ऑफिस आने को कहा। जिस पर पीड़िता एसपी सिटी ऑफिस पहुंची थी, जहां उसने कथित पुलिस अफसर राजेश शुक्ला के बारे में जानकारी की तो पता चला कि इस नाम का कोई भी अधिकारी एसपी सिटी ऑफिस में नहीं है। जिस पर उसने उसी कॉलर के नंबर पर फोन मिला तो कथित व्यक्ति पीड़िता से गाली-गलौज करने लगा और अपशब्दों का प्रयोग कर उसे धमकाया कि फोर्स लेकर तेरे घर आ रहा हूं। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को बताया कि उस व्यक्ति की धमकी से भयभीत होकर उसने फोन काट दिया था। लेकिन, इसके बाद भी उसके पास कॉल आई थी। जिससे वह डरी हुई है। उधर, थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान करने के लिए उसके मोबाइल नंबर का डिटेल निकलवाने को भेजा है। डिटेल आते ही कार्रवाई करेंगे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे राष्ट्रीय पुजारी परिषद के सदस्य। ● अमृत विचार

# गंगा दशहरा पर रामगंगा में कालागढ़ डैम से जल छोड़ें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गंगा दशहरा के अवसर पर रामगंगा में कालागढ़ डैम से जल छोड़े जाने की मांग की है। हिंदुओं की मां गंगा और उसकी सहायक नदियां के प्रति गहरी आस्था है। हजारों श्रद्धालु मुरादाबाद में बह रही रामगंगा में स्नान,दान, पूजन एवं बच्चों के मुंडन संस्कार कराते हैं।

रस्तोगी ने कहा है कि जल छोड़े जाने से हिंदू गंगा दशहरा त्योहार धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मना सकेंगे। राष्ट्रीय पुजारी परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि घाटों पर सफाई की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस दौरान कामेश्वर मिश्र, पुजारी महेंद, श्याम शुक्ला,अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, मुकेशानन्द, नितिन यादव और अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बैठक में पुरानी पेंशन बहाली का उठाया मुद्दा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेंशनर्स परिषद की मासिक बैठक कोषागार कार्यालय परिसर के भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पेंशन राशि में 10 वर्ष की कटौती के बाद बंद किए जाने का मुद्दे पर चर्चा हुई। 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति होने वाले पेंशनरों को एक वार्षिक वेतन वृद्धि दिए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

सोमवार को राजकीय सिविल पेंशनर्स की बैठक को संबोधित करते हुए प्रेम प्रकाश सक्सेना ने अन्य राज्यों की भांति कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दिए जाने की बात रखी। निर्णय लिया गया कि जिलाधिकारी से मिलकर इस संबंध में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया जाएगा। संचालन यश कुमार त्यागी ने किया। बैठक में सुनील कुमार शर्मा, अजब सिंह चौहान, महिपत सिंह, विजय सक्सेना, रोहतास त्यागी, धन सिंह, रशीद अली सिद्दीकी, पीएस गिल, जमील अहमद, दिनेश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर कमरे में बंद किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **दिल्ली में है मायका, भाई ने मझोला थाने में बहनोई के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट से चोटिल हुई गर्भवती को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रकरण में पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता का मायका दिल्ली में है। इनके भाई जतिन कनौजिया ने बताया कि वह दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में केएल एक्सटेंशन, जैलदार एन्क्लेव, मोहन गार्डन उत्तम नगर के रहने वाले हैं। उनकी बड़ी बहन की ससुराल मझोला थाना क्षेत्र में 48-चिड़िया टोला लाइन पार में कृष्णवीर वर्मा के घर में है। इनके बेटे नवजोत वर्मा से उसकी बहन का विवाह हुआ था। पीड़िता के भाई ने बहन के साथ ससुराल में हो रहे दुर्व्यवहार और मारपीट के संबंध में अपने बहनोई को आरोपी ठहराया है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया है कि 9 जून की सुबह भी ससुराल में उनकी बहन को पीटा गया और मारपीट करने के बाद उसे घर के कमरे में बंद कर दिया गया, उसे जान से मार देने की धमकी दी गई है। जतिन कनौजिया ने एफआईआर में कहा है कि उनकी बहन किसी तरह से घर से निकलकर थाने पहुंची थी और पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। इससे पहले भी उनकी बहन को ससुराल वाले प्रताड़ित कर रहे थे तो उन्होंने पहले भी थाने में दो बार प्रार्थना पत्र दिए थे। लेकिन, दोनों पक्षों में समझौता कराकर मामले को रफादफा करा दिया गया था। साथ ही आश्वासन दिया गया था कि आगे से ऐसा कुछ नहीं होगा।

# कांग्रेसी निकालेंगे धन्यवाद यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा मुरादाबाद में मिली जीत के बाद कांग्रेस सभी विधानसभा क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा निकालेगी। जनपद की देहात विधानसभा के भोजपुर से यात्रा की शुरुआत मंगलवार से होगी।

सोमवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के जिला प्रभारी मिथुन त्यागी को आना था, लेकिन उनके नहीं आने पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने लोकसभा चुनाव में मिले जनसमर्थन को लेकर धन्यवाद देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि देहात विधानसभा क्षेत्र के भोजपुर में 11 जून को पहली धन्यवाद यात्रा निकलेगी। इसके बाद कुंदरकी में 12, कांठ में 13, ठाकुरद्वारा में 14 व बिलारी में 15 जून को धन्यवाद यात्रा निकलेगी। इस मौके वरिष्ठ नेता अनूप दुबे, अमीरुलहसन जाफरी, प्रवक्ता सुधीर पाठक, अनुराग शर्मा, फिरासत हुसैन, शिवराज गुर्जर, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, प्रमोद कौशिक, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला चेयरमैन अफजल साबरी, अकरम खां, बाबर सैफी, बब्बन अब्बासी व श्याम सरन शामिल रहे।


जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद।

**केंद्र में सरकार बनने पर जश्न पर भाजपा को घेरा**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने भाजपा पर संवेदनहीन होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले से शांति का दावा खोखला साबित हो गया। भाजपाई आतंकी हमले में मृत तीर्थ यात्रियों के प्रति शोक संवेदना जताने की बजाय सरकार की खुशी में मिठाई बांट रहे हैं। कांग्रेसियों ने दिवंगत तीर्थयात्रियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सत्संग में बताए श्रेष्ठजन के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


श्री दुर्गा मंदिर बुध बाजार में कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- **बुध बाजार के श्री दुर्गा मंदिर में श्री गीता भागवत सत्संग का आयोजन**

**अमृत विचार :** बुध बाजार के श्री दुर्गा मन्दिर में श्री गीता भागवत सत्संग में कथा व्यास धीरशान्त अर्द्धमौनी ने कहा कि जो सम्मान करने पर हर्षित न हों और अपमान करने पर क्रोध न करें, क्रोधित होने पर कठोर वचन न बोलें, उनको ही सज्जनों में श्रेष्ठ कहा गया है। उन्होंने बताया कि संसार में विद्या, घर में पत्नी, रोगों में औषधि और अंत समय धर्म ही सच्चा मित्र होता है।

कथा व्यास ने कहा कि मन में भय, अशान्ति, उद्वेग और विषाद को स्थान न दो। भगवान की दया, आत्मा की पवित्रता और नित्यता पर विश्वास रखकर सदा शान्त, निर्भय और प्रसन्न रहने का यत्न करो। उत्तेजना से सदा बचे रहो, धीरज कभी न छोड़ो। कथा व्यास ने आगे कहा कि अग्नि, गुरु, ब्राह्मण, गाय, कुमारी कन्या, वृद्ध तथा अबोध बालक को कभी पैरों से स्पर्श न करो। इससे घोर पाप लगता है। किसी का अनादर न करो, किसी से घृणा न करो, किसी का दिल न दुखाओ। स्वयं सह लो, परन्तु स्वार्थ वश किसी को कष्ट सहने के लिए बाध्य कभी न करो। किसी भी भक्ति में लगे हुए को बाधा नहीं पहुचाओ, उसे उत्साह दिलाओ। गरीब, दीन, रोगी में भगवान को विशेष रूप से देखकर उनकी सेवा करो। कथा की व्यवस्था में अजय मग्गू, पायल मग्गू, शिवम मग्गू, तान्या मग्गू, गीता वर्मा, चन्द्रशील वर्मा, राशि विग, राजन, पूनम बरारा, अशोक बरारा, सीमा सिक्का, रवि सिक्का, फूला रानी सिक्का, सुरेन्द्र सिक्का, नीरु सिक्का, कैलाश ढल, रेणु चावला, कुसुम उत्तरेजा, सारिका अग्रवाल, देवांश अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से नष्ट हो जाते हैं पाप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज खोखरा ताल में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू किया गया।

सोमवार को नेमीशारणय धाम से कथावाचक पं. बलराम कृष्ण शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य की तमाम वाधाएं समाप्त हो जाती हैं और पापों से छुटकारा मिलता है। कथावाचक ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों व कथाओं में सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। ऐसा करने से श्रीमद् भागवत कथा व ईश्वर के प्रति बच्चों में एक नई ऊर्जा के साथ जिज्ञासा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में विस्तार सूत महाराज व सोनक ऋषि की कथा का वर्णन किया। कार्यक्रम में रविंद्र चौहान, प्रेम सिंह, अवधेश सिंह, वल्लू, सोमवती, कमलावती, दीप शिखा, रेखा देवी, विमला देवी, गौरव, पंडित विनीत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**समस्या** लोगों ने अस्पताल की मरम्मत कराकर इसे पुन: शुरू कराने की मांग की

# अगवानपुर में जर्जर अस्पताल भवन में लगा कूड़े का ढेर

संवाददाता, अगवानपुर


जर्जर अस्पताल में क्षेत्रीय लोगों द्वारा फेंका गया कूड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सन् 1980 में बने सरकारी अस्पताल के भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। लोगों ने इस भवन को कूड़े को डंप करने की जगह में तब्दील कर दिया है। स्थानीय लोगों ने अस्पताल के भवन को दुरुस्त कराकर पुनः शुरू कराने की मांग की है।

नगर पंचायत के मोहल्ला ढाप में सन् 1980 में सरकारी अस्पताल का निर्माण किया गया था। जिसमें नगर वासियों को अस्पताल से उपचार आदि की सुविधा भी मिल रही थी। लेकिन जब से नगर के बाईपास पर सरकारी अस्पताल का निर्माण किया गया है तब से नगर के इस अस्पताल को बंद कर दिया गया है। नया अस्पताल आबादी से लगभग तीन किलोमीटर दूर है। जिससे नगरवासियों को उपचार के लिए जाने में परेशानी होती है। नगरवासियों का कहना हैं कि नगर स्थित इस में जर्जर पड़े अस्पताल का दोबारा निर्माण कार्य करा कर सुचारु कराया जाए। जिससे लोगों को नगर में ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

नगर निवासी सरफराज का कहना है कि बुजर्गों और महिलाओं को नए अस्पताल में जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता हैं। इसलिए अगर पुराने अस्पताल को शुरू करा दिया जाए तो लोगों को उपचार में सुविधा होगी।

वही, मास्टर अहमद का कहना हैं कि पुराने अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द होना चाहिए जिससे नगर के गरीब लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। साथ ही आने-जाने में होने वाली असुविधा से भी निजात मिलेगी।

वही, फजले अली का कहना हैं कि जब से अस्पताल नगर से दूर बनाया गया है। तब से नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए जल्द से जल्द पुराने अस्पताल का पुनर्निर्माण कराया जाना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी जनता की समस्या की ओर ध्यान देने की अपील की। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। भवन को दुरुस्त कराकर यहां स्वास्थ्य सेवाएं शुरू की जा सकती हैं।

## एक नजर

### चार दिन से बिना प्रभारी के चल रही पुलिस चौकी

**आदमपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर में चार दिन से कस्बा ढबारसी की चौकी बिना प्रभारी के चार सिपाहियों के भरोसे चल रही है। लोकसभा चुनाव बीत जाने के बाद निर्वाचन आयोग ने जैसे ही आचार संहिता हटाने का आदेश किया था। आचार संहिता हटते ही पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष आदमपुर व ढबारसी चौकी इंचार्ज को लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया था। हसनपुर कोतवाली में तैनात एसएसआई शौकेंद्र सिंह को आदमपुर का थानाध्यक्ष बनाया गया, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी ढबारसी पुलिस चौकी पर चौकी प्रभारी की नियुक्ति नहीं हो सकी। जिससे चौकी पर तैनात चार सिपाही चौकी को संभाल रहे हैं।

### टीम ने आंबेडकर पार्क से हटवाया अतिक्रमण

**अमरोहा, अमृत विचार :** पालिका की टीम ने नगर में अतिक्रमा हटाओ अभियान चलाया। आंबेडकर पार्क पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर नगर पालिका की भूमि को कब्जा मुक्त किया गया। अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार के निर्देश पर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को पालिका की टीम ने आंबेडकर पार्क के पास से फड़ और ठेले वालों को हटाया। जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। नगर पालिका की इस कार्रवाई का कुछ व्यापारियों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस फोर्स के सामने वह कुछ नहीं कह सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण होने से नगर के मार्गों पर जाम की समस्या आए दिन उत्पन्न हो रही है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

### सीडीओ ने फीता काटकर किया कैंटीन का उद्घाटन

**अमरोहा, अमृत विचार :** एनआरएलएम की ओर सोमवार को विकास भवन में जायका कैंटीन संचालित की गई। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, पीडी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं कैंटीन का संचालन कर रही हैं। खाने में दाल, रोटी, चावल, नाश्ते में चाय-पकौड़ी व समोसे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कैंटीन अन्य स्थानों पर भी खुलवाई जाएगी। समूह की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# तीन विभागों ने नदी के जीर्णोद्धार में नहीं किया श्रमदान

## बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


नदी के कार्यों की समीक्षा बैठक में शामिल जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य।

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में सोमवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने पाया कि खनन विभाग ने नदी के जीर्णोद्धार में श्रमदान नहीं किया। डीएम ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं से नदी की खोदाई कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं व विभागों के जिम्मेदारों से जानकारी ली। कितना आवंटन था, कितनी लंबाई तक किस विभाग ने नदी की खोदाई कराई, कितना काम अभी बाकी है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों, कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि बगद नदी के जीर्णोद्धार के लिए जिस विभाग को जो लक्ष्य आवंटित किया गया है, उसे अभियान चलाकर पूरा करें। इसमें लापरवाही न हो। डीएम ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग के अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण के आदेश दिए। मध्य गंगा नहर के अधिशासी अभियंता अभियंता से भी स्पष्टीकरण मांगा। बाढ़ खंड विभाग के कार्य शुरू न कराने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। कहा कि समय के अनुसार जल्द से जल्द काम शुरू हो जाएं। कई मध्य गंगा नहर के अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि कार्य कब शुरू करना है, इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज की व्यक्त की। बगद नदी की खोदाई के लिए लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग समेत अन्य 12 विभागों ने अच्छा कार्य किया है। इसे लेकर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशंसा की।

- सिंचाई विभाग और मध्य गंगा नहर के अधिशासी अभियंता से मांगा गया स्पष्टीकरण

माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खनन विभाग समेत अन्य कई विभागों ने कार्य अभी शुरू नहीं किया है। इसे लेकर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि जिन विभाग को जो कार्य दिया गया है, वह मंगलवार से ही शुरू कर दें। सभी अधिकारी सहभागी बने और बढ़-चढ़कर श्रमदान करें। सभी विभागों की सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, सभी एसडीएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और ईओ मौजूद रहे।

### लगातार काम करने वाली आशाओं को समय से दें वेतन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्य ठीक न चलने पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं चलाई जा रही हैं उनमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। लक्ष्य के अनुसार कार्य करें। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, आरबीएसके, आयुष्मान कार्ड योजना, टीकाकरण, ई-कवच समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। कहा कि ऐसी आशाएं जो लगातार कार्य कर रही हैं उनको यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें समय से वेतन मिले। सीएमओ से कहा कि एनआरसी में अधिक से अधिक बच्चे पंजीकृत हो। इसके लिए लगातार प्रत्येक केंद्र में जांच होनी चाहिए। बच्चों का वजन कराए, जो बच्चे कमजोर हैं, उनको एनआरसी में भर्ती कराया जाए। इस बैठक में परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीपीएम सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, एमओआईसी मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता।

# लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग, एसडीएम को सौंपा पत्र

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल ने लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लेखपाल के खिलाफ उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओ ने बताया कि नगर के मोहल्ला कटरा निवासी अंकित सैनी ने निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन क्षेत्र के लेखपाल बिंटेश ने बिना निरीक्षण के निवास प्रमाण पत्र अस्वीकृत कर दिया। लेखपाल ने आवेदक के मोहल्ले में जाकर जांच नहीं की। आवेदक ने बताया कि उसका पहले भी निवास प्रमाण पत्र बना है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने बताया कि लेखपाल की पहले भी बहुत शिकायतें आ चुकी हैं। इसे लेकर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवेदक का मूल निवासी प्रमाण पत्र बनवाने व लेखपाल को निलंबित करने की मांग की है। इस दौरान संजू सैनी, महिपल, पवन जिजवानिया, विक्की, सुमित, दीपांशु, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में किसान के घर में घुसकर लाठी डंडों से हमलावरों ने परिवार और अन्य लोगों पर हमला कर दिया। विरोध करने पर पथराव भी किया।

इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गांव महेशरा निवासी किसान वीर सिंह का परिवार रहता है। उनके भाई घर में ही खाना खा रहे थे। तभी गांव के देवेंद्र, अमरपाल, गणपत और भूपेंद्र लाठी डंडों से लैस होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि चारों ने मिलकर हमला बोल दिया। बचाव में आए परिवार के लोगों के साथ भी मारपीट की इस घटना में वीर सिंह और उसकी बहन पायल भाई आकाश और मां घायल हो गए। बताया जाता है कि हमले का जब विरोध किया तो हमलावरों ने पथराव भी कर दिया। इस मामले की रिपोर्ट पुलिस में तहरीर देकर दर्ज कर दी गई है।


गुवाहाटी में में डॉ. यतींद्र कटारिया को सम्मानित करते हुए महाप्रबंधक।

# हिंदी सेवा के लिए डॉ. यतीन्द्र गुवाहाटी में हुए सम्मानित

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** हिंदी के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पटल पर उल्लेखनीय कार्य कर रहे डॉ. यतीन्द्र कटारिया को असम के गुवाहाटी में सम्मानित किया गया है। केंद्र सरकार व असम हिंदी मंच ने उन्हें सम्मान देकर उनके हिन्दी सेवा योगदान की सराहना की है।

पूर्वोत्तर राज्यों में राजभाषा संवाद व हिंदी कार्यशालाओं में प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किए गए डॉ. यतीन्द्र कटारिया हिंदी, भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार की उपलब्धि से जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में हिंदी का शंखनाद करने पहुंचे डॉ. यतीन्द्र कटारिया का गुवाहाटी में आयोजित समारोह में पावरग्रिड के महाप्रबन्धक सरदार बलवीर सिंह और श्रीहरि सरगरी ने सम्मान किया। इस मौके पर राजभाषा अधिकारी प्रत्याशा कौशिक ने यतीन्द्र कटारिया के योगदान की सराहना की।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को घर से निकला

**अमरोहा, अमृत विचार :** देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान ने अपनी बेटी की शादी हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में रहने वाले एक युवक के साथ 22 अप्रैल 2021 में की थी।

किसान ने काफी दान दहेज भी दिया था। लेकिन बेटी की ससुराल वाले उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। वे महिला को परेशान करने लगे। किसान ने बताया कि उसने अपनी बेटी की परेशानी को देखते हुए दो बीघा जमीन बेचकर आठ लाख रुपये दे दिए थे। बताया कि दोनों परिवारों के बीच विवाद समाप्त करने के लिए पंचायत भी बुलाई गई। लेकिन इसके बाद भी दोनों पक्षों के बीच समझौता नहीं हो सका। महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देखकर मदद की गुहार लगाई। पुलिस क्षेत्राधिकार अंजलि कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


बुरावली के बाजार में बकरे खरीदते लोग। ● अमृत विचार

# बकरों की खरीदने के लिए उमड़े लोग

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** 17 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है।

- ईद-उल-अजहा की तैयारियों में जुटे लोग, कुर्बानी के लिए जानवरों की कर रहे खरीदारी

ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद लोग बकरा या कटरा की कुर्बानी करेंगे। इसे लेकर सोमवार के बाजार में खूब रौनक रही। लोग खरीदारी करने के लिए बाजार में अपनी जरूरत के सामानों की खरीदारी करते नजर आए। सोमवार को पशु बाजार सजा। बाजार में खरीददार उमड़े और बकरों व बड़े जानवरों की खरीदारी की। सोमवार को बुरावली के पशु बाजार में सबसे अधिक कीमत का शाहनवाज का 55000 का बकरा बिका। तारीक ने 25000 रुपये में बकरा बेचा। सबसे अधिक बकरों की बिक्री आठ हजार से 40 हजार तक रही।

# स्टंटबाज युवकों का वीडियो वायरल, एक आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, हसनपुर


बाइक से स्टंट करते युवक।

**अमृत विचार :** बाइकों पर स्टंटबाजी करने वाले युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो का संज्ञान लेकर देर शाम पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

बताया गया कि क्षेत्र में युवा सोशल मीडिया पर अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए रोजाना नए-नए स्टंट कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। मामला प्रकाश में आने पर पुलिस स्टंटबाजी करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। लेकिन उसके बावजूद युवाओं को पुलिस का खौफ नहीं है। सोशल मीडिया पर युवकों का स्टंटबाजी करने का वीडियो वायरल हो गया। स्टंटबाजी का वीडियो नगर के युवक का बताया जा रहा है। युवक खतरनाक स्टंट कर रहा है। दो सप्ताह पहले भी सोशल मीडिया पर युवकों द्वारा स्टंटबाजी करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। जब वायरल वीडियो की जानकारी कोतवाली पुलिस को हुई तो जांच कर युवक का पता लगाया। पुलिस ने स्टंट करने के आरोप में नगर के मोहल्ला लाल बाग कनेटा रोड़ निवासी इस्तकार पुत्र जहूर को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि स्टंट करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### 40 गांवों में अमृत सरोवरों पर काम तेज

**अमरोहा, अमृत विचार :** जोया ब्लॉक के 40 गांवों में अमृत सरोवरों का काम तेजी के साथ कराया जा रहा है। इस कार्य में मनरेगा के मजदूरों को लगाया गया है।

खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि शासन के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जाने वाले अमृत सरोवर पर काम तेजी के साथ शुरू हो चुका है। आचार संहिता के दौरान इन सरोवरों पर काम थम गया था। लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र का विकास का कार्य तेजी के साथ शुरू कर दिया गया है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक के 40 गांवों में अमृत सरोवर का काम काफी तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य में मनरेगा के मजदूरों को लगाया गया है और सितंबर माह में लगभग अमृत सरोवर तैयार हो जाएंगे। इसके अलावा ब्लॉक के पांच गांवों में खेल के मैदान भी बनाए जा रहे हैं। इन पर भी काम चल रहा है। कुछ गांवों में पार्क बनाने का भी काम किया जा रहा है।


प्रांजल को मिठाई खिलाते आंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# जेईई एडवांस की परीक्षा के मेधावी को खिलाई मिठाई

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** जेईई एडवांस में श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में गणित के प्रवक्ता मनोज कुमार के पुत्र प्रांजल गौतम ने 1100 रैंक लेकर सफलता हासिल की। इस पर आंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारीयों ने सोमवार को खुशी का इजहार किया।

टीचर्स कॉलोनी निवासी मनोज कुमार श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में गणित के प्रवक्ता हैं। उनके बेटे प्रांजल गौतम ने जेईई एडवांस में 1100 रैंक हासिल की है। इससे परिवार व कॉलोनी वासियों में खुशी का माहौल है। बताया कि प्रांजल गौतम शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। उसने पहले ही प्रयास में 1100 रैंक हासिल की है। आंबेडकर विकास मंच के महासचिव रामवीर सिंह के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने उनके घर जाकर प्रांजल गौतम को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रधानाचार्य छोटेलाल, हरपाल सिंह, विजय सिंह, डॉ. नरेश कुमार, जगदीश शरण, सत्येंद्र पाल एडवोकेट, उमेश चंद्र आदि रहे।

### महिला से मारपीट व छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** शराब के नशे में लोगों ने पति के साथ गांव में बैठी महिला से मारपीट और छेड़छाड़ की। पुलिस को बुलाने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत पांच आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव की है। दरअसल यहां की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि छह जून की सुबह वह पति और अन्य लोगों के साथ गांव में बैठी थी। उसी दौरान गांव के ही शिवकुमार, संजय, अर्जुन व अन्य लोगों ने नशे में उन पर हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए पति और उनके दोस्त के साथ गाली गलौज की। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप


एसडीएम चंद्रकांता के साथ वार्ता करते किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू शंकर ने किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** तहसील सभागार में सोमवार को उपजिलाधिकारी चंद्रकांता की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक हुई। इसमें विद्युत निगम से एक्सईन गजरौला, पशु चिकित्साधिकारी धनौरा, चकबंदी विभाग अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी सहित आला अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि इस समय किसानों को अधिक से अधिक बिजली की आवश्यकता है। बिजली आपूर्ति के अनुसार, किसानों को बिजली दी जाए। पशुओं का उचित प्रबंध कर किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाए। गन्ने का बकाया भुगतान दिया जाए। प्रथमा यूपी ग्रामीण बेंकों में जो अतिरिक्त शुल्क लगाकर ब्याज वसूला जा रहा है, उसे बंद कराया जाए। खतौनीयों में जो नाम, पिता का नाम व हिस्सेदारी गलत की गई, उसे लेखपाल से संसोधन कराया जाए। इस मौके पर सतपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, समरपाल सिंह, राजवीर सिंह, इंदरपाल सिंह, रीना रानी, प्रियंका भटनागर आदि मौजूद रहे।


सुहेलदेव के चित्र पर पुष्प चढ़ाते सुभासपा के पदाधिकारी।

### सुहेलदेव राजभर का विजय दिवस मनाया

**अमरोहा, अमृत विचार :** पार्टी कार्यालय में सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महाराजा सुहेलदेव राजभर के चित्र पर माल्यार्पण कर विजय दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि सुहेलदेव राजभर ने बाराबंकी में केंद्र बनाकर बहराइच, श्रावस्ती सहित अयोध्या के आसपास के लगभग 21 राजाओं से युद्ध किया और सभी को हराया। राजाओं ने संयुक्त रूप से श्रावस्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव राजभर के सामने सैयद सालार मसूद गाजी की विशाल सेना के सामने नेतृत्व का प्रस्ताव रखा। चितौड़ा मैदान घेरने की योजना बनी जहां सैयद सालार मसूद गाजी की सेना रुकी थीं। सुहेलदेव ने गायों को सेना के आगे से हटवाया और संग्राम हुआ। इस उपलक्ष में ही राष्ट्रीय महाराजा सुहेलदेव राजभर का विजय दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर आदेश अमरोही, जगत सिंह गुर्जर, मोहम्मद यूनुस प्रधान, नीरज अग्रवाल, बाबू राम पाल आदि मौजूद रहे।

विरोध — कलेक्ट्रेट में डीलरों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, नई प्रणाली को खत्म करने की मांग

# राशन वितरण प्रणाली की नई व्यवस्था का विरोध

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने से पहले मौजूद राशन डीलर व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में सोमवार को राशन वितरण प्रणाली में की गई नई व्यवस्था का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान करने की मांग की।

सोमवार को आदर्श कोटेदार एवं उपभोक्ता एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष योगेंद्र पाल के नेतृव में राशन डीलर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने राशन वितरण में की जा रही नई प्रणाली का विरोध किया। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नारेबाजी की। साथ ही इस प्रणाली को खत्म करने की मांग उठाई। कहा कि इससे राशन वितरण करने में सर्वर डाउन हो रहा है।

साथ ही एक ही दिन में करीब 50 या 60 कार्ड धारकों को ही राशन दिया जा रहा है। इससे लाभार्थी नाराज हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी सिस्टम को खत्म कर पुरानी व्यवस्था से ही राशन वितरण कराया जाए। ताकि राशन वितरण में आसानी हो सके। कोटेदार ने कहा कि अगर ऐसी ही व्यवस्था रही तो वह अपना त्यागपत्र सौंप देंगे। इस दौरान योगेंद्र पाल, शिवचरण, अमीचंद समेत आदि लोग मौजूद रहे।


रहरा में मिट्टी भरते ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक। ● अमृत विचार

# दढ़ियाल पुलिस चौकी के पास चल रहा खनन

संवाददाता, रहरा

**अमृत विचार :** रहरा और आदमपुर थाने की दढ़ियाल पुलिस चौकी के पास अवैध खनन चल रहा है। लेकिन उन्हें प्रशासन की कार्रवाई का खौफ नहीं है।

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि खनन करने वालों के हौंसले बुलंद है। वे दिन रात मशीन से खनन कर रहे हैं। रविवार रात दढ़ियाल पुलिस चौकी क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग हाईवे के पास खनन चल रहा था। इसमें लगभग 10 से 12 ट्रैक्टर ट्रालियां लगी हुई थीं।

इस संबंध में खनन अधिकारी हसनपुर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### गर्मी ने किया बेहाल

**अमरोहा, अमृत विचार :** जून के दूसरे सप्ताह में गर्मी से लोग बेहाल हैं। तेज धूप और उमस के बीच तपिश से घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। साथ गर्मी में लोग बीमार हो रहे हैं। इससे सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रहा है। चिकित्सक मरीजों को खान-पान का ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं।


प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### कार्य के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**संभल/असमोली अमृत विचार** : समोली क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र टांडा कोठी पर नये ब्रेकर इनकमिंग, ओसीबी तथा ट्रांसफार्मर के ब्रेकर का कार्य होगा। जिसके चलते 11 जून को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक प्रोषकों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता राममिलन यादव ने दी।

### ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत में दो किशोरों समेत चार घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार** :मेरठ–बदायूं स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से रौंद डाला। जिससे बाइक सवार दो किशोरों समेत चार लोग घायल हो गए। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जैंतोरा सागरपुर निवासी सोहनलाल (25 वर्ष), संतोष (21 वर्ष), महेश (13 वर्ष) और लोकेश (12 वर्ष) सोमवार को जुनावई थाना क्षेत्र के गांव बैरपुर महराजी में प्रतिभोज की दावत खाने गए थे। शाम करीब छह बजे चारों बाइक से लौट रहे थे। कस्बे में बदायूं रोड पर पानी की टंकी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को रौंद डाला। जिससे चारों घायल हो गए। सीएचसी में हालत गंभीर होने पर सोहनलाल और संतोष को उपचार के लिए अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कल

**संभल अमृत विचार** : रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल की बैठक बार कक्ष में हुई। जिसमें एल्डर्स कमेटी के निर्देशानुसार हुए चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम 12 जून को दोपहर 1 बजे पुरानी तहसील परिसर में करने पर सहमति व्यक्त की गई। यह जानकारी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश पाल सिंह एडवोकेट ने दी।

### दुकानदार लापता गुमशुदगी दर्ज

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर उत्मा निवासी अनिल बाजारों में चाट पकौड़ी का ठेला लगाकर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रहा था। एक सप्ताह पहले अनिल सौंधन में लगने वाले शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार में लगाने के लिए घर से ठेला लेकर गया था। लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आया। परिजन आसपास में अनिल की तलाश करते रहे। पता नहीं चलने पर परिजनों ने अनिल की रविवार की शाम पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटी, ग्रामीण की मौत

## अंतिम संस्कार के लिए जाते समय बबराला-राजघाट मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार** :गुन्नौर थाना क्षेत्र में बबराला-राजघाट मार्ग पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हुए। हादसा उस वक्त हुआ जबकि लोग एक ग्रामीण के शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली में अर्थी के साथ लकड़ी और उपले भी रखे थे। घायलों ने निजी डॉक्टरों से उपचार कराया।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर निवासी शोभाराम पुत्र बहोरी की बीमारी से मौत हो गई थी। सोमवार को शव को अंतिम संस्कार के लिए राजघाट गंगाघाट लाया जा रहा था। गांव के नेत्रपाल की ट्रैक्टर ट्राली में दाह संस्कार के लिए लकड़ी और उपले लेकर साथ ही अर्थी भी रख ली गई।



सड़क पर पलटने के बाद ट्रैक्टर ट्राली से बिखरा अंतिम संस्कार का सामान।

- **ट्राली पलटने के बाद छिटककर गिरे आधा दर्जन लोग घायल**

ट्रैक्टर ट्राली में परिजन व ग्रामीण भी बैठ गए।

सुबह करीब 11.30 बजे बबराला-राजघाट के बीच अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर पलट गई। लोग ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब गए। कुछ लोग छिटककर दूर जा गिरे। हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे अमरपाल (42 वर्ष) पुत्र आराम सिंह की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। वहीं नेत्रपाल, सत्तन गुप्ता व शेरू समेत आधा दर्जन लोग घायल हुए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अमरपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमरपाल और शोभाराम रिश्ते में भाई बताए गए। हादसे में घायल हुए लोगों ने निजी डॉक्टरों से उपचार कराया।

### कार की टक्कर से मां बेटा और बेटी घायल

**संभल/जुनावई, अमृत विचार** :जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर ईको कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां, बेटा और बेटी घायल हो गए। लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में ले लिया। जनपद बदायूं के जरीफनगर निवासी बृजेश पुत्र सोनपाल, मां गुड्डो देवी और बहन लाडो बाइक से संभल जिले के थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव शाहपुर तुमरिया रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही जुनावई थाना क्षेत्र में बदायूं मेरठ हाईवे पर गांव धनीपुर के पास पहुंचे पीछे से आई तेज रफ्तार ईको कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बृजेश, गुड्डो देवी और लाडो घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उपचार शुरू किया। पुलिस कार को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में कर थाने ले गई।

### आतिशबाजी के विवाद में मारपीट, दो लोग घायल

**संभल, अमृत विचार**: हयातनगर थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने की खुशी में आतिशबाजी करने को लेकर हुए विवाद में दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला नबाबखेल निवासी मनोज रविवार की देर शाम प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण करने के बाद खुशी में आतिशबाजी कर रहा था। छत पर सो रहे मनोज के पड़ोसी रुप बंसत के बच्चे आतिशबाजी की आवाज को सुनकर नींद से जाग गए। इसी बात को लेकर मनोज व उसके भाई विक्की और रूप बसंत के बीच विवाद हो गया। सोमवार की सुबह विक्की अपनी पत्नी के साथ गांव घुंघावली में स्थित चामुंडा मंदिर में पूजा करने जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में रुप बंसत ने विक्की को रोक लिया और रात को हुए विवाद को लेकर दोनों में लात घूसे चले। जिससे विक्की व रूप बसंत चोटिल हो गए।

# लाइब्रेरी बनकर तैयार, बच्चों को मिलेगा किताबों से ज्ञान

गौरव वर्मा, संभल

**अमृत विचार** :प्रदेश सरकार के निर्देश पर संभल ब्लॉक कार्यालय परिसर में 10 लाख की लागत से लाइब्रेरी बनकर तैयार हो चुकी है। इस आलीशान लाइब्रेरी में तमाम किताबें रखी जाएंगी, जो बच्चों को ज्ञान अर्जित कराने का काम करेंगे। अब लोकसभा चुनाव की आचार संहिता भी समाप्त हो गई है, ऐसे में लाइब्रेरी का सप्ताहभर में उद्घाटन होने की उम्मीद है।

सरकार ने पहले ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना कराने का निर्देश दिया तो विकास विभाग के अधिकारी इस कार्य में पूरी शिद्दत से जुटे थे। जिसके बाद फरमान मिला तो ब्लॉक मुख्यालयों पर भी लाइब्रेरी बनाने का काम शुरू किया गया। बात संभल विकास खंड कार्यालय परिसर की करें तो लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्र पंचायत की ओर से लाइब्रेरी का निर्माण शुरू कराया गया था। लाइब्रेरी का काम पूरा हो चुका है। लाइब्रेरी में



ब्लॉक कार्यालय परिसर में बनी लाइब्रेरी।

- **चुनाव आचार संहिता हटी, सप्ताहभर में उद्घाटन होने की उम्मीद**

किताबें रखने के लिए कई अलमारी हैं तो टेबिल की व्यवस्था की गई है। आलीशान लाइब्रेरी में बच्चों के लिए तमाम तरह की किताबें रखे जाने का काम बाकी है।

लाइब्रेरी में किताबें पढ़कर बच्चे ज्ञान हासिल करते हुए भविष्य को उज्जवल बनाने का काम करेंगे। जेई आरईएस अजहरुद्दीन ने बताया कि करीब 10 लाख रुपये से लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। बाहर की तरफ सिर्फ सफाई का काम शेष है। लाइब्रेरी में बच्चों के लिए विभिन्न किताबों की व्यवस्था रहेगी।



सीएचसी में नकदी निकाल लिये जाने के बाद परेशान खड़े दंपति। ● अमृत विचार

# दवा काउंटर पर जेब से निकाली नकदी

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार** :सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पर पत्नी और गर्भवती पुत्रवधू को दवा दिलवाने आए ग्रामीण की जेब से उचक्के ने तीन हजार रुपये निकाल लिए। घटना तब हुई जबकि ग्रामीण दवा लेने के लिए दवा काउंटर पर खड़ा था। काफी तलाश करने पर भी उचक्के का पता नहीं चल सका।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव करेला की मढैय़ा निवासी नौरंगी सिंह सोमवार को पत्नी कमला देवी और गर्भवती पुत्रवधू गुड्डो देवी को दवा दिलाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई पहुंचा। डॉक्टर द्वारा लिखे गए पर्चे को लेकर नौरंगी सिंह काउंटर से दवा लेने लगा। तभी उचक्के ने कुर्ते की जेब से तीन हजार रुपये पार कर दिए। जब नौरंगी सिंह ने जेब में हाथ डाला तो रुपये नहीं होने पर होश उड़ गए। आसपास भी उचक्के को तलाश किया लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली गई मगर नौरंगी सिंह ने जिस स्थान की घटना बताई, वह जगह सीसीटीवी की जद में नहीं है। आशंका जताई गई कि भीड़ का फायदा उठाकर उचक्का भाग गया।

### एक वारंट जारी होने पर व दूसरा गाली गलौज में गिरफ्तार

**धनारी, अमृत विचार**: धनारी थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा निवासी मुन्नालाल व थाना क्षेत्र के गांव रजावली निवासी पप्पू सोमवार को भिरावटी से गुरेठा जाने वाले रास्ते पर स्थित जूनियर हाईस्कूल के पास किसी बात को लेकर आपस में गाली गलौज कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाया। जिसमें पप्पू तो शांत हो गया, लेकिन मुन्नालाल गाली गलौज करता रहा। जिसके बाद पुलिस ने मुन्नालाल को हिरासत में ले लिया।

दूसरी ओर नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी वारंटी गुड्डु को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय के आदेश पर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुन्नालाल का शांतिभंग में चालान कर दिया और गुड्डु को न्यायालय में पेश किया।

# आपत्तिजनक स्थिति में मिले प्रेमी युगल का कराया निकाह

संवाददाता, संभल/सरायतरीन

- **मौका मिलने पर युवती फोन कर प्रेमी को अपने घर बुला लेती थी**
- **घंटों चली पंचायत में दोनों पक्षों को निकाह करने के लिए राजी किया**

**अमृत विचार**: हयातनगर थाना क्षेत्र में परिजनों ने बेटी को उसके प्रेमी जींस कारीगर के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। परिजन कारीगर को लेकर पुलिस चौकी आ गए। दोनों पक्षों की ओर से कुछ लोगों ने पंचायत बैठाई और फिर प्रेमिका व प्रेमी के निकाह की बात तय कर दी। दोनों के परिजन भी निकाह के लिए तैयार हो गये।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के एक मुहल्ला निवासी जींस कारीगर के दूसरे मुहल्ला निवासी युवती के घर आते जाते समय प्रेम संबंध बन गए। जब भी मौका मिलता युवती फोन कर अपने प्रेमी कारीगर को अपने घर बुला लेती थी। सोमवार को घर पर कोई नहीं था तो युवती ने फोन कर अपने प्रेमी कारीगर को घर बुला लिया। प्रेमी को युवती के घर जाते समय मुहल्ला के लोगों ने देख लिया। इस बात से अंजान प्रेमी कारीगर युवती के घर अंदर दाखिल हो गया। मुहल्ला के लोगों ने सूचना देकर युवती के परिजनों को बुला लिया। परिजनों ने कमरे के अंदर जाकर देखा तो प्रेमिका व प्रेमी दोनों आपत्तिजनक स्थिति में थे। परिजनों ने प्रेमी कारीगर को पकड़ लिया और पुलिस चौकी लेकर आ गए। सूचना मिलने पर कारीगर के परिजन भी पुलिस चौकी आ गए। इसके बाद घंटों चली पंचायत में आखिर लोगों ने दोनों पक्षों को प्रेमिका व प्रेमी का निकाह करने के लिए राजी कर लिया। जिसके बाद परिजन युवती व युवक को लेकर घर चले गए।

## सार-संक्षेप

### शिक्षण संस्थानों को टेबलेट वितरण शुरू,जल्द होंगे छात्रों के हाथों में

**संभल, अमृत विचार** : प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत मिले टेबलेट का वितरण जिले के शिक्षण संस्थानों को होने लगा है। जल्द ही छात्रों को भी टेबलेट मिलने की उम्मीद है। सरकार की ओर से संभल जिले के लिए 4371 टेबलेट प्राप्त कराए गए थे, जिन्हें नई तहसील भवन में सुरक्षित रखवाया गया था। सोमवार को एडीएम कार्यालय से शिक्षण संस्थानों को टेबलेट वितरण का काम शुरू हुआ। जिसमें मुन्ना सिंह फार्मेसी कॉलेज भैंसाड़ा को 50, राधा गोविंद पॉलीटेक्निक कॉलेज चंदौसी को 41, सेंट एंथोनी आईटीआई दुगावर असमोली को 26, बीएमबीएल जैन कॉलेज फार्मेसी नाधौस बहजोई को 67, गंगा श्योदान सिंह कॉलेज संभल को 15 टेबलेट वितरित किए गए। टेबलेट वितरण का कार्य मंगलवार को भी होगा। अब शिक्षण संस्थान कार्यक्रम आयोजित कराकर छात्रों को टैबलेट वितरित करने का काम करेंगे। बताते चलें कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत अब तक 22 हजार 860 स्मार्टफोन बांटे गए हैं तो 3210 टेबलेट पूर्व में वितरित किए गए थे। प्रदेश सरकार की इस योजना से छात्रों का भविष्य उज्ज्वल बना रहा है।

### एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार** : आल इंडिया उलामा व मशाइख बोर्ड ब्रांच चन्दौसी ने सोमवार को उप जिलाधिकारी नीतू रानी को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें बताया कि जनैटा शरीफ का एक व्यक्ति जो दरगाह के सज्जादा नशीन से पुरानी रंजिश रखता है और समाचार पत्रों के माध्यम से दरगाह जनैटा शरीफ की छवि को धूमिल कर रहा है। जिससे जनैटा शरीफ दरगाह आने वाले जायरीनों की भावनाओं को ठेंस पहुंच रही है। उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शिकायती पत्र देने वालों में शहर इमाम मौलाना नाजिम, शहर काजी मो. मरगूब, हाफिज मतीन, हाफिज फहीम, जमीर अहमद, मौलाना इफ्तिखार, हाफिज रागिब, कलीम अनवर आदि मस्जिदों के इमाम शामिल हैं।

### चिलचिलाती धूप ने झुलसाया , लू के थपेड़ों ने किया परेशान

**संभल, अमृत विचार** : भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। सोमवार को पारा 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। चिलचिलाती धूप से बदन झुलसे तो लू के थपेड़ों ने भी परेशान किया। दोपहर में तो ऐसा लगा कि जैसे आसमान से आग बरस रही हो। हर तरफ सन्नाटे का माहौल बना रहा। सोमवार को सुबह तेज धूप निकली तो लोगों को कामकाज में जुटने के दौरान परेशानी हुई। लू चलने की वजह से भी दोपहिया वाहन चालक परेशान हुए। शहर एवं देहात क्षेत्र में युवाओं ने स्वीमिंग पूल और नलकूपों पर नहा कर राहत पाने का प्रयास किया।

### 17 लोग बिजली चोरी करते मिले, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार** : शहरी क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने के लिए अधिकारियों की ओर से चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें करीब डेढ़ दर्जन लोग बिजली चोरी करते मिले। विभाग ने रिपोर्ट दर्ज करा दी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह की अगुवाई में सोमवार को सुबह बिजली विभाग की टीम ने चौधरी सराय बिजलीघर क्षेत्र में मनोकामना मार्ग, नखासा चौक, नखासा बाजार में चेकिंग अभियान चलाया। जिससे लोगों में खलबली का माहौल बन गया। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि 11 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। बिजली चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने विजिलेंस टीम को साथ लेकर शाम को मुहल्ला बेगम सराय और आसपास क्षेत्र में चेकिंग की। छह लोग बिजली चोरी करते मिले तो रिपोर्ट दर्ज करा दी गई।

### एसपी ने पुलिस बल के साथ बाजार में किया पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार** : नगर पंचायत नरौली में आगामी त्यौहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने सोमवार की शाम पुलिस फोर्स के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। यह पैदल मार्च देहात पुलिस चौकी से कुरैशियान तिराहा, काजी टोला चौराहा, सब्जी मंडी, मैन मार्केट, जामा मस्जिद तिराहा, पीपल मोहल्ला, धीमर वाली पुलिया, मकूपुरा, बेहटा साहू तिराहा के रास्ते शनि वाली बाजार पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला, चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्यागी, बिर्जेश कुमार तोमर, मौसम राम, अक्षय कुमार, सचिन कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# गेट खोलकर घर में घुसे चोर एक लाख का सामान ले उड़े

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- **पिता ,दो पुत्रों के साथ आगरा गया था मजदूरी करने**

**अमृत विचार**: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अलैहदादपुर चंपू में मकान में चोर रविवार की रात मेन गेट खोलकर अंदर घुस गए। चोर घर से नकदी सहित एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। जबकि गृहस्वामिनी अपनी पुत्री के साथ छत पर सोती रही। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

गांव अलैहदादपुर चंपू निवासी बिजेंद्र पुत्र नेकसे अपने पुत्र संजय व पुष्पेंद्र के साथ आगरा में मेहनत मजदूरी का कार्य करता है। तीनों पिता पुत्र रविवार को आगरा चले गए। रात को बिजेंद्र की पत्नी शशिबाला अपनी पुत्री भावना के साथ छत पर जाकर सो गई। जबकि महिला नीचे मेन गेट का ताला लगाना भूल गई। रात दो बजे महिला नीचे आई तो मेन गेट खुला था और दोनों कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। यह देख महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पुत्री भावना का रिश्ता तय हुआ था। चोर महिला के घर से 15 हजार रुपये की नकदी, पीतल के बर्तन, कीमती कपड़े व पुत्री को गोद भराई में मिला सामान चोरी कर ले गए।

घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी की। सोमवार को बिजेंद्र भी घर पहुंच गया। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

### सोत नदी में मिले जंगली पशु के अवशेष दबाए

**संभल, अमृत विचार**: हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगल में स्थित सोत नदी में जंगली पशु के अवशेष मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर अवशेषों को गड्ढा खोदकर जमीन में दबा दिया।

थाना क्षेत्र के गांव नवाडा निवासी ग्रामीण सोमवार की सुबह नौ बजे खेतों पर काम करने जा रहे थे। ग्रामीण जैसे ही सोत नदी के पास पहुंचे। देखा तो नदी में उगी घास-फूस में जंगली पशु के अवशेष पड़े हुए थे। सूचना मिलने पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर आनन फानन में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अवशेष मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जांच में पाया कि अवशेष जंगली पशु के हैं। जिसे किसी जंगली जानवर ने मारकर खा लिया होगा।

# प्लॉट में खड़ी बोलेरो धू-धू कर जली

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार**: हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में खाली प्लॉट में खड़ी भाजपा कार्यकर्ता की बोलेरो कार में अचानक आग लग गई। कार से आग की लपटें उठती देख हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों व मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग को बुझाया। आग से बोलेरो का बड़ा हिस्सा जल गया। भाजपा कार्यकर्ता ने बोलेरो में आग साजिश के तहत लगाने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला कोटला निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मौर्चा के हयातनगर मंडल अध्यक्ष अब्दुल हकीम की बोलेरो कार हर रोज की तरह सोमवार को मुहल्ला में हिना पैलेस के सामने स्थित खाली पड़े प्लॉट में खड़ी थी। अब्दुल हकीम का बेटा हिना पैलेस में आयोजित शादी समारोह में दावत खाने के बाद जैसे



भाजपा कार्यकर्ता की कार से उठती आग की लपटें। ● अमृत विचार

- **भाजपा कार्यकर्ता ने साजिश के तहत आग लगाने का लगाया आरोप**
- **मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बुझाई आग**

ही बाहर आया तो बोलेरो के अंदर से धुंआ निकल रहा था। बोलेरो में आग लगने की सूचना मिलने पर अब्दुल हकीम व मौके पर दर्जनों मुहल्ला के अन्य लोग इकट्ठा हो गए। फायर ब्रिगेड को सूचना देकर अब्दुल हकीम समरसेबिल चलाकर पाइप से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पानी डालकर बोलेरो की आग को बुझाया। अब्दुल हकीम ने बताया कि किसी ने साजिश के तहत बोलेरो में आग लगाई है। आग की वजह से हजारों रुपये का नुकसान हो गया है।

**स्वच्छ भारत मिशन** | सत्यापन कर डीपीआरओ को रिपोर्ट प्रेषित किए जाने के निर्देश

# ओडीएफ प्लस पर तीन एडीओ को कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार**: डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण समिति की बैठक में ओडीएफ प्लस गांव को लेकर चर्चा की। जिसमें प्रगति कम पाए जाने पर एडीओ रजपुरा, बनियाखेड़ा व गुन्नौर को कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं ओडीएफ प्लस गांव का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रेषित किए जाने के डीपीआरओ को निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने कहा कि जिन लाभार्थियों की प्रथम किस्त नहीं पहुंची उनका प्रथम किस्त का शीघ्र भुगतान किया जाए। ओडीएफ प्लस गांव में व्यक्तिगत शौचालय एवं ओडीएफ प्लस में ब्लॉक रजपुरा की प्रगति कम पाई जाने पर एडीओ पंचायत रजपुरा, बनियाखेड़ा व गुन्नौर एडीओ पंचायत को कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं डीपीआरओ



अधिकारियों के साथ ओडीएफ प्लस की समीक्षा करते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

- **जिन लाभार्थियों की प्रथम किस्त नहीं पहुंची उनका भुगतान करें**
- **योजना में प्रगति कम पाए जाने पर डीएम ने कसे पेंच**

को भी सीडीओ को कार्रवाई जारी करने के निर्देश दिए। ओडीएफ प्लस 2024 25 अवशेष ग्रामों की तैयार की गई कार्य योजना के अनुमोदन, ओडीएफ मॉडल स्टार रेटिंग, गंगा किनारे स्थित ग्रामों की भौतिक प्रगति, प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण संचालन व प्राप्त आए प्रगति का विवरण, बायोगैस संयंत्र की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण आरसीसी की क्रियाशीलता, अंत्येष्टि स्थल आदि को लेकर भी डीएम ने विस्तार से चर्चा की। कहा कि सत्यापन का कार्य विकासखंड अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाए। इस दौरान प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, डीआईओ बृजेश कुमार, एडीपीआरओ सीपी सिंह सहित आदि मौजूद रहे।

# किसानों को निर्यात योजनाओं के प्रति जागरूक करें अधिकारी

संवाददाता,बहजोई

## बैठक

- **कृषि निर्यात नीति 2019 को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा**

**अमृत विचार**:डीएम ने जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई कृषि निर्यात नीति 2019 को लेकर अधिकारियों से समीक्षा की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को निर्यात संबंधी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करने का काम करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कृषि विपणन निरीक्षक अवनीश कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 , नीति के उद्देश्य, कार्यान्वयन के लिए रणनीति, क्लस्टर के निकट स्थापित की जाने वाली नवीन प्रसंस्करण इकाइयों के लिए निर्यात आधारित प्रोत्साहन व्यवस्था, कृषि उत्पादों व प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात के लिये परिवहन अनुदान, मंडी शुल्क में छूट, क्लस्टर सुविधा इकाई के कार्य, निर्यात के लिए चिन्हित उत्पाद आदि पर चर्चा की गयी।

कृषि से संबंधित निर्यात संस्थानों से डीएम मनीष बंसल ने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को निर्यात से संबंधित योजनाओं के प्रति जागरूक करें। अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा योजना का प्रचार करें। प्रभारी सीडीओ ज्ञान सिंह, एसडीम संभल विनय कुमार मिश्रा, सीबीओ डा. दिनेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी प्रबोध मिश्रा ,जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह, डीआईओ बृजेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### दवा लेने जा रहे वृद्ध से मारपीट, किया घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार**: कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर गेट में घर से दवा लेने जा रहे वृद्ध को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर वृद्ध के परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी घर में बंद हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, पुलिस को आते देख आरोपी फरार हो गए। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है।

मोहल्ला लोधियान बाबू राम इंटर कॉलेज के पीछे निवासी सुरेश चंद्र वार्ष्णेय पुत्र स्व. चंद्रपाल वृद्ध है। वह सोमवार की शाम साढ़े सात बजे अपनी दवा लेने पैदल जा रहे थे। जब वृद्ध कुछ दूरी पर स्थित घटलेश्वर गेट पर पहुंचे तो एक युवक अपने घर के बाहर स्नान कर रहा था। वह वृद्ध को गाली-गलौज करने लगा और वृद्ध को पास बुलाकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी के परिजन भी घर से निकल आए और वृद्ध को जमकर पीटा। घटना की सूचना मिलने पर वृद्ध के परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी घर में बंद हो गया और अंदर से कुंडी लगा ली।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम UJAIFA से बदलकर UZAIFA REHMAN रख लिया है। उजेफ़ा रहमान पुत्र श्री अब्दुल रहमान निवासी कुण्डा वाली मस्जिद शाहबाद गेट रामपुर।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र पुष्पेन्द्र कुमार गलत संगत में पड़ गया है। वह आये दिन मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौच करता रहता है। उसके गलत आचरण के कारण मैं अपने पुत्र को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। उसके द्वारा किये गये दुष्कर्मों एवं लेन-देन का वह स्वंय उत्तरदायी होगा। महीपाल सिंह पुत्र श्री परवीन सिंह नि० ग्राम मिश्रीपुर, तह. व थाना-कांठ जि. मुरादाबाद, (उ.प्र.)

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम शाज़िया उर्फ शाहजहां बेगम था अब मैंने बदलकर शाज़िया पत्नी श्री सरदार वली निवासी ग्राम आरसल-पारसल मजरा हसन तह0 स्वार जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

## एक नजर

### तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष का निधन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन चन्दौसी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गौड़ का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। जिससे तहसील के अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। तहसील बार भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर आत्म शांति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्षता नेमपाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने की। संचालन बार सचिव राजेश कुमार ने किया। इस दौरान समस्त अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### गोवंशीय पशुओं को कराया गोशाला में संरक्षित

**मनोटा, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव ढकिया के पास स्थित कब्रिस्तान में पिछले दो दिनों से गोवंशीय पशु बंधे हुए थे। ग्रामीणों ने सोमवार को भूख प्यास से व्याकुल पशुओं को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कब्रिस्तान से दोनों पशुओं को खुलवाकर गोशाला में भिजवा दिया। थाना प्रभारी रेनू देवी ने बताया कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर गोवंशीय पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराया गया है।

### तार बदलते समय झुका पोल, हादसा टला

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय में सोमवार को पुराना केबिल हटाकर पोलों पर बिजली का नया केबल लगाया जा रहा था। मुहल्ला में स्थित चारा मंडी के पास केबल बदलते समय लोहे का बिजली का पोल एक ओर झुक गया। गनीमत रही कि हादसा होने से बाल-बाल बच गया। मुहल्ला वालों का कहना कि पहले पोल पर तीन लाइनें खींची हुई थी। अब पोल पर सात लाइन खींची जा रही हैं। जिससे बिजली की लाइन का वजन अधिक होने से पोल एक और को झुक गया।

# दवा लेने जा रही महिला बाइक से गिरी, मौत

## पति बाल-बाल बचा, ट्रक की साइड लगने से हादसा, बिना पुलिस कार्रवाई अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार:** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र में बिलारी-आसफपुर मार्ग पर कुढ़फतेहगढ़ और बरी चौराहे के बीच रविवार की शाम ट्रक की साइड लगने से पति संग बाइक से दवा लेने जा रही महिला की गिर कर मौत हो गई। जबकि पति बाल-बाल बचा। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के गांव डारनी निवासी किशनपाल अपनी पत्नी भागवती 52 वर्ष को बाइक से दवा दिलाने के लिए गांव कुढ़फतेहगढ़ जा रहा था। बिलारी-आसफपुर मार्ग पर बरी चौराहे से आगे निकला ही था।

उसी समय सामने से आ रहे ट्रक की साइड लग गई। साइड लगने से बाइक सड़क पर जा गिरी। जिससे बाइक पर पीछे बैठी महिला भागवती गिरकर घायल हो गई और पति बाल-बाल बच गया। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और घायल महिला को निजी वाहन से चन्दौसी के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद परिजन शव घर ले आए। सोमवार की सुबह बिना पुलिस कार्रवाई के ही परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### मार्ग संकरा होने से आए दिन होते हैं हादसे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बिलारी-आसफपुर मार्ग पर स्योंडारा से डारनी तक 10 किलोमीटर के मार्ग की चौड़ाई कम होने तथा सड़क के दोनों और गड्ढे होने से बार-बार हादसे होते रहे हैं। मार्ग की कम चौड़ाई होने से बढ़ रहे हादसे की खबर को अमृत विचार ने तीन जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। एक सप्ताह के अंदर ही रविवार को एक घटना और घटित हो गई। जिसमें दारनी निवासी महिला भागवती की जान चली गई।

### प्रधान ने लोनिवि को भेजी अमृत विचार की कटिंग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव डारनी के ग्राम प्रधान अनिरुद्ध कुमार ने तीन जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर की कटिंग लगा कर लोकनिर्माण विभाग को टैग कर मार्ग के चौडीकरण कराये जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर लोकनिर्माण विभाग ने संज्ञान लिया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में उक्त मार्ग को चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण की कार्ययोजना में सम्मिलित कर लिया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कन्हैया नगला निवासी संजीव पुत्र राजकुमार वेल्डिंग मिस्त्री है। वही सोमवार की दोपहर 12 बजे सामान खरीदकर बाइक से अपने घर लौट रहा था। जब बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई से कुछ आगे निकला तो सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में संजीव व दूसरी बाइक पर सवार जिनकेश पुत्र तोताराम निवासी गांव जगदीशपुरी थाना कुढ़फतेहगढ़ घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।

## मारपीट व धमकी देने पर चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड पर हादसे के बाद मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पीड़ित ने चार युवकों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 30 मई की बताई जा रही है।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव हमजापुर निवासी सरदार सिंह पुत्र बालकिशन कुछ वर्षों से मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के पास रहते हैं। वह 30 मई की शाम सात बजे अपने छोटे भाई अजय पाल सिंह की पत्नी श्रुति के साथ बाइक से पैतृक गांव से अपने घर लौट रहे थे। देवरखेड़ा मोड़ पर दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर अनिकेत चौधरी व अतुल चौधरी सवार थे। जिसमें पीछे बैठी महिला श्रुति घायल हो गई। हादसे के बाद दोनों भाइयों ने भागने का प्रयास किया, तो सरदार सिंह ने उन्हें रोकना चाहा। तब उन्होंने अपने साथी रवि मिश्रा के साथ धारदार हथियारों से जमकर मारपीट की थी।

## धारदार हथियार से हमला कर ट्रक चालक को किया घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के मक्का के खेत में धारदार हथियार से हमला कर ट्रक चालक को घायल कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज को सुनकर फसलों की रखवाली कर रहे आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आनन फानन में उपचार के लिए परिजन चालक को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर चालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मूसापुर के कई किसान रविवार की देर शाम छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए खेतों में खड़ी फसलों की रखवाली कर रहे थे। अचानक से गांव के ही हाजी रफीक के खेत में खड़ी मक्का फसल से चीखने चिल्लाने की आवाजें आने लगी। आवाज को सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा गांव का ही ट्रक चालक आबिद गले पर किसी धारदार हथियार के हमले से घायल अवस्था में मक्का की फसल में पड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन फानन में उपचार कराने के लिए आबिद को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार देकर डॉक्टर ने आबिद को हायर सेंटर रेफर कर दिया। आबिद के भाई जाबिर ने बताया कि आबिद जंगल की ओर कैसे पहुंचा और किसने हमला किया यह जानकारी नहीं हो पाई है। गले पर जख्म होने की वजह से आबिद बोल नहीं पा रहा है।

थाना प्रभारी राजीव मलिक ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़ रेलवे स्टेशन पहुंचे दो किशोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** घर से नाराज होकर दो किशोर रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। जीआरपी सिपाहियों ने दो किशोरों को थाने लेकर पहुंचे और जानकारी की। बताया कि उन्होंने पिता के डांटने पर घर छोड़ दिया। किशोरों से जानकारी कर परिजनों को सूचना दी। रविवार की रात डेढ़ बजे परिजन जीआरपी पहुंचे, तो जीआरपी ने बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव बेहटा गुसाई निवासी शकील अहमद ने अपने पुत्र मोहम्मद हसीन 13 वर्ष व निसार ने अपने पुत्र इमरान 12 वर्ष को गलती करने पर डांट दिया था। दोनों बालक पड़ोसी हैं। पिता की डांट से बालक इतने नाराज हुए की शाम को घर छोड़ दिया और किसी वाहन में सवार होकर चन्दौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए। रात 10.30 बजे जीआरपी के सिपाही मोहम्मद मारुफ व करन यादव रेलवे स्टेशन पर गश्त कर रहे थे। रेलवे स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया में सिपाहियों ने बच्चों को बैठा देखा। जब उनसे पूछताछ की, तो बच्चों ने ठीक से जवाब नहीं दिया। इसके बाद सिपाही बच्चों को थाने ले गए। वहां प्यार से बच्चों से पूछताछ की तो बच्चों ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें डांट दिया था। इसी कारण उन्होंने घर छोड़ दिया। रात का समय होने पर जीआरपी ने दोनों बच्चों को भोजन कराया और परिजनों को मोबाइल नंबर की जानकारी की। रात डेढ़ बजे परिजन जीआरपी थाने पहुंच गए और बच्चों को सकुशल देख राहत महसूस की। इसके बाद जीआरपी सिपाहियों ने बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



घर से भागे किशोरों को परिजनों के सुपुर्द करती जीआरपी। ● अमृत विचार

- किशोरों से जानकारी कर परिजनों को सूचना दी

# पूजा कर की मोदी के तीसरे कार्यकाल की सफलता की प्रार्थना

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सरायतरीन के बहजोई मार्ग स्थित श्री प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर में नारी उत्थान समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक करके पूजा कर नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की सफलता को प्रार्थना की।

इस दौरान प्रसाद बांटकर लोगों का मुंह मीठा कराया और आतिशबाजी चलाकर व पटाखे फोड़ कर नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में जश्न मनाया। साथ ही लड्डू बांटकर कार्यकर्ताओं व शहर की जनता को बधाई दी। डॉ. सीमा आर्या ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर न केवल भारत बल्कि विश्व में एक रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एनडीए के नेतृत्व में चुनाव लड़कर पूर्ण बहुमत हासिल कर एक मजबूत सरकार बनाई है जो पूरे 5 साल का कार्यकाल पूरा कर जनता की सेवा करने का काम करेगी। इस अवसर पर रेखा रानी मिश्रा, मिथलेश, प्रेमवती, कुलसुम, बबली आर्या, शालोनी आदि मौजूद रहीं।



मिठाई खिलाकर एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण की खुशी मनाती महिलाएं। ● अमृत विचार

- एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह कराया मीठा
- पटाखे फोड़ कर मनाया जश्न, दी जनता को बधाई

### नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर झूमे भाजपाई

**असमोली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर गांव हरसिंहपुर में भाजपाइयों ने खुशी मनाई। भाजपाइयों ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम एलईडी पर देखा। जिसके बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस दौरान बूथ अध्यक्ष सैयद हसन, अमर सिंह, तहसीन, अलीशान, भूरा, रिजवान आदि रहे।

## ओवरब्रिज निर्माण कहां से होगा शुरू, यह तय करने आएगी टीम

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** लंबे समय के बाद नगरवासियों को मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण होने का इंतजार समाप्त होता नजर आ रहा है। अब तक आ रही अटकलों के दूर होने के बाद ओवरब्रिज निर्माण की शुरुआत कहां से होगी। इसके लिए मंगलवार को निर्माण एजेंसी सेतु निगम की टीम मेटेरियल के साथ पहुंचेगी और तय करेगी कि ओवरब्रिज निर्माण कहां से शुरु होना है। हालांकि निर्माण मेटेरियल भी आना शुरु हो गया है।

बता दें कि मंडी समिति रेलवे क्रासिंग 36बी पर पिछले पंद्रह साल से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी। करीब एक वर्ष पहले माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रयास से शासन ने ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति भी दे दी और करीब नौ करोड़ की धनराशि दो किस्तों में संबन्धित खाते में जारी भी कर दी थी। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कुछ माह पहले शिलान्यास भी कर दिया था। लेकिन कुछ अटकलों के चलते निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पा रहा था। रेलवे बड़ौदा हाउस के अलावा वन विभाग और बिजली विभाग से एनओसी मिल गई है। जिससे अब ओवरब्रिज का निर्माण शुरु होना है। निर्माण के लिए जेसीबी आदि मशीनों के साथ अन्य मैटेरियल कई दिनों से आना आरंभ हो गया है।

- मंडी समिति रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण आरंभ होने की उम्मीद

> सेतु निगम की टीम संभवता मंगलवार को ओवरब्रिज निर्माण के लिए मैटेरियल लेकर पहुंचेगी। जिससे बड़े वाहनों का रुट डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया है।
>
> -अनुज मलिक, यातायात प्रभारी

## पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल/जुनावई, अमृत विचार:** बदायूं जिले के गांव अफजलपुर बिधौती निवासी अतर सिंह ने सोमवार को जुनावई थाने पहुंचकर भतीजी की दहेज हत्या का आरोप लगाकर उसके ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

कहा कि भतीजी साधना के ससुराल वाले थाना क्षेत्र के गांव नगला अजमेरी का मजरा हकीमपुर निवासी उसका पति कुंवरपाल दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत पांच जून को मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई थी। रविवार को पड़ोसी ने साधना की मौत होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर देखा तो साधना चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी थी। जांच पड़ताल करने गुन्नौर सीओ आलोक कुमार सिद्धू भी गांव पहुंचे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने साधना के पति कुवंरपाल, सास माया देवी, ससुर गिरवर सिंह व जेठ रोहन सिंह व जोगिंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

# बार और बेंच में सामन्जस्य बनाए रखने का भरोसा दिलाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** चन्दौसी बार एसोसिएशन चन्दौसी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को अपराह्न तीन बजे जिला न्यायालय परिसर स्थित बार सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें समारोह पूर्व नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने बार और बेंच में सामन्जस्य बनाए रखते हुए कार्य करने का भरोसा दिलाया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश कमलेश कच्छल व विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। जिला न्यायाधीश ने सभी अधिवक्ताओं से अपने दायित्व निभाते हुए वाद कारियों के हित को कार्य करने का आह्वान किया। बार और बेंच में सामंजस्य रखते हुए सभी पदाधिकारियों से कार्य करने की अपील की।

विशिष्ट अतिथि ने बार काउंसिल की ओर से जारी योजनाओं को बार हित में लगाने के साझि ही अधिवक्ताओं के सम्मान और कर्तव्यों की लड़ाई में साथ-साथ मिल कर कार्य करने की अपील की। चन्दौसी बार के लिए लाइब्रेरी दिए जाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तदोपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष मो. नजर कुरैशी और सचिव सचिन गोयल को जिला जज ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसी क्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, उपाध्यक्ष वरिष्ठ खण्ड दो पद गुलनवाज खां, पंकज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष कनिष्ठ खण्ड दो पद विक्रम सिंह चौहान व कुशल पाल सिंह चौहान, सह सचिव तीन पद कृष्ण कुमार लल्ला, ब्रजेश कुमार व पवन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रंजना शर्मा, सदस्य गर्वनिंग काउंसिल वरिष्ठ खण्ड नरेंद्र कुमार यादव, योगराज सिंह, अमित कुमार सिंह, मो. जमाल पाशा, नवीन कुमार, नवनीत सिंह एवं सदस्य गर्वनिंग काउंसिल कनिष्ठ खण्ड छह पद तौफीक अहदम, नवीनत कुमार, सुनील कुमार, साफिया कदीर, इक्तदार हुसैन पाशा, नौमान अली ने शपथ ली। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर एडीजे प्रथम अशोक कुमार यादव, परिवार न्यायाधीश वीर कनेडी लाल, अपर जनपद न्यायाधीश आरती फौजदार, एडीजे एससी एसटी एक्ट रागिनी सिंह, सिविल जज सीडि मनोज कुमार यादव, चेयरमैन एल्डर कमेटी रामप्रकाश शर्मा, निवर्तमान बार अध्यक्ष राजेश कुमार यादव, निर्वतमान सचिव नितिन सिंह विक्की समेत एल्डर कमेटी के सदस्य अनिल कुमार गुप्ता, शकील अहमद वारसी, सगीर सैफी, सुरेश कुमार अग्रवाल, कृष्णौतार शर्मा व चुनाव अधिकारी नवनीत सिंह यादव आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।



बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को शपथ दिलाते न्यायाधीश।



बार एसोसिएशन की पहली महिला कोषाध्यक्ष को प्रमाण पत्र सौंपते न्यायाधीश।

- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ
- चन्दौसी बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

## सार-संक्षेप



बच्ची को निशाना लगाने के बारे में बताते चौकी प्रभारी सुनील कुमार।

### समर कैंप में बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**संभल अमृत विचार :** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में चल रहे समर कैंप में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। जिसमें बच्चों को घुड़सवारी, तैराकी के अलावा निशानेबाजी सिखाई गई। मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज सुनील कुमार ने बच्चों को निशाना लगाने की जानकारी दी। ताइक्वांडो कोच यासर वकास खान ने ताइक्वांडो के बारे में बताया। इस दौरान मिशन इंटरनेशनल अकादमी के प्रधानाचार्य शाने रब, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद बिलाल आदि रहे। बताया गया कि समर कैंप एक जून से शुरू होकर पच्चीस जून तक चलेगा।



संभल के गुरुद्वारे में अरदास करते ग्रंथी। ● अमृत विचार

### गुरुद्वारा में मनाया गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व

**संभल, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में सिख धर्म के पांचवें गुरु गुरु अर्जुन देव का शहीदी पर्व श्रद्धा के साथ शोकमयी वातावरण में मनाया गया। गुरुद्वारा में सोमवार को सुबह सुखमनी साहिब के पाठ के बाद अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। अखंड पाठ साहिब की सेवा मास्टर गंगाविशन के परिवार की ओर से की गई। महान कीर्तन दरबार सजाया गया। शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव की शहादत का समर्पित कीर्तन, कथा विचार ज्ञानी गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह आदि ने किया। गुरु अर्जुन देव के जीवन पर प्रकाश डाला। आनंद साहिब के पाठ के बाद नगर में सुख शांति आपसी भाईचारे की अरदास हेड ग्रंथी ने कराई। दीवान समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर हुआ। शीतल पेय, कच्ची लस्सी, शरबत की सेवा कर लोगों को राहत दी गई। वीर खालसा सेवादल की ओर से कच्ची लस्सी की सबील घंटाघर पर लगाई गई। वहीं दर्शन एग्रीकल्चर पर भी जसपाल सिंह द्वारा शरबत व कच्ची लस्सी की सबील लगाई गई। सेवादारों में हरदीप सिंह, कुलवीर सिंह, धर्म सिंह, सतपाल सिंह, गुरजीत सिंह, दलजीत सिंह, अजीत सिंह, प्रकाशवीर, ओमप्रकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, हरज्ञान सिंह, सुरजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, जसमीत सिंह आदि रहे। वहीं सुखमनी महिला सोसाइटी ओर से एक महीने से चल रहे पाठों का भी भोग समापन किया गया।

### शांति पूर्ण माहौल में मनाएं बकरीद का त्योहार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में बकरीद को लेकर अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम समाज के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि त्योहार को शांति पूर्ण माहौल में मनाएं। जिस स्थान पर पहले से कुर्बानी होती आई है, उसी स्थान पर इस बार भी बकरीद पर कुर्बानी करें। नई परंपरा डालने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। त्योहार वाले दिन निश्चित स्थानों पर शांति पूर्ण माहौल में ईद की नमाज अदा करें। अराजक तत्वों की जानकारी पुलिस को दें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह, बदरे आलम, मोहम्मद नईम, अब्दुल खालिद, शाह आलम मंसूरी, रियाज अहमद, शहर काजी हाजी मरगूब, इफ्तार, मुख्तार हुसैन, अहमद नूर, हाफिज कारी अब्दुल आदि मौजूद रहे।

### छुट्टा गोवंशीय पशुओं से निजात दिलाने को ज्ञापन सौंपा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने समस्या के समाधान को लेकर तहसील गेट पर धरना प्रदर्शन कर एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में किसान छुट्टा गोवंशीय पशुओं से परेशान हैं। क्योंकि यह पशु किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा है तो किसान शीघ्र ही बर्बादी के कगार पर पहुंच जाएगा। सरकार किसानों की बर्बादी देख रही है। मगर छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने का कार्य नहीं किया जा रहा है। अगर शीघ्र ही तहसील क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को प्रशासन ने संरक्षित करके दूसरे स्थान पर नहीं पहुंचाया, तो समिति सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन लेने के बाद एसडीएम ने शीघ्र ही समस्या के समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान राहुल कश्यप, शैलभ शर्मा, शानू शर्मा आदि मौजूद रहे।



जम्मू कश्मीर में आतंकी हमले में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि देते व्यापारी।

### आतंकी हमले के मृतक श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि

**चन्दौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में सोमवार को जारई गेट चौराहा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर हुए आतंकी हमले की निंदा कर रोष व्यक्त किया। कैंडल जला कर श्रद्धांजलि दी। दो मिनट का मौन धारण कर मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। नगराध्यक्ष ने कहा इस तरह के हमले तभी रोके जा सकते हैं जब आतंकियों के खिलाफ कोई कठोर कदम उठाया जाए। देश की सेना को आतंकवादियों को मारने की खुली छूट दे देनी चाहिए। आतंकवादियों ने अपनी कायरता दिखाते हुए निहत्थे श्रद्धालुओं पर गोली चलाई। इसका जवाब केंद्र सरकार गोली चलाकर ही दे। किसी को भी बक्शा नहीं जाए। जो आतंकी हमले के मृतकों के परिवार में एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और मुआवजा दिया जाए। इस दौरान प्रदेश मंत्री शाहआलम मंसूरी, राजू चड्ढा, निशांत शर्मा, लवित वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, मुजीब, वसीम आदि मौजूद रहे।

### तीर्थ यात्रियों के हमलावरों को सबक सिखाए सरकार

**संभल, अमृत विचार :** जिला संघर्ष समिति की बैठक में वैष्णो देवी के मंदिर से दर्शन करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमले को लेकर रोष जताया गया। समिति के सदस्यों ने 10 लोगों की हत्या और 41 लोगों के घायल होने पर दुख व्यक्त किया। समिति के सदस्य मास्टर सफदर अल्वी के आवास पर हुई बैठक में डॉ.मुहम्मद नाजिम ने कहा कि आतंकियों के आकाओं को सजा मिलनी चाहिए। वह निहत्थे और मासूम लोगों को आये दिन निशाना बना रहे हैं। शांतिपूर्वक चुनाव होने से और जम्मू कश्मीर के अमन चैन को देखकर बौखलाए हुए हैं। प्रदेश में शांति और मन को बिगाड़ना चाहते हैं। चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि घटना बहुत निंदनीय है। आतंकियों की ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकी हमले में मरने वाले प्रत्येक श्रद्धालु के परिजनों को 20 लाख रुपये की सहायता और घायलों को भी उचित आर्थिक मदद दी जाए। बैठक में सफदर अल्वी, मोहसिन अली, कमांडर अली, मुरारी यादव, कैलाश सिंह, गजराज सिंह, यासीन अंसारी, भूरा अल्वी आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

ययोश्चित्तेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोमैत्री न जीवर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# नई सरकार की चुनौतियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी पारी की शुरुआत की है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद नई सरकार का पहला निर्णय किसान कल्याण के बारे में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोमवार को प्रधानमंत्री ने किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी की। इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा और उनमें लगभग 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। बेहतर होगा कि नई सरकार मध्यम वर्ग के लिए भी कुछ करे। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले दशक के लिए सुशासन, समग्र विकास और आम आदमी की जिंदगी में सुधार के लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन कुछ विरोधाभास ऐसे हैं कि सुशासन के लिए जरूरी आर्थिक नीतियां प्रभावित हो सकती हैं। सरकार को कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा।

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में। सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए, क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। साथ ही भारतीय उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि नई सरकार विकसित भारत के लिए सुधारों के अगले चरण की शुरुआत कर सकती है। आने वाले दिनों में तय की गई बुनियादी प्राथमिकताओं पर काम करने के नई सरकार को राज्यों के सहयोग की आवश्यकता होगी। इससे विकास संबंधी नतीजों में बेहतरी आएगी। कुल मिलाकर अगले पांच सालों में बेहतर नीतिगत नतीजे हासिल करने के लिए अहम है कि संसद को समुचित ढंग से काम करने दिया जाए। जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उन्हें 18 वीं लोकसभा में ज्यादा चर्चाओं की उम्मीद है। ऐसे में यह सरकार का दायित्व होगा कि वह विपक्ष के साथ सकारात्मक संबंध बनाए तथा बेहतर विधायी परिणाम हासिल करे।

# पर्यावरणीय संतुलन का द्योतक है भूमि पुनर्स्थापन


डॉ. शंकर सुवन सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रयागराज

भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं।

भूमि, पर्यावरण का एक महत्वपूर्ण घटक है। भूमि की उपयोगिता कृषि के साथ-साथ वन्य जीवों के आवास, जल संरक्षण और जलवायु विनियमन में भी होती है। पिछले कुछ दशकों में भूमि का अत्यधिक दोहन और गलत प्रबंधन ने इसे गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है। भूमि पुनर्स्थापन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हम पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक लाभों को पुनःस्थापित करने का प्रयास करते हैं।

भूमि क्षरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या है, जो वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। यह प्रक्रिया तब होती है जब भूमि की गुणवत्ता और उत्पादकता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित कारणों से घट जाती है। लगातार फसलों की खेती से मिट्टी की उर्वरता घटती है। जब एक ही प्रकार की फसल बार-बार उगाई जाती है तो मिट्टी के पोषक तत्वों का असंतुलन होता है जिसके कारण मिट्टी की गुणवत्ता में कमी आती है। इसके अतिरिक्त, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई भूमि क्षरण का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण है। वृक्षों की जड़ों की अनुपस्थिति में मिट्टी का अपरदन तेजी से होता है। पेड़, मिट्टी को स्थिर रखने में मदद करते हैं।

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है। वायु प्रदूषण से अम्ल वर्षा होती है, जो मिट्टी के पीएच स्तर को प्रभावित करती है और उसकी उर्वरता को नष्ट करती है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने प्राकृतिक भूमि को कंक्रीट जंगलों में बदल दिया है। इसके कारण भूमि की प्राकृतिक संरचना और जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। निर्माण कार्यों और औद्योगिक कचरे के निस्तारण से भूमि में प्रदूषण बढ़ता है जिससे उसकी उत्पादकता कम होती है। जलवायु

पेड़ के बिना, मिट्टी अधिक तेजी से बह जाती है जिसके कारण भूमि बंजर हो जाती है और उसकी उर्वरता समाप्त हो जाती है। जल और वायु प्रदूषण भी भूमि क्षरण में योगदान देते हैं। औद्योगिक अपशिष्ट और रासायनिक उर्वरकों के कारण जल में मौजूद प्रदूषक तत्व मिट्टी में प्रवेश कर जाते है जिससे मिट्टी की गुणवत्ता कम होती है।

परिवर्तन के कारण हो रहे बदलाव भूमि क्षरण का कारण बनते हैं। अत्यधिक वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से मिट्टी का क्षरण होता है। इसके अलावा, तापमान में वृद्धि से मिट्टी की नमी कम होती है जिससे भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है। भूमि क्षरण का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ता है। जब भूमि की उर्वरता घटती है तो फसलों की पैदावार कम होती है। इससे कृषि उत्पादन में गिरावट आती है, जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। भोजन की कमी से भुखमरी और कुपोषण की समस्या बढ़ती है। जल संसाधनों पर प्रभाव भूमि क्षरण जल संसाधनों को भी प्रभावित करता है। मिट्टी की जल धारण क्षमता कम होने से जल संचयन घटता है। इसके अलावा मिट्टी के क्षरण से जलाशयों और नदियों में गाद जमा होती है जिससे उनकी जल धारण क्षमता और गुणवत्ता में कमी आती है। इससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है। जैव विविधता पर प्रभाव भूमि क्षरण के कारण प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं जिससे जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वन्यजीवों के आवास नष्ट होने से कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच जाती हैं। इससे पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बिगड़ता है और पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होती हैं। सामाजिक और आर्थिक प्रभाव भूमि क्षरण का समाज और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। कृषि उत्पादन में गिरावट से किसानों की आय कम होती है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साधनों की कमी से प्रवास और शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है। इसके अलावा भूमि क्षरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सरकारों को भारी खर्च करना पड़ता है जिससे आर्थिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। भूमि क्षरण जलवायु परिवर्तन को भी प्रभावित करता है। जब मिट्टी की गुणवत्ता घटती है तो उसकी कार्बन को अवशोषित करने की क्षमता भी कम होती है। इसके परिणामस्वरूप वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है, जो ग्रीनहाउस गैसों के स्तर को बढ़ाकर जलवायु परिवर्तन को तेज करता है। भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं। जैसे सतत कृषि पद्धतियां अपनाकर भूमि क्षरण को कम किया जा सकता है। फसल चक्रण, जैविक खेती और कम जुताई जैसी तकनीकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा वनों का संरक्षण और नए वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भूमि क्षरण को रोकने में सहायक होता है। इससे न केवल मिट्टी का क्षरण कम होता है, बल्कि जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण भी होता है। मृदा संरक्षण तकनीकों और कंक्रीटिंग का उपयोग करके मिट्टी के क्षरण को कम किया जा सकता है। ये तकनीकें मिट्टी की संरचना को सुधारने और उसकी जल धारण क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

मृदा संरक्षण तकनीकें उन विधियों और प्रथाओं का समूह हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरता और स्थिरता को बनाए रखने के लिए उपयोग की जाती हैं। ये तकनीकें भूमि क्षरण को रोकने और कृषि उत्पादन में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां कुछ प्रमुख मृदा संरक्षण तकनीकें इस प्रकार हैं। फसल चक्रण-फसल चक्रण का मतलब है विभिन्न फसलों को एक निर्धारित क्रम में उगाना। इससे मिट्टी के पोषक तत्वों का संतुलन बना रहता है और कीटों और बीमारियों का प्रकोप कम होता है। कवर क्रॉपिंग (मिट्टी को ढकने वाली फसलें) - कवर क्रॉपिंग में खेत की खाली अवधि के दौरान मिट्टी को ढकने के लिए फसलें उगाई जाती हैं, जैसे कि तिपतिया घास या जई। इससे मिट्टी का कटाव कम होता है और उसकी उर्वरता बनी रहती है। कंटूर जुताई-कंटूर जुताई में ढलान वाली भूमि पर समानांतर रेखाओं में जुताई की जाती है। इससे पानी की धाराओं को नियंत्रित किया जा सकता है और मिट्टी का कटाव कम होता है। टेरेसिंग (सीढ़ीदार)- टेरेसिंग में पहाड़ी क्षेत्रों में सीढ़ीदार ढलानों का निर्माण किया जाता है। इससे पानी की गति धीमी होती है और मिट्टी का क्षरण कम होता है। स्ट्रिप क्रॉपिंग (पट्टियों के साथ फसलें लगाना)- स्ट्रिप क्रॉपिंग में एक के बाद एक पट्टियों में विभिन्न प्रकार की फसलें उगाई जाती हैं। इससे मिट्टी की सतह को सुरक्षित रखा जा सकता है और जल संरक्षण में मदद मिलती है। जैविक खाद का उपयोग- जैविक खाद का उपयोग मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता को बढ़ाता है। इससे मिट्टी की संरचना सुधरती है और उसके पोषक तत्व बनाए रहते हैं। निचली जुताई-निचली जुताई में मिट्टी की सतह को कम से कम उलटा-पलटा जाता है जिससे मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता बनी रहती है। मृदा संरक्षण तकनीकों का उपयोग करके हम न केवल मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रख सकते हैं, बल्कि भूमि की उत्पादकता को भी बढ़ा सकते हैं। इन तकनीकों को अपनाकर, किसानों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होते हैं और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा मिलता है।

जल संसाधन प्रबंधन जल संसाधनों का उचित प्रबंधन भूमि क्षरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई तकनीकों का उपयोग करके जल संसाधनों को संरक्षित किया जा सकता है। सामुदायिक सहभागिता भूमि क्षरण की समस्या से निपटने के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। स्थानीय समुदायों को जागरूक करना और उन्हें भूमि पुनर्स्थापन के प्रयासों में शामिल करना प्रभावी समाधान हो सकता है। भूमि पुनर्स्थापन एक सामूहिक जिम्मेदारी है जिसमें सरकार, गैर-सरकारी संगठन और नागरिक समाज की भागीदारी आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि हमारी भूमि की स्थिति हमारे पर्यावरण, हमारी अर्थव्यवस्था और हमारे समाज के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। सतत कृषि, मृदा संरक्षण, और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हम भूमि पुनर्स्थापन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रसंगवश

# किशोरों को बचाना होगा जहरीली हवाओं से


गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यावरण प्रदूषण 21 वीं शताब्दी की सबसे बड़ी समस्या है। दिनोंदिन बढ़ती जनसंख्या औद्योगीकरण, शहरीकरण और अनियोजित विकास इस समस्या में इजाफा कर रहे हैं। प्रदूषण के कारण भूमि, आकाश, जल, वायु सब प्रदूषित हो रहा है, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ के चलते किसी को इसकी चिंता नहीं कि आने वाली पीढ़ी और वर्तमान जनसंख्या इसके लिए कितनी भारी कीमत अदा कर रहे हैं।

प्रदूषित हवा और उसके प्रभाव को जानने के लिए वैज्ञानिक नित नए शोध में जुटे हुए हैं, लेकिन हाल में हुए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि प्रदूषित हवा का अपराध से भी गहरा ताल्लुक है। क्योंकि वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों की चिंताएं बढ़ जाती हैं। तनाव और हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि का असर उनके मस्तिष्क को प्रभावित करने लगता है। उनमें बेचैनी और कसमसाहट होती है तथा वे अनैतिक और आपराधिक व्यवहार करने लगते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार वायु प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह आपके अनैतिक व्यवहार के लिए जिम्मेदार भी है। 'एक्सपेरिमेंटल स्टडीज के अनुसार वायु प्रदूषण शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से हमारे अनैतिक व्यवहार से जुड़ा हुआ है।

न्यूयॉर्क के 'कोलंबिया बिजनेस स्कूल में हुए शोध में शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन स्थानों पर प्रदूषित हवा का स्तर ज्यादा है, वहां अपराध की दर भी अधिक है। शोध के लेखक डॉ. जैक्सन जी लू कहते हैं, वायु प्रदूषण न केवल लोगों की सेहत खराब करता है, बल्कि उनकी नैतिकता को भी दूषित कर सकता है। हमने पाया कि हवा में मौजूद जहरीले तत्व सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। वहीं 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा किए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लंदन में अपराध दर में वृद्धि हुई है। बड़े अपराध नहीं, बल्कि दुकानों में चोरी और जेबकतरी जैसे कम गंभीर अपराध ही ऐसे अपराध हैं, जिन पर वायु गुणवत्ता का अधिक प्रभाव पड़ता है। शोधकर्ताओं ने प्रदूषण के आंकड़ों का उपयोग करके अपराध पर वायु प्रदूषण के प्रभाव की गणना की और इसकी तुलना 2004-2005 के दौरान लंदन में दर्ज 1.8 मिलियन आपराधिक अपराधों से की। फिर उन्होंने उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने वाले लोगों में तनाव, हार्मोन कार्टिसोल में वृद्धि देखने के बाद वायु प्रदूषण और अपराध के बीच एक संबंध स्थापित किया। शोध इस बात की पुष्टि करता है कि किशोरों का आक्रामक व्यवहार और अपराध के बीच भी गहरा संबंध है।

प्रदूषित हवा में सांस लेने से किशोरों में बेचैनी बढ़ती है, जो उन्हें आपराधिक कृत्य के लिए उकसाती है। अब तक के साक्ष्य बताते हैं कि वायु प्रदूषण में बुरे व्यवहार को बढ़ाने की क्षमता अधिक है। बचपन में वायु प्रदूषण का सामना करने वाले बच्चों में किशोरावस्था में अवसाद, व्यग्रता और अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उस समय उत्पन्न हुई यह समस्याएं उनके समूचे जीवन को प्रभावित कर सकती हैं और उनके विकास की राह में बाधक बन सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि वायु प्रदूषण के उच्चतम स्तर की वजह से छोटे और विषैले कण विकसित हो रहे मस्तिष्क में प्रवेश कर जाते हैं जिससे मस्तिष्क में सूजन होती है। इससे भावना और फैसले लेने के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क के हिस्से को नुकसान पहुंचता है। यह रिसर्च स्वच्छ हवा के महत्व को बताने वाली एक चेतावनी है, जो यह दिखाती है कि शहरी क्षेत्रों में हरियाली की कितनी जरूरत है।

मार्च 2019 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि जहरीली, प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले किशोरों में मनोवैज्ञानिक घटनाओं का जोखिम अधिक होता है। जैसे कि आवाजें सुनना या घबराहट। लेड के बारे में कहा जाता है कि यह व्यवहार बदल डालता है। इससे सीखने और समझने में दिक्कत आती है। यह बच्चों के इंटेलीजेंट क्योंशेंट को कम कर देता था। इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों द्वारा अधिक टिकाऊ परिवहन, कुशल और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और उपयोग तथा अपशिष्ट प्रबंधन विकसित करके ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि हमारे देश के भविष्य और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की जा सके।

# देखना होगा गठबंधन का कितना दबाव काम करेगा


अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी।

रविवार शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग ने देश की सत्ता संभाल ली। प्रधानमंत्री के साथ ही 72 मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि अभी मंत्रियों के विभागों का बंटवारा होना बाकी है, किंतु टीम में पुराने साथियों को जगह मिलना बताता है कि सब नरेंद्र मोदी की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्हें अपनी टीम पर पूरा भरोसा और विश्वास है।

2024 के इस आम चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला और उसे सत्ता में लगातार बने रहने के लिए एनडीए की सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत होगी। अब तक ठसक से सत्ता चलाने वाले नरेंद्र मोदी को गठबंधन के घटक दलों की सुननी और माननी होगी। चुनाव से पूर्व ही नरेंद्र मोदी अपना एजेंडा बताते रहे हैं, किंतु इस बार उनके सामने कई और भी चुनौतियां होंगी। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के समय जम्मू में आंतकियों ने श्रद्धालुओं की बस हमला कर मोदी की नई सरकार के सामने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। सरकार पहले ही आंतकवाद से मजबूती से जूझ रही है। उसे आंतकवाद की जड़े खत्म करने के लिए इस कार्यकाल में काम करना होगा। पाक अधिकृत कश्मीर में बैठे आंतकियों के आकाओं के खात्मे के लिए भी उसे लगना होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले ही भाजपा ने यह साफ कर दिया था कि मोदी सरकार 3.0 में यूनिफॉर्म सिविल कोड कोर एजेंडे में शामिल होगा। उत्तराखंड में भाजपा सरकार पहले ही इसे लागू कर चुकी है। ऐसे में माना जा रहा था कि केंद्र की सत्ता में लौटने के बाद भाजपा प्राथमिकता के साथ इसे आगे बढ़ाएगी, लेकिन अब सहयोगी दल भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू भाजपा पर इस निर्णय को वापस लेने पर दबाव बना सकते हैं। भाजपा के एजेंडे में वन नेशन, वन इलेक्शन भी शामिल है। इस संबंध में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट भी सौंप दी हैं। 47 राजनीतिक दलों में से 32 दल तैयार हैं। एनडीए गठबंधन में इस बार जदयू और टीडीपी की भूमिका अहम है। ऐसे में वे भाजपा के इस एजेंडे पर भी रोड़ा बन सकते हैं।

तीसरे कार्यकाल में केंद्र सरकार की प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार भी शामिल है। नरेंद्र मोदी चुनावी कार्यक्रमों में यह कहते रहे हैं कि तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसलों के लिए 'मोदी की गारंटी' पूरी की जाएगी। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने भविष्य के लिए अपने विजन को रेखांकित किया था। भाजपा के 2024 के घोषणा पत्र में आयुष्मान भारत के कवरेज को 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर समुदाय को शामिल करने के लिए आगे बढ़ाने का भी वादा किया गया है। इस एजेंडे को लागू करने में गठबधंन को कोई आपत्ति नहीं होगी और यह सरलता से लागू हो जाएगा। इसके अलावा पाक अधिकृत कश्मीर भी नई सरकार के एजेंडे में शामिल है जिसको लेकर भाजपा के नेता और मंत्री पीओके पर कब्जे को लेकर बयान देते रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोदी सरकार पर देशभर में जातिगत जनगणना कराने को लेकर दबाव बना सकते हैं, क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों के अलावा दलित और मुस्लिम मतदाताओं का अच्छा खासा प्रभाव है। नीतीश अपने राज्य बिहार में इस जनगणना को करवा चुके हैं। वे लंबे समय से देश में इसे करवाने की डिमांड कर रहे हैं। हालांकि भाजपा इसके विरूद्ध है। नीतीश कुमार वर्षों से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की मांग कर रहे है। भाजपा में शामिल होने के पहले भी नीतीश ने केंद्र सरकार से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। उन्होंने इस मांग को लेकर बिहार में अभियान चलाने की बात भी कही थी। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग कर सकते हैं। ये दोनों नेता अब अपनी इन मांगों को लेकर मोदी सरकार पर दबाव रहेगा। वैसे मोदी ऐसे दबाव से निपटना बखूबी जानते हैं। महाराष्ट्र की शिवसेना को गठबंधन में लेकर ये दबाव कम किया जा सकता। चुनाव से पूर्व विपक्षी गठबंधन से जैसे नीतीश कुमार पलटी मारकर भाजपा के साथ आ गए, ऐसे ही विपक्ष में बैठे कई दल भाग सकतें हैं। बस इशारे की जरूरत है। मोदी पुराने राजनयिक हैं। कब किस हालात से कैसे जूझना है, वह जानते हैं। उम्मीद है कि वह अपनी सूझबूझ से सरकार को सरलता से पांच साल चलाते रहेंगे।

## सोशल फोरम

# क्षयकारी घटनाओं पर रखें दृष्टि


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु भी अवश्य होनी है। सृष्टि के साथ विनाश भी अवश्यंभावी है। प्रत्येक प्राणी के लिए यह धरती कुरुक्षेत्र है। उसका जीवन इस धरती की जलवायु, पर्यावरण, विप्लव और आपदाओं के साथ जुड़ा तो है ही, लेकिन आकाश और अंतरिक्ष से संबंधित अनापेक्षित घटनाओं से भी प्रभावित होता है।

इन सबको सकारात्मक मान भी लिया जाए तो भी प्राणी मात्र के विनाश के लिए हर युग में मनुष्य ने अनेकानेक उपक्रम स्वयं ही तैयार किए हैं। आज इक्कीसवीं सदी में तो एक चिंगारी ही काफी है। आठ सौ करोड़ की जनसंख्या को नष्ट-भ्रष्ट करने के लिए। पिछले कुछ सालों से हम इस बात के साक्षी होते जा रहे हैं कि कुछ मनोरोगी राष्ट्रीय प्रमुख या आतंकवादी संगठन इस धरती को विश्व युद्ध की कगार पर खड़ा करने में लगे हैं।

यह संभवतः किसी अदृश्य शक्ति या कहें कि ईश्वर की कृपा रही है कि अभी मानवता आशावादी दृष्टिकोण से आगे बढ़ रही है। कुछ बरस पहले विश्व कोरोना वायरस के प्रकोप से पीड़ित हुआ और याद ही नहीं है कि कितने अपने असमय ही छोड़कर चले गए। एक दिन पंचांग को देख रहा था तो आने वाले आषाढ़ कृष्ण के पन्ने पर नजर डाली। यह पक्ष विश्वघर्ष पड़ गया है। कुरुक्षेत्र के युद्ध के समय भी विश्वघर्ष पक्ष था और कोरोना काल में भी। बीच बीच में अनेक वर्ष इस तरह के आते रहते हैं।

यह एक खगोलीय घटना है। जब चन्द्रमा पूरे पक्ष में पृथ्वी से करीब से गतिमान हो जाता है तो पंद्रह दिन का पक्ष तेरह दिन का हो जाता है अर्थात् एक ही पक्ष में दो तिथियां क्षय हो जाती हैं। इसे विश्वघर्ष पक्ष कहा जाता है। मेरे विश्वास में यह पृथ्वीवासियों के लिए कष्टकारी ही होता है। जो मित्र खगोलीय घटनाएं और उनके ज्योतिषी प्रभाव के अध्ययन में रुचि रखते हैं, उनको आगामी एक वर्ष की विश्व की क्षयकारी घटनाओं पर दृष्टि रखने के लिए तत्पर रहना चाहिए। अनेक सकारात्मक प्रभाव भी पृथक-पृथक व्युत्पन्न होते हैं अन्य ग्रहों की स्थिति शुभ स्थिति के कारण।

-फेसबुक वॉल से

# मोदी को ताजः क्या है सितारों की आवाज


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध।

रविवार को सायंकाल 7.18 बजे से कुछ मिनटों में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। पृथ्वी पर नवग्रहों का पूरा नियंत्रण है और वे भविष्य को प्रभावित करते हैं। चुनाव परिणाम आने से काफी पहले 16 मई को मैंने "अमृत विचार" के पृष्ठों पर परिणामों को लेकर एक लेख लिखा था जिसमें मोदी की स्थिति में 'ह्रास' की संभावना बताई थी, जो सही निकली। अब शपथ ग्रहण काल को आधार बनाकर मैं यहां देख रहा हूं कि सरकार का भविष्य क्या है?

मीडिया का एक वर्ग मोदी की उक्त समय ली गई शपथ काल में वृश्चिक लग्न बता रहा है, जो सही नहीं है। उस दिन वृश्चिक लग्न तो सात बजकर पांच मिनट तक ही थी। शपथ धनु लग्न में हुई है जिसका पहला नवांश तत्समय चल रहा था। धनु का स्वामी वृहस्पति होता है और धनु का पहला नवांश मेष है जिसका स्वामी मंगल होता है। मोदी की जन्म लग्न वृश्चिक जरूर है, जहां मंगल के साथ चंद्रमा भी बैठा है। किसी समय का फलादेश करते समय तत्कालीन दशा और गोचर विशेष रूप से दृष्टव्य होता है। 24 अप्रैल, 2024 से मोदी की कुंडली में मंगल की महादशा में शनि की भुक्ति यानी अंतर्दशा चल रही है। अर्थात् आगामी घटनाचक्र में मंगल का रोल प्रबल होगा। शनि और गुरु भी अहम् रोल में हैं तथा राज्य संबंधी मामलों में सूर्य की स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे दशम भाव यानी राजकाज का कारक हैं।

मोदी के जन्मांग में तो सूर्य राज्य भाव के स्वामी भी हैं। संप्रति मंगल को शनि देख रहे हैं और शनि की दृष्टि हानि करती है। शनि और मंगल परस्पर शत्रु हैं और उनका संबंध होने पर स्थिति संकटमय होती है। चाहे युति हो या दृष्टि संबंध। राजा दशरथ द्वारा राजसभा में राम के राज्याभिषेक की घोषणा ऐसे ही शनि मंगल संबंधों के समय हुई, जब प्रबल 'राजभंग योग' था, सो परिणाम सब कोई जानता है। मंगल की महादशा में शनि का अंतर हो तो आचार्य मानसागर के अनुसार- उपर्युपरि जायन्ते दुःखान्यपि सहस्रशः।/ जनक्षयं कुजस्यार्की या प्राप्तोऽन्तर्दशा यदा।। अर्थात् मंगल की महादशा में शनि की अंतर्दशा हो तो एक के बाद एक हमेशा दुःख आते ही रहते हैं तथा जन का नाश हो जाता है।)

नवांश लग्नानुसार सूर्य दूसरे भाव में तथा मोदी के जन्म चक्रानुसार सातवें भाव में गोचर कर रहे हैं। दूसरा भाव मारक होता है तथा सातवां प्रणय/विवाह का। इस संदर्भ में प्रणय का मतलब घटक दलों से संबंध से है, जिसे सूर्य भस्म करेंगे। अलबत्ता वृष पर बैठे गुरु मोदी की जन्म लग्न को देख रहे हैं। उनकी दृष्टि शुभ होती है। गुरु ज्योतिष में ब्राह्मण मान्य हैं। प्रतीत होता है कि विप्र वर्ग और प्रबुद्ध वर्ग सहायक होकर मोदी को बल प्रदान करेगा। कुल मिलाकर मोदी का राजमार्ग दुर्गम और कंटकाकीर्ण है। मंगल दो घर के स्वामी होते हैं। दिसंबर से वे छठे भाव (शत्रु, रोग, ऋण) के स्वामी होकर महादशानाथ होंगे, तब कठिनाइयों में और इजाफा होगा। कार्यकाल पूरा होना बेहद कठिन है।

# भूख से बिलखते बच्चे


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

दूसरे विश्वयुद्ध के महाविनाश के बाद बच्चों के चहुंमुखी विकास और सुरक्षा के मकसद से 11 दिसंबर 1946 को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय न्यूयार्क में है। इसमें दुनियाभर के 193 देश शामिल हैं और हमारा देश भी इसका सदस्य है, किंतु इस पूंजीवादी दौर में सभी देश चाहें वो विकासशील देश हो या विकसित, चंद मुठ्ठीभर लोगों के पास बेशुमार दौलत इकट्ठी हो रही है।

इस कारण अमीर-गरीब की खाई चौड़ी होती जा रही है। ज्यादातर देशों में सामाजिक सुरक्षा ध्वस्त हो रही है और इसका दुष्प्रभाव सबसे ज्यादा बच्चों में देखने को मिल रहा है। यूनिसेफ की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में पांच वर्ष से कम उम्र के 37.2, करोड़ बच्चों में विटामिन की बेहद कमी है। 14.8 करोड़ की वृद्धि भुखमरी के कारण रुकी हुई है और 4.5 करोड़ तो भयंकर भुखमरी का शिकार हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद इन बच्चों को संतुलित और पोषणयुक्त भोजन नहीं मिल पा रहा। दुनियाभर में भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का अध्ययन करने और उसका निराकरण सुझाने के उद्देश्य से यूनिसेफ ने बाल भोजन दरिद्रता नाम का एक विभाग स्थापित किया है जिसमें इन 193 में से 137 अत्यंत गरीब देशों का चयन किया गया है। यहां दुनिया के करीब 90 प्रतिशत गरीब बच्चे रहते हैं। इन 137 देशों में 63 देशों में तो यूनिसेफ ने एक विशेष अध्ययन किया है, जहां बच्चे लगभग नियमित रूप से भोजन प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं।

इन 63 देशों में भारत का स्थान 40 वां है, जो एक दुखद पहलू है।

ऐसे में देश के विकास को समर्पित नए हुक्मरानों को यूनिसेफ की इस रिपोर्ट का बारीकी से अध्ययन करना चाहिए जिसके लिए इनकी समाजिक जिम्मेदारी और जबाबदेही है। सबसे दुःखद बात यह है कि भारत यूनिसेफ की जारी होने वाली रिपोर्ट्स पर कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जब भी पूछा गया तो जिम्मेदारों ने रिपोर्ट्स को झूठा करार दिया।

## एक नजर

### निजी रास्ते की भूमि पर कब्जे का प्रयास, शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** निजी रास्ते की भूमि पर गांव के दबंगों ने जबरन कब्जा करने का प्रयास शुरू कर दिया है। अवैध कब्जे का विरोध करने पर धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित महिला ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांवभूल निवासी छाया देवी पत्नी विजेंद्र सिंह ने तहरीर में बताया कि नौ वर्ष पूर्व गांव में उन्होंने रजिस्टर्ड बैनामे से भूमि खरीद कर मकान का निर्माण किया था। उस समय भूमि से 13 फुट का रास्ता अपने आने जाने के लिए छोड़ा था। आरोप है कि गांव के महेंद्र, राजेश व तेजपाल सिंह आदि ने उनके निजी रास्ते की भूमि पर अवैध कब्जा करने के लिए निर्माण सामग्री डाल दी है। उन्होंने विरोध किया तो मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### चक मार्ग को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी एक व्यक्ति ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर चक मार्ग को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी निर्पेंद्र कुमार ने आईजीआरएस के माध्यम से तहसीलदार को प्रेषित किए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पट्टी मौढा की गाटा संख्या 389 चक मार्ग आज तक कब्जा मुक्त नहीं हुआ है। बताया कि थाना समाधान दिवस में भी पूर्व में चक मार्ग को कब्जा मुक्त कराने की मांग की गई थी। लेकिन संबंधित अधिकारियों ने झूठी रिपोर्ट लगा दी। मगर चक रोड आज तक कब्जा मुक्त नहीं हो पाई। उन्होंने चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है।

### 10 दिन बाद भी नहीं किया समस्या का निस्तारण

**कांठ, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की इस कदर लापरवाही है कि 10 दिन बाद भी अत्यधिक विद्युत बिल आने की शिकायत का निस्तारण नहीं किया गया। मोहल्ला फकीर गंज निवासी सुरेंद्र प्रसाद शर्मा खाता संख्या 9451702942 ने लगभग 10 दिन पूर्व जेई अनिल कुमार को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया था कि 2 अप्रैल को उनका 2211 रुपये का बिल विभाग द्वारा भेजा गया। इसके बाद इसी माह 24 अप्रैल को 235 रुपये का बिल विभाग द्वारा भेजा गया, जो निर्धारित तिथि पर भुगतान कर दिया गया। 23 मई को उपभोक्ता का बिल 3613 रुपये आया। जिसका भी भुगतान निर्धारित तिथि पर कर दिया गया। उपभोक्ता ने गत माह के मुकाबले अत्याधिक बिल आने की शिकायत जेई अनिल कुमार से की थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यह पत्र कांठ एसडीओ को प्रेषित कर जांच कराई जाएगी। वही एसडीओ कांठ ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने बताया कि कुछ प्रार्थना पत्र उनके पास आए हैं, लेकिन वह देख नहीं पाए हैं। शीघ्र ही मामले का निस्तारण किया जाएगा।

### घर में घुसकर नगदी और आभूषण चोरी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में रात्रि में चोर एक ग्रामीण के घर में घुस गए और वहां से सोने चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। ग्राम गदीपुरा निवासी नसीम अहमद ने बताया कि रविवार की रात्रि दीवार फांदकर उसके घर में चोर घुस गए और घर में से सोने चांदी के आभूषण के साथ-साथ 35,560 रुपये निकाल लिए। इसी दौरान वह लोग जाग गए तब चोर वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी का कहना है कि शिकायती पत्र मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत समस्याओं को लेकर किसानों का प्रदर्शन

## भाकियू टिकैत ने उप जिलाधिकारी और अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, छजलैट


विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने सलेमपुर बिजली घर से संबंधित समस्याओं के संबंध में एसडीएम एवं अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की।

भारतीय कि सान यूनियन टिकैत ने एसडीएम एवं अधिशासी अभियंता विद्युत खंड द्वितीय मुरादाबाद को प्रेषित किए गए ज्ञापन में बताया कि सलेमपुर बिजली घर पर वर्तमान में 22 घंटे विद्युत आपूर्ति हो रही है जिसके अंतर्गत आ रहे बेगमपुर फीडर को मात्र 14 घंटे आपूर्ति मिलती है। बताया कि इस दौरान ब्रेकडाउन भी रहता है जिस कारण मुश्किल से 8 घंटे बिजली मिलती है। इस लाइन के अधिकांश तार लोहे के हैं जिसमें प्रतिदिन तार टूट कर गिरते हैं।

ज्ञापन में बताया कि जिन घरों पर मीटर नहीं हैं, वहां मीटर लगाकर उनके बिलों को भी दुरुस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से उपभोक्ताओं के यहां मीटर रीडर नहीं पहुंच रहे हैं जिस कारण उपभोक्ताओं को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश चौधरी ऋषिपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, हरदीप सिंह बिश्नोई, सियाराम सिंह बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी, पुष्पेंद्र सिंह, राम कला सिंह गुर्जर, महेंद्र सिंह, धर्मपाल सैनी, महेश ठाकुर, मोहम्मद साजिद, सुनील कुमार, सलीम अहमद, मनी चौधरी, उदयराज सिंह, बलराज सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, सुशांत कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


शर्बत का वितरण करते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी में सिख समाज ने किया शर्बत का वितरण

**कांठ, अमृत विचार :** सिख समाज द्वारा सोमवार को बाजार में खरीदारी करने आए ग्रामीणों व राहगीरों को गर्मी के प्रकोप से बचाने हेतु शर्बत का वितरण किया गया। क्षेत्र में भीषण गर्मी का प्रकोप पड़ रहा है। जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर में प्रत्येक सोमवार को विशाल साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण खरीदारी करने आते हैं। सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा के बाहर सोमवार के बाजार में खरीदारी करने आए ग्रामीणों व राहगीरों को शर्बत का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, लकी वीर, नवलजीत सिंह, यश गांधी, सोनू विश्नोई, सरदार रविंद्र पाल सिंह, प्रिंस, सरदार कमलजीत सिंह, हनी गांधी, हरपाल सिंह, लवली, लविश, एसपी, हरपाल सिंह, लकी, विक्की, मैहर, सोनू आदि उपस्थित रहे।


टीकाकरण की जानकारी करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### स्वास्थ्य विभाग ने 163 बच्चों का किया टीकाकरण

**कांठ, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऊमरी कलां में सोमवार को 15 स्थानों पर विशेष टीकाकरण अभियान चलाकर 163 वंचित बच्चों का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण शत प्रतिशत करने के निर्देश सभी चिकित्सा अधीक्षकों को दिए गए हैं। जिनको गंभीरता से लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, यूनिसेफ की बीएमसी रेखा पटेल, भगवान सिंह, प्रदीप कुमार, अंशु आदि सोमवार की सुबह ऊमरी कलां पहुंचे। वहां उन्होंने 15 स्थान पर सेशन लगवा कर टीकाकरण से वंचित सभी बच्चों का टीकाकरण करने का कार्य शुरू किया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 163 बच्चों का टीकाकरण किया। इस अवसर पर चिकित्साधीक्षक डॉ. राजीव सिंह आदि ने ने घर-घर जाकर टीकाकरण की मॉनिटरिंग की और स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक महीने विशेष टीकाकरण अभियान चलाकर वंचित गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर नगर पंचायत ऊमरी कलां के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### दंपति को पीटने के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव अबू सैदपुर में दंपति को पीटने के मामले में चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बिलारी के गांव अबू सैदपुर निवासी विजय शर्मा ने दी तहरीर में बताया कि 9 जून को शाम को गांव के ही हरबंस, राजवीर, उदय, रवि आदि उसकी पत्नी शिखा शर्मा के साथ गाली गलौज करके मारपीट कर रहे थे। जब वह पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी को किसी तरह आरोपियों से बचाया। आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की ली है।

### मारपीट करते तीन लोगों को पकड़ा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तराखंड से आकर ठाकुरद्वारा में मारपीट करने पर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर के काशीपुर चुंगी पर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मनदीप कुमार, सलमान, आशु निवासी श्यामनगर थाना कुंडा उत्तराखंड को हिरासत में ले लिया। तीनों आरोपी उत्तराखंड के ही प्रिंस नामक युवक से मारपीट कर रहे थे। उससे पुरानी उनकी पुरानी रंजिश है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। जहां से तीनों का चालान कर दिया।

### इमामबाड़ा की दीवार तोड़ी, विरोध पर महिला को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** इमामबाड़ा की भूमि पर कब्जा करने का विरोध किया तो आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली के ग्राम लालापुर पीपलसाना निवासी हसीना पत्नी अ. वहीद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव की राबिया पत्नी जुम्मा, सबीना पत्नी वकील, वकील पुत्र हबीब और जुम्मा पुत्र पीरबख्श ने 10 जून की दोपहर गांव में स्थित इमामबाड़ा की चारदीवारी को तोड़कर गिरा दिया। उसने गांव के लोगों के साथ मिलकर विरोध किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करने के साथ मारपीट की। इससे उसके काफी चोट आईं। आरोपितों ने इमामबाड़ा की भूमि पर जबरन कब्जा करने के साथ विरोध करने पर झूठा मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। उसकी तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# हाईवे पर भरा पानी, लोगों को परेशानी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


जटपुरा गांव के निकट सड़क किनारे भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

- नाले की सफाई न होने से सड़क पर भरा पानी, जिम्मेदार मौन

**अमृत विचार :** मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा रोड पर 32 किलोमीटर दूरी पर स्थित हाईवे किनारे बसे जटपुरा में आरएस इंटर कॉलेज के सामने गंदे नाले की सफाई न होने से रोड पर गहरे गड्ढों में गंदे नाले का पानी भर जाने से यात्रियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या से अनजान बने हैं। जिस कारण आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

डिलारी के भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर नाले की सफाई कराने व गहरे गड्ढों को ठीक कराए जाने की मांग की थी। सात महीने बीत जाने के बाद भी अधिकारियों ने इस ओर ध्यान देना तो दूर जांच करना भी मुनासिब नहीं समझा। जबकि आए दिन उक्त मार्ग पर तहसील मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों के अतिरिक्त उच्चाधिकारी आते-जाते रहते हैं। इस मार्ग पर कई बार रात में दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सड़क लगभग एक वर्ष से क्षतिग्रस्त हैं तथा गड्ढों में नाले का पानी भरने के बाद सड़क टूट गई है जिसमें आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं। वहीं सड़क के बराबर में नाला की पांच वर्ष से सफाई नहीं हुई है जिससे नाले का गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। बताते चलें कि राम सिंह चौहान ने बीते वर्ष नवंबर में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। जिस पर अधिकारियों ने शासन को गुमराह करते हुए मार्ग व नाले को ठीक करने की रिपोर्ट प्रेषित की थी। जिस पर शिकायतकर्ता द्वारा फिर से फोटो अपलोड कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने मार्ग को ठीक कराने व फर्जी रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पहले पत्नी के काटे कान, फिर दिया तीन तलाक, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, डिलारी

**दुस्साहस**

- दहेज की मांग के चलते मायके में रह रही थी महिला
- आरोपी ने ससुराल पहुंच कर दिया घटना को अंजाम


कटा हुआ कान दिखाती पीड़ित महिला अंजुम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत ढकिया में शराबी पति ने पत्नी को बेरहमी से मारा पीटा और चाकू से कान काट लिए। बाद में तीन तलाक देकर भाग गया।

नगर निवासी युवती अंजुम की शादी चार वर्ष पहले थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव बिलाकूदान निवासी नौशाद के साथ हुई थी। पीड़िता ने बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुरालजन खुश नहीं थे और आए दिन उससे मारपीट करते थे। काफी प्रताड़ित करने पर विवाहिता अपने मायके नगर पंचायत ढकिया में जाकर रहने लगी। घटना सोमवार की सुबह लगभग 10:00 बजे की है। नौशाद ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए पत्नी को बेरहमी से पीटा और चाकू से कान काट लिए। जिससे विवाहित लहूलुहान हो गई। चीख पुकार सुनकर मोहल्ले वाले घटनास्थल पर एकत्र हो गए। लोगों की मौजूदगी में पत्नी को तीन तलाक देकर आरोपी भाग गया।

पीड़िता ने अपने पिता के साथ थाना डिलारी पहुंचकर आरोपी पर कार्रवाई मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### पालिकाध्यक्ष ने घपलेबाजी करने पर भेजा नोटिस

**बिलारी, अमृत विचार:** वार्ड नंबर 6 में ठेकेदार रामनिवास शर्मा द्वारा बनाई जा रही लगभग 9 लाख रुपये की सड़क में ईंटों का घपला करने का मामला प्रकाश में आया। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी दी। जिसमें आरोप लगाया गया कि ठेकेदार रामनिवास शर्मा क्षेत्र के ग्राम बीरमपुर में अपनी निजी जमीन पर सरकारी ईंटों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूचना मिलते ही नगर पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव मौके पर पहुंचे तो देखा कि ठेकेदार की निजी जमीन पर सरकारी ईंटे पाई गई। नगर पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने बताया कि ठेकेदार रामनिवास शर्मा को वार्ड नंबर 6 में लगभग नौ लाख रुपये रुपये की सड़क बनाने का कार्य सौंपा गया था। सड़क में निकली पुरानी ईंटे ठेकेदार रामनिवास शर्मा द्वारा अपनी निजी जमीन पर बिना नगर पालिका को सूचना दिए भेजी गई जोकि नियम विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पिकअप चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, दो गंभीर घायल

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार पिकअप चालक ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें ई-रिक्शा सड़क पर पलट गई। ई-रिक्शा में बैठी महिला सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन दोनों घायलों को उत्तराखंड स्थित निजी चिकित्सालय ले गए। घटना के बाद चालक पिकअप सहित फरार हो गया।

जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा के गांव समदपुर निवासी संजीव कुमार पुत्र चंद्रपाल किसी काम से मलकपुर सेमली गए थे। वह ई रिक्शा में बैठकर सुरजन नगर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जनपद बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांवदुलीचंदपुरअफजलगढ़ के गांव दुलीचंदपुर निवासी तारावती पत्नी छोटे सिंह क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी तालमपुर में अपनी बहन के घर गई थी।

वह सोमवार को वापस ई रिक्शा से अपने घर जाने के लिए सूरज नगर लौट रही थी। इसी दौरान बलिया के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप चालक ने रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई रिक्शा सड़क पर पलट गई जिसमें संजीव कुमार व तारावती गंभीर रूप से घायल हो गए।

जबकि अन्य सवारियों को मामूली चोटे आयी। घटना के तुरंत बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों के परिजन उत्तराखंड स्थित काशीपुर निजी चिकित्सालय ले गए।

### सड़क पर बेहोशी की हालत में मिले साधु की मौत

**कांठ, अमृत विचार :** सड़क पर बेहोशी की हालत में मिले साधु की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कांठ के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा के पास लगभग 65 वर्षीय अज्ञात साधु सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़े मिले। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक वेदपाल ने मौके पर पहुंचकर साधु को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भिजवाया, वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इ सके बाद थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। जिस पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### महिला को घर से निकाला दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दहेज लोभी ससुराल वालों ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को बच्चों के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। वही पति ने महिला को तीन तलाक दे दिया। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी ससुराल वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

सुरजन नगर पुलिस चौकी के गांव निवासी रेशमा पुत्री शरीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 14 वर्ष पूर्व जनपद बिजनौर के गांव रायना वाला निवासी दिलशाद पुत्र इसरार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थी। ससुराल वाले एक लाख रुपये लाने का दवाब बनाने लगे। साथ ही रेशमा का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। इस मामले में कई बार पंचायत भी हुई। आरोप है कि 28 मई को दिलशाद, देवर मुस्तफा आदि ने महिला व बच्चों से मारपीट की। साथ ही उन्हे घर से बाहर निकाल दिया। वहीं पति ने तीन तलाक दे दिया।

**परेशानी** — नगर में सोमवार को लगने वाले बाजार से बनी जाम की समस्या, घंटों फंसे रहे वाहन

# मुरादाबाद-हरिद्वार मुख्य मार्ग पर लगा जाम

संवाददाता, कांठ



मुरादाबाद-हरिद्वार रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान मुरादाबाद- हरिद्वार मार्ग पर पूरे दिन जाम लगा रहा। जिससे नागरिकों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर में सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दौरान मुरादाबाद- हरिद्वार मार्ग पर पूरे दिन जाम लगा रहा। इसका कारण सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण और निजी वाहन को सड़क पर खड़ा करना व ओवरलोड वाहनों का चलना रहा। बाजार में आने वाले दुकानदारों, फड़ वालों और ठेले वालों ने सड़क के दोनों तरफ अपनी दुकान लगा ली। जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई। वहीं बड़े ओवरलोड वाहनों के इस दौरान चलने से क्षेत्र में वाहन फंसने लगे। जिससे सुबह 9:00 बजे से ही इस मार्ग पर जाम लग गया। इस क्षेत्र में थाना चौराहा, पुलिस चौकी तिराहा, गांधी आश्रम चौराहा, मुर्गा बाजार, करनपुर तिराहा सहित तीन किलोमीटर लंबी सड़क पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। जिससे इस क्षेत्र में वाहनों को रेंग रेंगकर चलना पड़ा। पांच मिनट का सफर आधे घंटे से 1 घंटे में तय करना पड़ा। क्षेत्रीय नागरिकों ने अतिक्रमण हटाने एवं जाम की समस्या का निस्तारण करने की मांग की है।

### ई-पॉस मशीनों में नेटवर्क की समस्या, सुधार की मांग

**कांठ, अमृत विचार:** ई-पॉस मशीनों के नेटवर्क धीरे चलने से राशन कार्ड धारकों एवं कोटेदारों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस माह ई पॉस मशीन पूरे प्रदेश में धीमी गति से चल रही हैं। जिससे कार्ड धारक एवं कोटेदारों में तीखी नोंकझोंक हो रहीं हैं। ऑल इंडिया शेयर प्राइस डीलर शॉप फाउंडेशन यूपी के प्रदेश सचिव बृजेश चौधरी ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर बताया कि सरकार ने ई केवाईसी करने का कार्य भी राशन डीलर को सौंप दिया है। जिसका राशन डीलरों ने विरोध जताया है। इसके बावजूद भी जबरदस्ती कोटेदारों से ही इस कार्य को कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। कोटेदारों ने कहा कि अगर आदेश में सुधार नहीं किया गया तो कोटेदार इसके विरोध में प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कोटेदारों की मशीन का नेटवर्क सुचारु करने की मांग की है।

# सर्वर डाउन होने से राशन डीलर परेशान

संवाददाता, बिलारी


आपूर्ति कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते राशन डीलर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** तहसील परिसर में स्थित आपूर्ति कार्यालय का राशन डीलरों ने घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। राशन डीलर काफी समय से सर्वर डाउन होने की वजह से परेशान थे। जिसके कारण लोगों को राशन का वितरण नहीं हो पा रहा था।

सोमवार को क्षेत्र के राशन डीलरों ने इकट्ठा होकर तहसील परिसर में स्थित आपूर्ति कार्यालय में प्रदर्शन किया। राशन डीलरों ने बताया कि पिछले काफी समय से सर्वर डाउन होने की वजह से राशन डीलर कार्ड धारकों को राशन वितरण नहीं कर पा रहे हैं। जिससे कार्ड धारक परेशान होकर राशन डीलरों से अभद्रता करते हैं। डीलर संघ के जिला अध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया कि जल्द ही अगर सर्वर की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सभी डीलर इस्तीफा दे देंगे। इसी बीच प्रदर्शन के दौरान पहुंचे डीलर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि जल्द ही एसडीएम को डीलर संघ की ओर से ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसमें समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की जाएगी। इस दौरान अरविंद सिंह, मोहम्मद अहसान, राजीव कुमार, अब्दुल हसन, रईस, राजेंद्र, राहुल, भूरे, नौशाद, सलीम, इकबाल, महमूद, सौरभ सिंह, सतपाल सिंह, अनिल चौधरी आदि सहित अनेकों डीलर मौजूद रहे।

## 23 केंद्रों पर यूपी कैटेट परीक्षा आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** कृषि विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) मंगलवार 11 जून को प्रदेश के 11 जिलों के 23 परीक्षा केंद्रों पर होगी। मंगलवार को प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं होगी। 12 जून को प्रथम पाली में सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक स्नातकोत्तर एवं पीएचडी और द्वितीय पाली में दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक एमबीए कृषि पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश परीक्षाएं आयोजित होंगी। दोनों दिन की परीक्षा में 11 जिलों के 17,272 छात्र शामिल होंगे। यह परीक्षा प्रदेश के कुल 11 जिलों में आयोजित की जा रहीं हैं। जिसमें मेरठ, कानपुर, अयोध्या, बांदा, वाराणसी, लखनऊ, आगरा, बरेली, आजमगढ़, झांसी व गोरखपुर शामिल हैं। यूपी कैटेट परीक्षा में इस बार एक नए कृषि विश्वविद्यालय का नाम जुड़ गया है।

# प्रदेश के सभी क्षेत्रों को मिलेगी इस माह चौबीस घंटे बिजली

### पावर कॉरपोरेशन को पत्र लिखा, योगी का निर्देश लागू करने को कहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे जून माह में प्रदेश के सभी क्षेत्रों को चौबीस घंटे बिजली मिलेगी। शासन ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को निर्देश जारी किया है। प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण की ओर से इस आशय का पत्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को भेजा गया है। पत्र में मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार भेजे गये पत्र में कहा गया है कि हर हाल में सभी लोगों को चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बिजली अधिकारी जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ताओं के फोन जरूर रिसीव करें। बिजली आपूर्ति बंद होने के दौरान जनप्रतिनिधियों व मीडिया प्रतिनिधियों को यथास्थिति से अवगत कराया जाय। पत्र में मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक का उल्लेख किया गया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के फोन के विभागीय अधिकारियों के न उठाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है।

### बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करें: नियामक आयोग

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सहायक बिजली कंपनियों को श्रेणीवार उपभोक्ताओं की नई बिजली दरों से संबंधित प्रस्ताव आयोग में पेश करने का निर्देश दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से बीते नवंबर में भेजे गये प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए आयोग ने कहा कि विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र पेश किया जाय। आयोग ने नोयडा पावर कंपनी के प्रस्ताव को भी स्वीकार कर लिया है। आयोग ने कहा कि श्रेणीवार बिजली दर का प्रस्ताव दाखिल होने पर उपभोक्ताओं के सामने सही स्थिति रखी जा सकेगी।

## सीओ विनय चौहान को बस्ती से हटाया गया

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये बस्ती के सीओ सिटी विनय चौहान को हटाकर उन्हें डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। सीओ विनय चौहान के निलम्बन की संस्तुति करते हुए आईजी रेन्ज बस्ती ने डीजीपी मुख्यालय को पत्र लिखा है। दूसरी तरफ सीओ की पत्नी ने अपना पक्ष रखने के लिए आईजी रेन्ज से समय मांगा है। उल्लेखनीय है कि सीओ विनय चौहान गत दिनों अपने सरकारी आवास में अपनी प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गये थे। इस मामले में सीओ की प्रेमिका ने सीओ विनय चौहान ,उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। इसी तरह तबादले के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक कुंवर प्रभात सिंह को रेलवे वाराणसी से हटाकर जनपद बस्ती और डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध श्यामजीत प्रमिला सिंह को पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी के पद पर भेजा गया है।

## उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी केन्द्र में मिला महत्वपूर्ण विभाग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जितिन प्रसाद को मिली वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी जैसे मंत्रालयों की जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नवगठित मंत्रिमंडल में विभाग बंटवारे में उप्र. के राज्य मंत्रियों को भी खासा महत्व दिया है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी को कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा उन्हें शिक्षा विभाग का राज्यमंत्री भी बनाया गया है। कीर्तिवर्धन सिंह को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के साथ विदेश मामलों का मंत्री बनाकर उनका कद ऊंचा किया गया है। जितिन प्रसाद को वाणिज्य एवं उद्योग के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी मिली है।

मोदी सरकार-तीन मंत्रिमंडल में उप्र. से दो कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह और हरदीप पुरी हैं। रालोद के जयंत चौधरी को महत्वपूर्ण विभाग देकर जाट मतदाताओं में उनकी पकड़ को और मजबूत करने का संदेश दिया गया है। मंत्रिपरिषद में दुबारा स्थान पाने वाले बीएल वर्मा उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण विभाग के राज्यमंत्री होंगे। पिछली बार उनके पास अपेक्षाकृत कम महत्व के माने जाने वाला उत्तर पूर्व विकास क्षेत्र और सहकारिता विभाग था। मोदी सरकार-दो में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री रहे एसपी सिंह बघेल को इस बार मत्स्य, पशुपालन व डेयरी और पंचायती राज विभाग में जिम्मेदारी मिली है। पंकज चौधरी पुनः वित्त राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पहली बार मंत्री बने कमलेश पासवान को ग्रामीण विकास विभाग का राज्यमंत्री बनाया गया है। वहीं, अपना दल (एस) की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक विभाग की मंत्री बनाई गई हैं। वह मोदी सरकार-दो में वह वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री थीं।

## नौकरानी ने चुराया था 75 लाख का सोने का बिस्किट

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में सर्राफा कारोबारी विपिन सिंह के घर से 75 लाख रुपये कीमत का सोने का बिस्किट (गोल्ड बुलियन) चोरी करने वाली नौकरानी मानसी विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से सोने का बिस्किट बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि कालीबाड़ी लालबंगला निवासी विपिन सिंह ने पुलिस को बताया था कि वह गोल्ड का काम करते हैं। चौक सर्राफा में उनकी दुकान है। उन्होंने सोने का 954 ग्राम का बिस्किट घर पर अलमारी में रखा था। नौकरानी मानसी विश्वकर्मा ने उसे बिस्किट अलमारी में रखते हुए देख लिया था। इसके बाद 2 जून को शाम को नौकरानी मानसी विश्वकर्मा निवासी चन्द्रनगर ने बिस्किट चुरा लिया था। उन्हें पता नहीं चला था।

## रायबरेली-अमेठी की जनता को धन्यवाद देने आज पहुंचेगा नेहरू-गांधी परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में जीत पर नेहरू-गांधी परिवार 11 जून को रायबरेली व अमेठी की जनता को धन्यवाद देने पहुंचेगा। इस दौरान आभार सभा का आयोजन होगा, जिसे पार्टी नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा संबोधित करेंगी। इसके साथ ही, सोमवार से प्रदेश भर में धन्यवाद यात्रा शुरू होगी, जिसमें पार्टी पदाधिकारी जनता को आभार प्रकट करेंगे।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि पार्टी की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राहुल व प्रियंका गांधी रायबरेली व अमेठी पहुंचेगे और आभार सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में रायबरेली की जनता ने राहुल गांधी व अमेठी की जनता ने पार्टी नेता किशोरी लाल शर्मा को भारी मतों से जीत दिलाई है। पार्टी नेताओं ने बताया कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में इंडी गठबंधन को मिले जनसमर्थन को देखते हुए प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में सोमवार से 15 जून तक विधानसभावार धन्यवाद यात्राओं का आयोजन होगा।

## विद्यालयों में शीघ्र बांटे जाएंगे 51667 टैबलेट

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में शीघ्र ही 51667 टैबलेट बांटे जाने की तैयारी है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने इस संबंध में खरीद की अनुमति दे दी है। मुख्य सचिव ने सोमवार को लोकभवन में सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में यह जानकारी साझा की। बैठक में प्राथमिक विद्यालयों के उपयोग के लिए 10,375 टैबलेट और 8778 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 17556 टैबलेट खरीदने पर मंजूरी दी गई।

## इंडिगो पर फूटा नेहा राठौर का गुस्सा बोलीं यात्रियों के सम्मान की फिक्र नहीं

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी में का बा गाने से चर्चा में आई लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का गुस्सा रविवार रात इंडिगो एयरलाइंस पर फूटा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नेहा ने विमान कंपनी की जमकर खिंचाई की। नेहा ने लिखा है कि इंडिगो एयरलाइंस को अपने यात्रियों के सम्मान की फिक्र नहीं है। लखनऊ एयरपोर्ट पर अचानक उड़ान रद्द कर यात्रियों का कई घंटे बर्बाद किया गया।

एक्स पर किए अपने पोस्ट में नेहा ने लिखा है कि रविवार को उन्हें लखनऊ से उड़ान संख्या 6-ई 546 से दिल्ली जाना था। देर शाम 8:20 बजे की फ्लाइट थी। बोर्डिंग के लिए यात्रियों को एक घंटे इंतजार करना पड़ा। बोर्डिंग के बाद अचानक उड़ान निरस्त होने की घोषणा कर दी गई। इंडिगो ने टिकट रिफंड का विकल्प दिया। टिकट रिफंड के बाद कहा गया कि 20 मिनट में सामान मिल जाएगा, लेकिन दो घंटे बाद दिया गया। नेहा ने पोस्ट में यह भी लिखा कि शाम 6 बजे एयरपोर्ट पहुंचने के बाद 11:20 बजे उनको वापस लौटना पड़ा। एयरलाइंस ने उनके और बाकी यात्रियों के पांच घंटे बर्बाद कर दिए। एयरलाइंस को अपने यात्रियों की फिक्र है न ही उनके समय की चिंता। समय रहते अपना रवैया ठीक कर लेना चाहिए।

## न्यायिक उदासीनता ऑनर किलिंग जैसे मामलों को जन्म देती है:हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सिद्धार्थनगर के न्यायिक मजिस्ट्रेट को एक वयस्क महिला को उसके चाचा के घर भेजने पर फटकार लगाते हुए कहा कि कोई भी वयस्क व्यक्ति अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ रहने और अपनी इच्छा के अनुसार विवाह करने के लिए स्वतंत्र है। यह अधिकार प्रत्येक वयस्क व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के अनुसार प्राप्त हैं।

कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक वयस्क को किसी दूसरे की हिरासत में नहीं भेजा जा सकता और उसे उसके साथ रहने के लिए मजबूर भी नहीं किया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी और अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के साथ ही सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षक और पुलिस स्टेशन बांसी के थाना प्रभारी को भी मामले में समान रूप से उत्तरदायी मानते हुए कहा कि महिला को उचित सुरक्षा न देकर पुलिस ने बड़ी गलती की है। ऐसी गलती ही ऑनर किलिंग जैसी घटनाओं को आमंत्रित करती है। दरअसल पीड़ित महिला ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज बयान में अपने चाचा और माता-पिता के घर जाने से इनकार किया था और उनसे अपनी जान को खतरा बताया था। इसके बावजूद न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिद्धार्थ नगर ने याची को उसके चाचा के घर भेज दिया। इस पर कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का कर्तव्य था कि वह महिला के चाचा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाकर महिला के जीवन को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त उपाय करते।

# धर्म दर्शन

## पौराणिक साहित्य में अयोध्या



विष्णु पुराण के अनुसार राजा कल्माषपाद या सौदास मित्रसह के बाद की दसवीं अर्थात् इक्ष्वाकु की 60 वीं पीढ़ी में दशरथ द्वितीय के पुत्र श्रीराम का अवतरण हुआ था। जहां तक दशरथ प्रथम का प्रश्न है, राजा कल्माषपाद के बाद 51 वीं पीढ़ी में अश्मक, 52 वीं मे मूलक या नारी कवच के बाद 52 वीं पीढ़ी में राजा दशरथ प्रथम हुए थे। महाभारत के सभापर्व के अनुसार अयोध्या के समकालीन नरेश धर्मपरायण नरेश महाबली दीर्घ यज्ञ को भीमसेन ने अपनी व्यवहार कुशलता से बिना युद्ध के ही वशवर्ती बना लिया था। वनपर्व के विभिन्न अध्यायों में रामकथा के प्रसंग में कई बार अयोध्या का उल्लेख हुआ है। उद्योगपर्व (115/18) में भी अयोध्या का नाम आया है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पौराणिक साहित्य एवं लोक अनुश्रुतियों में अयोध्याः सूर्यवंशी मानवेन्द्र मनु द्वारा बसाई, इक्ष्वाकुओं की गौरवशाली राजधानी रही अयोध्या के गौरवशाली अतीत से सभी परिचित हैं। यशस्वी चक्रवर्ती सम्राट सगर भी यहीं के थे। पुराणों में अयोध्या श्रीराम और सगर के नगर के रूप में प्रतिश्रुत है। यही नहीं यही पुराण अन्यत्र भारत की सात पवित्र पुरियों - "अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका। पुरी द्वारावती, ह्येता सप्तैते मोक्षदायिका।" (अर्थात् अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, काशी, कांची, उज्जयिनी तथा द्वारका) में प्रथम स्थान देता है। ब्रह्मांड पुराण अयोध्या के दूसरे नाम साकेत का भी उल्लेख करता है। राम नवमी के अवसर पर यहां आयोजित आनंदोत्सव या मेले में भक्तजन की भारी संख्या जुटती है। धर्मप्राण हिन्दुओं के लिए सात ऊपर लिखित मोक्षदायिका पुरियों की भांति, सभी मांगलिक कार्यों में प्रयुक्त पूजन जल में गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु एवं कावेरी नामक सात अति पवित्र नदियों के पावन जल की उपस्थिति की कल्पना की जाती है- "गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु ।।" संस्कृत भाषा से परिचित हर श्रोता का मन इस पावन मंत्र का मंगलोच्चार सुनते ही रोमांचित हो उठता है।

पुराणों के अनुसार सरयू नदी की उत्पत्ति श्रीहरि विष्णु के आनन्दाश्रुओं से हुई। शंखासुर ने हमारे चारों वेदों को चुराकर समुद्र में छिपा दिया था और स्वयं भी छिप गया। संपूर्ण संसार में अज्ञान का अंधकार व्याप्त हो गया। श्रीहरि विष्णु ने मत्स्यावतार लेकर शंखासुर का वध कर चारों वेदों को ब्रह्मा जी को सुरक्षित सौंपकर पुनः अपना वास्तविक स्वरूप धारण किया। वेदों की सुरक्षित वापसी से प्रसन्न भगवान विष्णु के नेत्रों से टपके आनंद के आंसुओं को ब्रह्माजी ने सुरक्षित रख लिया था। बाद में उनको सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विधाता ने कैलास के निकट स्थित मानसरोवर मे उड़ेल दिया। अश्वबिंदुओं के पड़ते ही मानसरोवर में आए उछाल से सरोवर का तटबंध टूट गया। उसी निकली जलधारा से टूट गया जिससे सरयू नदी की उत्पत्ति हुई।

## वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान

हमारे ऋषियों ने 'वेद' शब्द का संबोधन किसी पुस्तक विशेष के लिए नहीं किया है। वेद का अर्थ है दिव्य साक्षात्कार से उद्धत ज्ञान। इस आधार पर वेद कोई पुस्तक न होकर ज्ञान की एक विशिष्ट परिष्कृत धारा है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी विभूतियों का वर्णन करते हुए "वेदानां सामवेदोऽस्मि", 'वेदों में मैं सामवेद हूं 'कहकर सामवेद की गरिमा को प्रकट किया है। गीता के इस कथन से यह भाव निकलता है कि वेद की सामधारा या विधा को समझ लेने से मुझे अर्थात् परमात्म चेतना को भी समझा जा सकता है। प्रत्यक्ष रूप से यहां ज्ञान के साथ भावना के सहयोग का महत्व समझाया गया है। यह सत्य है कि ज्ञान दृष्टि से ईश्वर का साक्षात्कार किया जा सकता है,किंतु भावना के बिना ज्ञानदृष्टि भी अपूर्ण ही रहती है। भावना में उफान होता है। उसे भटकन से बचाकर दिशाबद्ध ज्ञान विवेक ही करता है। इसीलिए ज्ञान एवं भावना का युग्म ही ईश्वर साक्षात्कार का सुनिश्चित आधार बनता है। तुलसीदास जी ने भी श्रद्धा और विश्वास के बिना अपने ही अंतःकरण में स्थित ईश्वर को न देख पाने की बात कही है। ज्ञान की परिपक्वता से विश्वास उपजता है तथा भावना की परिपक्वता श्रद्धा है। यदि वेद ज्ञान है तो साम है गान। गान का सीधा-सीधा संबंध भाव संवेदना से है। अनुभूति की अभिव्यक्ति में शब्दों की सामर्थ्य बहुधा छोटी पड़ जाती है।

वेद अनुभूतिजन्य ज्ञान हैं। उन्हें व्यक्त करने में शब्दशक्ति अपर्याप्त हैं। ऋषियों ने अपने अनुभूति जन्य ज्ञान को शब्दों में व्यक्त करने का प्रयास किया,किंतु जब वे इससे संतुष्ट नहीं हुए तो उन्होंने ईमानदारी से 'नेति नेति' कहकर अपनी बात पूरी की। शब्दों द्वारा अभिव्यक्ति की तीन धाराएं कही गई हैं गद्य,पद्य एवं गान। ज्ञान की किसी भी धारा को इन्हीं माध्यमों से व्यक्त किया जाता रहा है। ज्ञान की सार्थकता, पूर्णता तभी है, जब वह पुनः अपने उद्गम तक जा पहुंचे। ईश्वर तक पहुंचाने के लिए उसे भावना का योग चाहिए। भाषा को भावपूर्ण बनाने के प्रयास में ही मंत्र बने। गद्य की अपेक्षा पद्य में भाव-संयोग एवं उभार की क्षमता अधिक पाई गई।

## वर्ग पहेली-97

**बाएं से दाएं**

1. 1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।
2. 1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।
7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।
10. 1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।
4. 1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था
5. रोला छंद का एक नाम।
6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।
8. 1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।
9. 1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।




### वर्ग पहेली -96 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | | 3 उ | | | 4 अ |
| | 5 सा | गू | दा | ना | | फ़ |
| | ज़ | | री | | | सो |
| | | 6 चो | क | | | स |
| | 7 खँ | खा | र | | | ज |
| | | | ण | | | न |
| 8 झाँ | झ | न | | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | | 5 | | | 7 | |
| | | 2 | | 1 | | | 9 | 8 |
| 4 | | 6 | | | 8 | | | 3 |
| | | | 5 | | | 4 | | 2 |
| | 8 | | | | | | 1 | |
| 9 | | 1 | | | 7 | | | |
| 2 | | | 1 | | | 3 | | 5 |
| 1 | 7 | | | 6 | | 8 | | |
| | 3 | | | 4 | | 7 | 2 | |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 |
| 1 | 7 | 8 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 17 .27 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज इस समय आपको किसी से ज्यादा अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए। सबके प्रति अच्छा व्यवहार रखें, वरना आपके अपने ही लोग आपके प्रति बैरभाव रख सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों के लिए समय उत्तम नहीं है। धन उधार देने से आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष:** आज व्यवसाय को लेकर आप यात्रा कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। थोक व्यापारियों के लिए दिन बहुत लाभकारी रहेगा। आपकी योजना पूरी तरह से सफल होगी। प्रेमीजन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन:** आज कुछ स्वजनों की बातें आपको निराश कर सकती हैं। दूरस्थ मित्रों के साथ बातें करके आपका मन शांत होगा। आप अपने लक्ष्य से कुछ विचलित हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनाना फिलहाल उचित नहीं है।

**कर्क:** आज यदि आप व्यापारी हैं तो आप अपने उत्पादों की उत्तम ब्रांडिंग कर सकते हैं। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका संपर्क मजबूत होगा। आप कर्मक्षेत्र में बेहतरीन सफलता प्राप्त करेंगे जिसके कारण आप लोगों की दृष्टि में काफी सम्मानित रहेंगे।

**सिंह:** आज व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें। परिजनों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। आपको ऐसा प्रतीत होगा की लोग आपकी अनदेखी कर रहे हैं। जॉब में सहकर्मियों का साथ मिलेगा,लेकिन किसी से अपनी गुप्त बातें शेयर न करें।

**कन्या:** आज उच्चाधिकारी आपका वेतन बढ़ा सकते हैं। विदेश में कारोबार के इच्छुक हैं तो उसके योग बन रहे हैं। समय आपके अनुकूल रहेगा। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। धार्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ने वाला है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आय के नए स्रोत बना सकते हैं। किसी नए कार्य की शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपके द्वारा कही हुई बात सही सिद्ध होगी।

**वृश्चिक:** आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। सहयोगियों के साथ मतभिन्नता देखने को मिलेगी। अधिकारियों से आप बहुत कुछ सीख सकते हैं। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक संबंधों में संवादहीनता हो सकती है।

**धनु:** आज व्यवसाय में आय सामान्य रहेगी, लेकिन आपके खर्चे अचानक से बढ़ सकते हैं। मन में अनावश्यक विचार आपको एकाग्र नहीं होने देंगे। शत्रुओं को लेकर आपको सावधान रहना चाहिए। किसी की गारंटी आपको नहीं लेनी चाहिए।

**मकर:** आज आप मनोरंजन और मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपकी विनम्रता से लोग काफी प्रभावित रहेंगे। सरकारी कार्यों में कुछ बाधा देखने को मिल सकती है, लेकिन आप समझदारी से परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**कुंभ:** आज लोगों की मदद करने से आप पीछे नहीं हटेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ हो सकता है। संतान की उन्नति से आप प्रभावित होंगे। महिलाओं के लिए समय काफी अच्छा है। प्रियजनों से भेंट हो सकती है। आप अपनी जीवनशैली में सुधार हेतु प्रयत्न करेंगे।

**मीन:** आज यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपके लिए दिन बहुत अच्छा है। संतान की उन्नति से आपको लाभ होगा। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छा लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 23 .39 तक तत्पश्चात मघा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- हैसियत — सुबह : 09 .00
- तकदीर का तमाशा — शाम : 06 .00

&pictures
- खट्टा मीठा — सुबह : 10 .54
- गुडबाय — रात : 08 .00

Sony Pix
- घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ — सुबह : 11 .15
- द लेजेंड ऑफ टार्जन — रात : 09 .00

Zee Cinema
- हम साथ साथ हैं — दोपहर : 12 .00
- नागभूमि — रात : 08 .00

Colors Cineplex
- नई पड़ोसन — सुबह : 08 .55
- हम तुम्हारे हैं सनम — रात : 08 .37

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक गंजे ने किसी नाई से बाल कटवाया। उसने बाल कटवाने के बाद नाई से पूछा-कितने पैसे हुए?
नाई- पचास रूपये।
आदमी बोला- क्यों? सबसे तो चालीस रूपये ही लेते हो, हमसे दस रूपये ज्यादा क्यों?
नाई ने कहा- दस रूपये बाल खोजने के हैं, बाकी काटने के।

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी- जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 955 फ्लैग 1065 डीएमओ 840 बोल्ड 1125, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 845।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से 105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सीतारमण का आर्थिक एजेंडा पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली।** नीतिगत निरंतरता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता के बीच निर्मला सीतारमण को एक बार फिर वित्त मंत्रालय की कमान सौंपी गई है। सीतारमण अगले महीने नई सरकार का पहला बजट पेश करते समय सरकार के आर्थिक एजेंडा को सामने रख सकती हैं। हालांकि, सीतारमण के लिए ऐसा कर पाना आसान नहीं होगा। उन्हें मुद्रास्फीति पर कोई असर डाले बगैर आर्थिक वृद्धि को तेज करने के उपायों पर विचार करना होगा।

### एनएसई ने निवेशकों को किया आगाह

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को निवेशकों को आगाह करते हुए कहा कि एक डीप फेक वीडियो में प्रबंध निदेशक आशीषकुमार चौहान को निवेश की सलाह देते हुए दिखाया गया है। एक्सचेंज ने कहा कि इस वीडियो को तकनीक का इस्तेमाल करके गलत तरीके से बनाया गया है।

# राजग सरकार को देश में बेरोजगारी की समस्या से होगा निपटना: राजीव कुमार

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा-असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर देना होगा ध्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों पर ध्यान देना होगा।



कुमार ने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार को अब चार श्रम संहिताओं को अंतिम रूप देना चाहिए क्योंकि इसमें अपेक्षा से अधिक देरी हो चुकी है। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा-हमें यह स्वीकार करना होगा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद आर्थिक सुधार के आकार का रहा है। मुझे लगता है कि मोदी सरकार को सबसे महत्वपूर्ण सुधार बेरोजगारी की समस्या से निपटना होगा, खासकर असंगठित और लघु एवं मध्यम उद्यमों में...। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत की कुल बेरोजगार आबादी में से 83 प्रतिशत बेरोजगार युवा थे। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा-देश की बड़ी कंपनियों ने अभी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### मोदी 3.0 बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता का संदेश : केशप



यूएसआईबीसी के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेना बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता का एक मजबूत संदेश देता है। मोदी ने रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार में 72 सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद का नेतृत्व किया। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष केशप ने रविवार को दिए साक्षात्कार में कहा-प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल बढ़ती भू-रणनीतिक अनिश्चितता के बीच भारत के मतदाताओं द्वारा राजनीतिक व आर्थिक स्थिरता और निरंतरता का एक मजबूत संदेश देता है।

## गंगा एक्सप्रेसवे के लिए यूपीडा ने किए करार

**लखनऊ।** मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे को अत्याधुनिक नवीनतम तकनीक से लैस करने के लिये उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक ईटीएच यानी स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ज्यूरिख तथा आरटीडीटी लेबोरेटरीज एजी (ईटीएच की स्पिन-ऑफ कंपनी) के बीच दो एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि पिछली आठ जून को प्रदेश सरकार एवं ईटीएच ज्यूरिख के बीच यह समझौता हुआ है। इन समझौतों के तहत किया जाने वाला काम मार्गों को बेहतर बनाने व अन्य सुविधाओं के आकलन में गेम चेंजर साबित होगा।

# पेटीएम ने पुनर्गठन के तहत की कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कंपनी ने कर्मचारियों की संख्या नहीं की उजागर

वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें आउटप्लेसमेंट (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है। हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई।

जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा-कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है। आरबीआई ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था।




## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 91,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,750 |
| चांदी आभूषण | 89,200। |

## भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग समाधान प्रदाता एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने सोमवार को कहा कि वह 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत भारतीय सेना को ड्रोन प्रणाली उपलब्ध कराएगी। कंपनी के अनुसार, मैन पोर्टेबल काउंटर ड्रोन सिस्टम को एक्सिसकेड्स द्वारा विकसित किया गया है। कहा गया कि एक्सिसकेड्स टेक्नोलॉजीज ने भारतीय सेना से मिले 100 करोड़ रुपये के ठेके के तहत उन्नत काउंटर-ड्रोन प्रणालियों की आपूर्ति शुरू कर दी है। कंपनी मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण कृष्णमूर्ति ने कहा है कि उसका लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरी आपूर्ति करने का है।

# किसानों को मालामाल करेंगी सोयाबीन की दो नई प्रजातियां

**मृगांक मौली, पंतनगर**

- पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की 15% तक अधिक उत्पादन देने वाली प्रजातियां

**अमृत विचार :** विभिन्न फसलों की उन्नतशील किस्में विकसित कर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने वाले जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक और कारनामा कर दिखाया है। वैज्ञानिकों ने अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित शोध परियोजना के मुख्य सोयाबीन प्रजनक डॉ. कामेंद्र सिंह के निर्देशन में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए सोयाबीन की दो नई प्रजातियां (पंत सोयाबीन-25 एवं पंत सोयाबीन-26) विकसित की हैं। इन दोनों प्रजातियों को केंद्रीय विमोचन समिति की ओर से विमोचित कर दिया गया है।

पंतनगर विवि के वैज्ञानिकों ने अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित की हैं, जो देश और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में किसानों द्वारा सफलतापूर्वक उगाई जा रही हैं। प्रजनक टीम में शामिल डॉ. पीएस शुक्ल, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह व डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि नई विकसित प्रजातियों की प्रमुख विशेषता है कि वह पूर्व में विकसित किस्मों से 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन क्षमता के साथ विषाणु रोग रोधी हैं। कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह और निदेशक शोध डॉ. एएस नैन ने वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रजातियां किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।



अखिल भारतीय सोयाबीन समन्वित परियोजना के अंतर्गत अब तक सोयाबीन की 24 प्रजातियां विकसित हो चुकी हैं। वर्तमान में पंत सोयाबीन-25 प्रजाति उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों तथा पंत सोयाबीन-26 मैदानी व भावर क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे किसान 10-15 प्रतिशत अधिक उत्पादन ले सकेंगे। **- डॉ. कामेंद्र सिंह,** मुख्य प्रजनक सोयाबीन-पंतनगर विवि

### सोयाबीन की नई प्रजातियों की यह है विशेषता




**पंत सोयाबीन-25 :** यह किस्म (पीएस-1042 × एमएसीएस-450) × (पीएस-1024 × पीएस-1241) के बहुसंकरण से वंशावली विधि द्वारा विकसित की गई है। यह किस्म भारत के उत्तर पर्वतीय क्षेत्र (हिमाचल व उत्तराखंड) के लिए उपयुक्त है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमशः लगभग 40-41 एवं 18-19 प्रतिशत होती है। यह किस्म 118-120 दिन में पक कर तैयार होती है तथा इसकी उत्पादन क्षमता 30-35 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।




**पंत सोयाबीन-26 :** यह किस्म (पीएस-1092 × पीएस-1042 × पीएस-1241) के संकरण से वंशावली विधि द्वारा उत्तरी मैदानी क्षेत्र (पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश (बुंदेलखंड को छोड़कर) और उत्तराखंड के तराई व भावर क्षेत्र) के लिए विकसित की गई है। इसमें प्रोटीन एवं तेल की मात्रा क्रमशः लगभग 40-41 एवं 17-18 प्रतिशत है।

## राष्ट्रीय

# नीट परीक्षा को समाप्त करने के लिए शीध्र उठाएं कदम

## उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. राजन ने तमिलनाडु सरकार से की सिफारिश

**चेन्नई, एजेंसी**

मद्रास उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश ए.के. राजन ने तमिलनाडु सरकार से कानूनी या विधायी प्रक्रियाओं के माध्यम से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को समाप्त करने के लिए शीघ्र कदम उठाने और प्रथम वर्ष के चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के अंकों को एकमात्र मानदंड बनाने को कहा। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश ने सरकार को विभिन्न शिक्षा बोर्डों के छात्रों के लिए अवसरों में समानता सुनिश्चित करने और अंकों के सामान्यीकरण का पालन करने की सिफारिश की।



द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के राज्य में सत्ता में आने के बाद 2021 में नीट आधारित प्रवेश प्रक्रिया के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए समिति का गठन किया गया था। आंकड़ों के व्यापक विश्लेषण और छात्रों, अभिभावकों एवं जनता से प्राप्त सुझावों के आधार पर समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और विभिन्न राज्य सरकारों के साथ साझा की गई है, जिससे नीट की गरीब विरोधी और समाजिक न्याय विरोधी प्रकृति को उजागर किया जा सके। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि द्रमुक ने सबसे पहले नीट के खतरों को भांप लिया था और इसके विरुद्ध बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। उन्होंने अपनी सरकार को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साझा की। समिति ने अपनी सिफारिशों में कहा-राज्य सरकार आवश्यक कानूनी और विधायी प्रक्रिया का पालन कर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता मानदंड के रूप में नीट को समाप्त करने के लिए तत्काल कदम उठा सकती है।

### नीट परीक्षा रद कर फिर से आयोजित कराने हेतु सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर चिकित्सा कॉलेजों में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 के परिणाम रद कर फिर से परीक्षा कराने और कथित तौर परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने संबंधी गड़बड़ी और धोखाधड़ी की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने गुहार की लगाई गई है। यह याचिका अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और शेख रोशन मोहिद्दीन ने संयुक्त रूप से दायर की है। याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में दावा किया है कि वे छात्रों की सहायता और हित के लिए काम करने वाले एक संगठन के सदस्य हैं।

### वामपंथी संघों के सदस्यों ने शिक्षा मंत्रालय के पास किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वामपंथी छात्र संघों के सदस्यों ने सोमवार को शिक्षा मंत्रालय के पास प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में हुई कथित अनियमितताओं की जांच की मांग की। एक बयान में यह जानकारी दी गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा था कि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा में 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को दिए गए अनुग्रह अंकों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय समीति का गठन किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब आरोप लगे हैं कि 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अंक बढ़ा-चढ़ाकर दिए गए हैं जिसके कारण 67 अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान मिला है।

## सीबीएसई ने फर्जी पाठ्यक्रम, नमूना प्रश्न पत्र को लेकर जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों के बारे में भ्रामक जानकारी के प्रति आगाह किया। बोर्ड ने विद्यार्थियों से असत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनने का आग्रह किया। परामर्श में कहा गया है, हमें पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और असत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अद्यतन जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को 30 पौधे लगाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले को निरस्त करते हुए न्यायालय दिया आदेश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 61 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज महिला की लज्जा भंग करने के मामले को रद्द करते हुए उसे 30 पेड़ लगाने का निर्देश दिया। आरोपी के महिला से समझौता करने के बाद अदालत ने यह आदेश दिया।

आरोपी द्वारा उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए दायर याचिका पर न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने सुनवाई की। अदालत ने कहा कि मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया है, इसलिए इस मामले को लंबित रखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। न्यायाधीश ने कहा, मामले को जारी रखना अदालत की प्रक्रिया के दुरुपयोग के अलावा कुछ नहीं होगा। अदालत ने पिछले महीने पारित एक आदेश में कहावसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी और इसके चलते होने वाली कार्यवाही रद कर दी जाती है। अदालत ने कहा-याचिकाकर्ता पर जुर्माना लगाने के बजाय उसे सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने के बाद स्थानीय इलाके में या वसंत कुंज, दक्षिण पुलिस थाना क्षेत्र में 30 पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है। पौधों की ऊंचाई लगभग तीन फुट तक हो।

## एक नजर

### आप के पार्टी कार्यालय को खाली करने की बढ़ गई समय सीमा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय को आवंटित किया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश दलीलों पर गौर समय सीमा बढ़ा दी।

### कार खाई में गिरी पुलिसकर्मी की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में एक कार सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गई जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि परयोटे गांव निवासी हेड कांस्टेबल राम राज (47) जम्मू बस स्टैंड पर तैनात थे और रविवार देर रात दुर्घटना के समय डोडा स्थित अपने घर जा रहे थे।

# आरोपी की मौत से जुड़ी याचिका से अभिनेता का नाम हटाया जाए: कोर्ट

**मुंबई, एजेंसी**

### सलमान खान के घर गोलीबारी का मामला

बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका में प्रतिवादी के रूप में उनका (अभिनेता का) नाम हटाने का आदेश दिया। आरोपी अनुज थापन एक मई को यहां अपराध शाखा पुलिस हवालात के शौचालय में मृत पाया गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता रीता देवी और थापन की मां को निर्देश दिया कि वे याचिका से खान का नाम हटा दें।

अदालत ने कहा-उसका नाम हटा दें। याचिकाकर्ता ने प्रतिवादी 4 (सलमान खान) का नाम हटाने के लिए याचिका में संशोधन करने की अनुमति मांगी है क्योंकि उसके खिलाफ कोई दलील नहीं है और उसके खिलाफ कोई राहत नहीं मांगी गई है। यहां बांद्रा इलाके में 14 अप्रैल को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। कथित तौर पर गोलीबारी करने वालों-विक्की गुप्ता और सागर पाल को बाद में गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया। थापन को खान के आवास पर गोलीबारी करने के लिए हमलावरों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में एक अन्य व्यक्ति के साथ 26 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का दावा है कि थापन ने खुद को मार डाला, जबकि रीता देवी ने तीन मई को उच्च न्यायालय में दायर अपनी याचिका में गड़बड़ी का आरोप लगाया और दावा किया कि उसकी हत्या की गई है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से उनके बेटे की मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया। याचिका में कहा गया है कि थापन को हिरासत में पुलिस ने शारीरिक रूप से हमला किया और प्रताड़ित किया। रीता देवी ने अपनी याचिका में खान को प्रतिवादी बनाया था।



# 1.30 करोड़ का सोना चुराने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे, एजेंसी**

### महाराष्ट्र के ठाणे का मामला, प्राथमिकी दर्ज

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने 1.30 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के सिलसिले में आभूषणों की दुकान के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ठाणे के नौपाड़ा की सहायक पुलिस आयुक्त प्रिया ढकने ने बताया कि पुलिस के एक दल ने 11 मई को नौपाड़ा इलाके में एक दुकान में हुई चोरी के सिलसिले में शुक्रवार को आरोपी विशाल सिंह कानसिंह राजपूत (29) को राजस्थान के माउंट आबू से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी दुकान में कर्मचारी के रूप में काम करता था और उसने कथित तौर पर 1.30 करोड़ रुपये के आभूषणों की चोरी कर ली। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 381 (चोरी) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विशाल की आपराधिक पृष्ठभूमि रही है और मुंबई में उसके नाम पर चोरी का एक मामला दर्ज है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने दुकान से अपना आधार कार्ड और पहचान से जुड़े अन्य दस्तावेज भी ले लिए थे।

# केरल में आर्थिक समस्याओं के चलते एक परिवार के 3 लोगों ने की आत्महत्या

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के नेय्याट्टिनकारा में कथित रूप से वित्तीय समस्याओं के चलते एक ही परिवार के 3 सदस्यों ने अपने आवास में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि नेय्याट्टिनकारा निवासी मणिलाल (52), उनकी पत्नी स्मिता (45) और उनके बेटे अभिलाल (22) को स्थानीय लोगों ने रविवार रात बेहोशी की हालत में पाया। परिवार ने अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को यह जानकारी दी थी कि वह अपनी जान देने जा रहे हैं। पुलिस ने कहा-परिवार ने अपने कुछ दोस्तों को अपने इस अतिवादी कदम के बारे में बताया था। सूचना मिलते ही स्थानीय पार्षद सहित रिश्तेदार घर पहुंचे, लेकिन उन्हें बेहोश पाया। परिवार के तीनों सदस्यों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## राहुल गांधी 12 को वायनाड की करेंगे यात्रा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 12 जून को केरल के वायनाड का दौरा कर सकते हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी जीत हासिल करने के कुछ दिन बाद उनकी यह पहली यात्रा होगी। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और भाकपा उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया। गांधी वायनाड का दौरा ऐसे समय कर रहे हैं, जब अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह यह सीट छोड़ देंगे और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक गढ़ रायबरेली का संसद में प्रतिनिधित्व करेंगे।

# आपने त्रुटियां क्यों नहीं कीं दूर, याचिका कर देंगे खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने जल संकट याचिका में खामियों को दूर न करने पर दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा जल संकट को दूर करने के लिए हिमाचल प्रदेश द्वारा दिये गये अतिरिक्त पानी को छोड़ने के लिए हरियाणा को निर्देश देने की मांग करने वाली दिल्ली सरकार की याचिका में त्रुटियां नहीं दूर करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आप सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि हमारे बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं और आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं, इसके चलते हम याचिका को खारिज कर देंगे।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दाखिल याचिका में त्रुटियों के कारण रजिस्ट्री में हलफनामा स्वीकार नहीं किया गया। पीठ ने कहा-आपने त्रुटियां क्यों नहीं दूर कीं? हम याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली तारीख पर भी त्रुटियां गिनाई गई थीं और आपने इन्हें दूर नहीं किया। आपका मामला चाहे जितना भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, अदालत की कार्यवाही के बारे में कोई पूर्व राय नहीं बनाएं। पीठ ने मामले की सुनवाई 12 जून के लिए स्थगित करते हुए कहा-हमें कभी हल्के में नहीं लीजिये। दस्तावेजीकरण स्वीकार नहीं किया जा रहा। आपने अदालत में सीधा दस्तावेजों का पुलिंदा रख दिया और कह रहे हैं कि आप पानी की कमी से जूझ रहे हैं तथा आपने खुद ही आज एक आदेश पारित कर दिया। आप सभी तरह की तात्कालिकता जता रहे हैं और खुद आराम से बैठे हैं।



### आप ने हरियाणा भाजपा पर नकारात्मक राजनीति करने, दिल्ली की जलापूर्ति रोकने का लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी ने सोमवार को एक बार फिर हरियाणा की भाजपा सरकार पर नकारात्मक राजनीति करने और यमुना नदी में पानी की आपूर्ति रोकने का आरोप लगाया। आप की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद हिमाचल प्रदेश द्वारा छोड़ा गया 137 क्यूसेक पानी अभी तक दिल्ली नहीं पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने न केवल हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिलने वाला पानी रोक दिया है, बल्कि दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से के 1,050 क्यूसेक पानी का भी 200 क्यूसेक हिस्सा कम कर दिया है।



# विश्वकप में जीत को जरूरी हैं बुमराह

## भारतीय कप्तान रोहित बोले- जसप्रीत जीनियस है, चाहता हूं इसी मानसिकता से आगे के मुकाबलों भी खेलें



**4** ओवर में 14 रन देकर पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने तीन विकेट चटकाकर भारत को दिलाई जीत

**119** रन पर सिमटी भारतीय टीम ने गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान को 6 रनों से दी थी शिकस्त, 20 ओवर में 113 रन ही बना सकी प्रतिद्वंद्वी टीम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को जीनियस करार देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि यह तेज गेंदबाज टी-20 विश्व कप में आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखे। बुमराह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने अपने कम स्कोर का बचाव करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 रन से हराया। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 119 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद कहा बुमराह के प्रदर्शन में लगातार निखार आ रहा है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। उसके बारे में बहुत अधिक बात नहीं करूंगा। हम चाहते हैं कि वह पूरे विश्व कप में इसी तरह की मानसिकता के साथ खेले। वह जीनियस है। हम सभी यह जानते हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि कम स्कोर बनाने के बावजूद उनको मैच जीतने का विश्वास था क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नहीं थी। हमारे पास जिस तरह का गेंदबाजी आक्रमण है उससे हम आश्वस्त थे। जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने आपस में कहा कि अगर हमारे साथ ऐसा हो सकता है तो उनके साथ भी हो सकता है। भारत का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 89 रन था लेकिन इसके बाद उसने 30 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमारी पारी के आधे भाग तक हम अच्छी स्थिति में थे। हम अच्छी साझेदारी निभाने में नाकाम रहे। हमने बात की की इस तरह की पिच पर प्रत्येक रन मायने रखता है। ईमानदारी से कहूं तो पिछले मैच की तुलना में यह अच्छा विकेट था।

### भारत की जीत में बुमराह को निभानी होगी बड़ी भूमिका : कुंबले



न्यूयॉर्क। दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का मानना है कि जसप्रीत बुमराह अपनी अनुकूलन क्षमता और अद्वितीय कौशल से परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा लेते हैं और अगर भारत को टी-20 विश्व कप जीतना है तो इस प्रमुख तेज गेंदबाज को अहम भूमिका निभानी होगी। बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) ने मैच विजयी प्रदर्शन करते हुए भारत को रविवार को यहां बहुप्रतीक्षित मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर छह रन से रोमांचक जीत दिलाई। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की असमान गति वाली पिच पर भारत के 119 रन के जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। बुमराह और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने अपनी धारदार गेंदबाजी से भारत को वापसी दिलाई। कुंबले ने कहा हमने 15वें ओवर में देखा कि उन्होंने विकेट (मोहम्मद रिजवान का) लिया और फिर 19वें ओवर में, जब आपको पता था कि अगर उन्होंने उस ओवर में कुछ बाउंड्री खाई होती तो आखिरी ओवर में 10 या 12 रन रह जाते। लेकिन एक बार जब यह 18 या 19 रन पर पहुंच जाता है तो इस तरह की सतह पर पुछल्ले बल्लेबाजों के लिए आकर रन बनाना असंभव हो जाता है। इसलिए अगर भारत यह टूर्नामेंट जीतता है तो जसप्रीत बुमराह को इसमें अहम भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा, जसप्रीत बुमराह आपकी टीम की सूची में नंबर एक खिलाड़ी होना चाहिए। प्रारूप को भूल जाइए, जसप्रीत बुमराह आपके नंबर एक खिलाड़ी हैं।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.455 | 0 |
| अमेरिका | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.626 | 0 |
| कनाडा | 2 | 1 | 1 | 0 | -0.274 | 0 |
| पाकिस्तान | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.150 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 2 | 0 | 4 | 1.875 | 0 |
| नामीबिया | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बंगलादेश | 2 | 2 | 0 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.539 | 0 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.777 | 0 |

## गलत फैसले लेने के कारण पाकिस्तान को मिली हार : गैरी

न्यूयॉर्क, एजेंसी



पाकिस्तान टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि गलत फैसले लेने के कारण भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद कर्स्टन ने कहा शायद हमने सही फैसले नहीं लिए। हमने खेल के महत्वपूर्ण चरणों में गलत फैसले लिए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप पर यह चीजे भारी पड़ती हैं। रिजवान ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया।

विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, इसके बावजूद हमने लक्ष्य को अच्छे मैनेज किया था लेकिन अंत में यह मैच हमारे हाथ से फिसल गया। यह हार निश्चित तौर पर निराशाजनक है। मुझे लगा था कि 120 का लक्ष्य विशेषकर भारत के सामने हासिल करना इतना आसान नहीं रहने वाला है। हम सामान्य तरह से खेलने की सोच रहे थे। पहले छह ओवरों को भुनाते हुए 40-45 रन बनाना चाहते थे लेकिन हम इसे अमली जामा नहीं पहना पाए और पहले 10 ओवर के बाद हमने इस तरह की गलती एक बार फिर दोहराई। पांच या छह रन प्रति ओवर बनाने हैं, स्ट्राइक रोटेट करना है और बाउंड्री हासिल करने के बाद अधिक उत्साहित नहीं होना है। हमारे पास इस टूर्नामेंट में वापसी करने के लिए अभी भी अवसर है। हम इस उम्मीद में हैं कि चीजे हमारे पक्ष में जाएंगी। इसके लिए हमें बेहतर क्रिकेट खेलनी होगी।

## पाकिस्तानी टीम में आमूलचूल बदलाव की जरूरत : नकवी

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है।

भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे। नकवी ने इसके साथ कहा कि अब उन खिलाड़ियों पर भी ध्यान देने की जरूरत है जो पिछले कुछ समय से टीम से बाहर हैं। हमने जिस तरह से अमेरिका और अब भारत के खिलाफ मैच गंवाए, वह बेहद निराशाजनक है। हमें अब उन खिलाड़ियों पर गौर करना होगा जो इस समय टीम में नहीं हैं। हर कोई पूछ रहा है कि टीम अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर रही है। अभी विश्व कप चल रहा है लेकिन निश्चित तौर पर हमें हर चीज पर गौर करने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच लाहौर में खेले भारत: पीसीबी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गए टूर्नामेंट के ड्राफ्ट कार्यक्रम में यह सुझाव दिया है। सूत्र ने कहा हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी ड्रॉफ्ट कार्यक्रम को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैंपियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। बीसीसीआई को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

## कनाडा के खिलाफ पाकिस्तान की निगाह उम्मीद जीवंत रखने पर

न्यूयॉर्क। अमेरिका से उलटफेर का शिकार होने के बाद भारत के हाथों हार से आहत पाकिस्तानी टीम मंगलवार को यहां टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के मैच में कनाडा के खिलाफ मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज करना चाहेगी क्योंकि उसके पास खेलने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है लेकिन गंवाने के लिए सब कुछ है। पाकिस्तान का अब सुपर आठ में क्वालीफाई करने का मौका कनाडा और आयरलैंड के खिलाफ बड़ी जीत पर निर्भर करेगा, लेकिन इसके लिए उसे उम्मीद करनी होगी कि अमेरिकी टीम भारत और आयरलैंड के खिलाफ मुकाबलों में बुरी तरह हार जाए। इस हालत में दोनों टीमों के चार चार अंक होंगे और फैसला बेहतर नेट रन रेट से होगा। पाकिस्तान की टीम इस तरह आंकड़े अपने पक्ष में रहने की बस दुआ ही कर सकती है। अमेरिका का नेट रन रेट दो जीत के बाद 0.626 है और आयरलैंड के खिलाफ जीत उसके लिए काफी होगी। वहीं पाकिस्तान का नेट रन रेट -0.150 है जो निराशाजनक है जिससे उसे जीत नहीं बल्कि बड़े अंतर से जीत की दरकार होगी।

## खेल डायरी

### एमसीए अध्यक्ष अमोल काले का न्यूयॉर्क में निधन



मुंबई। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। अक्टूबर 2022 में हुए चुनावों में 47 वर्षीय काले भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल को हराने के बाद एमसीए अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिसमें आगामी 2024-25 सत्र के लिए लाल गेंद के प्रारूप में अपने सभी खिलाड़ियों के लिए बीसीसीआई के बराबर मैच फीस भी शामिल है।

### प्रो लीग में शानदार टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में हमारा सफर शानदार रहा। नीदरलैंड 2-2 (शूटआउट में 4-2), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी जीत टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को दिखाती है। हमने पूरे टूर्नामेंट में शानदार जज्बे और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस टूर्नामेंट में खेलने के महत्व पर भी बात की। हमें अपने मजबूत पक्षों को समझने और किन क्षेत्रों में हमें सुधार करने की जरूरत है यह जानने में इस लीग की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे प्रणय

सिडनी। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। प्रणय ब्राजील के यगोर कोएलो के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पुरुष एकल में भाग लेने वाले अन्य भारतीयों में मिथुन मंजूनाथ इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से, किरण जार्ज कनाडा के शियाओडोंग शेंग से और एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम इंडोनेशिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से भिड़ेंगे।

### आखिरी दो लीग मैच के लिए टीम से जुड़ेंगे लामिछाने



किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)। नेपाल के स्टार क्रिकेटर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप के वेस्टइंडीज में होने वाले अंतिम दो लीग मैच के लिए राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे। नेपाल क्रिकेट संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका ने बलात्कार के आरोपी रहे लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया था जिस कारण वह नेपाल के अमेरिकी चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस 23 वर्षीय स्पिनर को पहले नेपाल की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। नेपाल क्रिकेट संघ ने कहा कि नेपाल के खिलाड़ी संदीप लामिछाने को वेस्टइंडीज में खेले जा रहे टी-20 विश्व कप के लिए नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में शामिल किया है।

## गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, एजेंसी



एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला।

5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।

महिलाओं की 5000 मीटर की एलीट दौड़ में 2023 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंकिता ध्यानी ने 15:35.06 समय में दौड़ पूरी कर 15वां स्थान हासिल किया। नीदरलैंड की ओलंपिक चैंपियन सिफान हसन ने 14:43.85 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और अमेरिका की धावक एलिस क्रैनी (14:46.49) समय के साथ दूसरे और कैरिसा श्वेजर को (14:48.60) तीसरा स्थान मिला।

## द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को 4 रन से हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी



**स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका :** 113/6, 20 ओवर
डिकॉक 18, क्लासेन 46, मिलर 29। **विकेट :** तंजीम 3, तकसीन 2।

**बांग्लादेश :** 109/7, 20 ओवर
नजमुल 14, हृदय 37, महमूदउल्लाह 20। **विकेट :** केशव 3, रबादा 2।

हेनरिक क्लासेन की जुझारू पारी के बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को चार रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली।

दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तौहीद हृदय (37 रन, 34 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और महमूदुल्लाह (20 रन, 27 गेंद) के बीच पांचवें विकेट की 44 रन की साझेदारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सका। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से महाराज ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एनरिच नोर्किया ने 17 और कागिसो रबादा ने 19 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। मार्को यानसेन ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले क्लासेन (46 रन, 44 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) की जुझारू पारी के अलावा डेविड मिलर (29 रन, 38 गेंद, एक छक्का, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 113 रन बनाने में सफल रहा। ये दोनों उस समय क्रीज पर साथ आए जब टीम 23 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने तीन जबकि तास्किन अहमद ने दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने दूसरे ओवर में ही तंजीद हसन (09) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कागिसो रबादा की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच थमाया। कप्तान नजमुल हसन शंटो और लिटन दास ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। शंटो ने इस बीच ओटनील बार्टमैन पर पारी का पहला छक्का भी जड़ा जबकि लिटन ने मार्को यानसेन पर चौके से खाता खोला। लिटन हालांकि नौ रन बनाने के बाद केशव महाराज की पहली ही गेंद पर मिलर को कैच दे बैठे। नोर्किया ने लगातार ओवरों में शाकिब अल हसन (03) और शंटो (14) को आउट करके 10वें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 50 रन किया।

## पहलवानों का सहयोग करेगा आईओए और डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद पर विनेश का अनुरोध स्वीकार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक जाने वाले देश के छह पहलवानों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगा तथा राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और डब्ल्यूएफआई ने शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट की ट्रेनिंग के लिए और अधिक मदद के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है।

छह भारतीय पहलवानों में महिला वर्ग में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) तथा पुरुष वर्ग में अमन सहरावत (57 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा ने सोमवार को कहा कि इस कदम का उद्देश्य पहलवानों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सुनिश्चित करना है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे पहलवानों को सर्वश्रेष्ठ संसाधन की मदद मिले जिससे वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। यह फैसला हमारी ऐसे माहौल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है जिसमें खिलाड़ी आगे बढ़ सकें। आईओए और डब्ल्यूएफआई पहलवानों के लिए ओलंपिक तक एक ऐसी सहयोगी टीम बनाने की योजना बना रहे हैं जिसमें कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेंटल कंडिशनिंग कोच और अन्य जरूरी स्टाफ शामिल हों। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश को पेरिस ओलंपिक की ट्रेनिंग के लिए और सहयोगी स्टाफ मुहैया कराया जाएगा।

## विंबलडन खिताब के बचाव को अभियान शुरू करेंगे अल्कारेज



पेरिस। कार्लोस अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने की अपनी परंपरा को जारी रखने की योजना बनाई है और इसके लिए उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रविवार को रोलां गैरो पर फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेज के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 की जीत को याद रखने के लिए यह टैटू अल्कारेज के बाएं टखने के पास होगा। उनके दाहिने टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं, स्पेन के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी की त्वचा कम पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि रविवार को बताया कि उन्होंने अपनी मां को आश्वासन दिया है कि वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे।

### नागल एटीपी रैंकिंग में 77वें स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में 18 पायदान की छलांग से 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं जिससे उनका पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल ड्रा में स्थान लगभग पक्का हो गया। नागल के 713 एटीपी अंक हैं। नागल ने रविवार को जर्मनी में हीलब्रॉन नेकरकप 2024 चैलेंजर टूर्नामेंट में पुरुष एकल खिताब अपने नाम किया जिसकी बदौलत उन्होंने रैंकिंग में इतनी ऊंची छलांग लगाई। पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानदंड के अनुसार दोनों ही वर्ग में शीर्ष 56 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए स्वत: क्वालीफाई कर लेंगे।

### सिनर एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष पर

पेरिस। इटली के यानिक सिनर ने सोमवार को जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। महिलाओं के वर्ग में इगा स्वियातेक रोलां गैरों पर लगातार तीसरी ट्राफी (पांच मेजर खिताब) की बदौलत डब्ल्यूटीए रैंकिंग में पहले स्थान पर अपनी बढ़त बढ़ाने में सफल रहीं। अमेरिका की 20 वर्षीय कोको गॉफ तीसरे नंबर से दूसरे नंबर पर पहुंची जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। वह फ्रेंच ओपन एकल के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन स्वियातेक से हार गयीं। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर पहला ग्रैंडस्लैम युगल खिताब अपने नाम किया। दो बार की आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गईं। 2022 विम्बलडन विजेता एलीना रिबाकिना चौथे स्थान पर हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# आदित्य-एल1 ने सौर लपटों की तस्वीरें लीं

बेंगलुरु, एजेंसी



इसरो के आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान के दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों ने हाल ही में हुए सौर लपटों की तस्वीरें कैद कीं। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 इस साल छह जनवरी को लैग्रेंजियन बिंदु (एल1) पर पहुंचा। यह अभियान दो सितंबर, 2023 को शुरू हुआ था, जिसके 127 दिन बाद उपकरणों ने ये तस्वीरें भेजी हैं।

एल1 पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर स्थित है और लगातार सूर्य की तस्वीरें ली जा रही हैं। इसरो ने एक बयान में बताया कि 'सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप' (एसयूआईटी) और 'विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ' (वीईएलसी) ने मई 2024 के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों की तस्वीरें लीं। कोरोनल मास इजेक्शन' (सीएमई) से जुड़े कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स, जो महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफानों को जन्म देते हैं, रिकॉर्ड किए गए। सूर्य के सक्रिय क्षेत्र में आठ से 15 मई के सप्ताह के दौरान कई बार सौर लपटे उठीं।

## माता-पिता व अन्य आरोपी 14 तक पुलिस हिरासत में

**पुणे कार दुर्घटना**

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय लड़के के माता-पिता और एक अन्य आरोपी की पुलिस हिरासत 14 जून तक बढ़ा दी। इन पर सबूतों को नष्ट करने का आरोप है। नाबालिग आरोपी के पिता विशाल अग्रवाल और मां शिवानी अग्रवाल को किशोर के रक्त के नमूने बदलने में उनकी संदिग्ध भूमिका के मामले में गिरफ्तार किया गया था। विशाल अग्रवाल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। कल्याणी नगर में 19 मई को हुई दुर्घटना के समय किशोर कथित रूप से नशे में था। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार दो आईटी पेशेवरों की जान चली गई थी।

**प्रकृति का रूप**



दक्षिण-पश्चिमी आइसलैंड में तटीय शहर ग्रिंडाविक के करीब लाल लावा उगल रहा एक ज्वालामुखी। • एजेंसी

# इजरायली सेना ने की दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला, एजेंसी

• वेस्ट बैंक के शहर तुबास और तुलकर्म में दिया घटना को अंजाम

वेस्ट बैंक में दो अलग-अलग घटनाओं में सोमवार को इजरायली गोलीबारी में एक किशोर सहित दो फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह जानकारी फिलिस्तीनी सूत्रों ने दी। एक बयान में, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुष्टि किया कि 15 वर्षीय लड़का महमूद नबरीसी उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुबास के पास अल-फारा शरणार्थी शिविर में मारा गया।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली विशेष बल इकाई ने वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए शिविर पर धावा बोल दिया, जिसके बाद फिलिस्तीनी युवाओं के साथ उनका हिंसक टकराव हुआ। एक फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्र ने शिन्हुआ से कहा कि नबरीसी ने तुबास के सरकारी अस्पताल में दम तोड़ दिया जबकि पांच अन्य घायल युवकों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, उत्तरी वेस्ट बैंक शहर तुलकर्म के पूर्व में धनाना उपनगर में यूसुफ अब्देल दायेम नामक एक 21 वर्षीय व्यक्ति की कथित रूप से हत्या कर दी गई। स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली सेना बलों ने उपनगर पर धावा बोला, कई घरों पर छापा मारा और तलाशी ली।और स्थानीय फिलिस्तीनियों पर गोलियां चलाईं।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में चार की मौत

**फैजाबाद।** अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत बदख्शां में एक यात्री वाहन के घाटी में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गये। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक हिकमतुल्लाह मोहम्मदी ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात प्रांत के यफ्ताल-ए-पायन जिले में हुई। वाहन रगिस्तान जिले से बदख्शां प्रांत की राजधानी फैजाबाद शहर लौट रहा था। उसी दौरान, वाहन सड़क से फिसलकर घाटी में पलट गया। इसमें चार लोगों की मौत हो गयी और सात लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया

**यरूशलम।** इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। गैंट्ज़ ने रविवार को एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया। गैंट्ज ने मई के मध्य में कहा कि अगर आठ जून तक गाजा पट्टी में सैन्य अभियान की नई योजना नहीं अपनाई गई तो वह आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।



### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है। उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला। ग्लोबल न्यूज ने मृतक की बहन चारु सिंघला के हवाले से बताया कि उसका भाई सरे में कार बेचने वाले एक शोरूम में काम करता था। उसने कहा कि परिवार को नहीं पता कि युवरात की हत्या क्यों की गई।

# आईजी ने की सुरक्षा की समीक्षा

## अमरनाथ यात्रा शुरू होने में एक पखवाड़ा शेष, रविवार को रियासी में हुआ था आतंकी हमला

श्रीनगर, वार्ता

• मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम से शुरू होगी यात्रा

• मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई



वार्षिक अमरनाथ यात्रा शुरू में सिर्फ एक पखवाड़ा शेष रह गया है, जिसके मद्देनजर कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वीके बिरदी ने सोमवार को यहां सुरक्षा की समीक्षा की। यह बैठक इसलिए भी अहम थी, क्योंकि और रविवार शाम जम्मू के रियासी में हुए आतंवादी हमले में नौ तीर्थयात्रियों की हत्या हुयी थी।

अमरनाथ यात्रा 29 जून से मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। बैठक में इस महीने मनाए जाने वाले मेला खीर भवानी और ईद-उल-अजहा के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) ने अधिकारियों को ड्रोन और सीसीटीवी का उपयोग करके असामाजिक/राष्ट्रविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने और चौबीसों घंटे नाका/कटऑफ प्वाइंट स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशिष्ट खुफिया जानकारी उत्पन्न करके आतंकवाद विरोधी ग्रिड को बढ़ाने और सभी जिलों में सीएएसओ/आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में क्षेत्र के उप महानिरीक्षक (डीआईजी), वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और पीसीआर कश्मीर के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान एसएसपी गांदरबल ने 13 जून को मनाए जा रहे मेला खीर भवानी त्योहार और श्री अमरनाथ जी यात्रा -2024 की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने मेला खीर भवानी के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया, जो जिला गांदरबल के अलावा कश्मीर घाटी में विभिन्न मंदिरों में होने वाला है।

### युवा कांग्रेस ने कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय युवा कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मारे गए तीर्थयात्रियों को सोमवार को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। युवा कांग्रेस के श्रीनिवास बी.वी. ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों द्वारा कायराना हमला बेहद दुखद, शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने दावा किया, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की निंदा करने के बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की शुभकामनाएं स्वीकार करने में व्यस्त हैं। कहा कि इधर उधर की बात न करते हुए कड़े से कड़े कदम उठाएं।

### आतकंवादी समूहों ने ली जिम्मेदारी, फिर पलटे

**जम्मू, एजेंसी।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े तीन छद्म समूहों ने रविवार को जम्मू में तीर्थयात्रियों पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है। हालांकि हमले में दो साल के बच्चे समेत नौ लोगों की मौत को लेकर व्यापक निंदा और आक्रोश के बाद समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए। अधिकारियों ने बताया कि (जैश से जुड़े) पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फोर्स (पीएएफएफ), रिवाइवल ऑफ रेजिस्टेंस और (लश्कर-ए-तैयबा से संबद्ध) द रेजिस्टेंस फ्रंट ने शुरू में सोशल मीडिया पर रियासी में शिवखोड़ी से कटरा जा रही बस पर हमले में अपनी संलिप्तता का दावा किया था। हमलावरों ने पोनी क्षेत्र के तेरयाथ गांव के पास बस पर गोलीबारी की, जिससे वह एक खाई में गिर गई और नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य घायल हो गए। पांच लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि दस अन्य का फिलहाल जम्मू क्षेत्र के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, हमले में खासतौर पर बच्चों के मारे जाने की व्यापक निंदा होने पर संदिग्ध समूहों ने तुरंत अपने बयान वापस ले लिए और इसके बजाय सरकारी एजेंसियों पर दोष मढ़ने का प्रयास किया।

# दो जहाजों पर हूती विद्रोहियों का हमला

मनामा (बहरीन), एजेंसी

• एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को मिसाइल से निशाना बनाया गया



यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में किये गये मिसाइल हमले में दो जहाजों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि रविवार देर रात एक जहाज रोधी बैलेस्टिक क्रूज मिसाइल से एंटीगुआ एवं बारबूडा के झंडे वाले मालवाहक जहाज नॉर्दर्नी को निशाना बनाया गया, जिससे जहाज पर आग लग गयी और उस पर सवार सभी लोगों को उतारना पड़ा। सेना ने कहा कि उस जहाज पर दो बार मिसाइल से हमला किया गया।

ब्रिटिश सेना के समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र ने भी अदन के इस इलाके में हमले होने की सूचना देते हुए कहा कि नुकसान पर काबू पाने का प्रयास जारी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने रविवार को एक वीडियो संदेश जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि जहाज को मिसाइलों और ड्रोन दोनों से निशाना बनाया गया। द एसोसिएटेड प्रेस द्वारा किये गये विश्लेषण से पता चला कि नॉर्दनी जहाज रविवार अपराह्न तक अदन की खाड़ी में था। हूती विद्रोहियों ने दूसरे हमले में बैलिस्टिक मिसाइल से अदन की खाड़ी में लाइबेरियाई ध्वज वाले मालवाहक जहाज ताविशी को निशाना बनाया।

सारी ने दावा किया कि हमला अरब सागर में किया गया हालांकि इसका कोई सबूत नहीं दिया गया है। आंकड़ों से पता चला कि हमले के समय ताविशी अदन की खाड़ी में था। मध्य कमान ने कहा, ताविशी को नुकसान हुआ है लेकिन वह आगे बढ़ रहा है। सेना ने कहा कि हूती द्वारा जहाज पर दागी गई दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल को एक युद्धपोत ने गिरा दिया। सारी ने एक युद्धपोत पर भी हमले का दावा किया लेकिन इस हमले की पुष्टि नहीं हुई।

## मैक्रों ने असेंबली को किया भंग

पेरिस, एजेंसी



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी।

मैक्रों ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। मैक्रों की पार्टी को यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जबकि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली को 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

### यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे

**बर्न (स्विटजरलैंड)।** दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। रूस के इनकार करने के बावजूद सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

# मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा को ले जा रहा विमान लापता

लिलोंग्वे, एजेंसी

• उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा था मलावी रक्षा बल का विमान



मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को लेकर जा रहा मलावी रक्षा बल का विमान सोमवार को लापता हो गया। मलावी के राष्ट्रपति एवं कैबिनेट के सचिव कोलीन ज़ांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विमान सोमवार को स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 10:02 बजे देश के उत्तर में स्थित म्ज़ुज़ू हवाई अड्डे पर अपनी निर्धारित लैंडिंग करने में विफल रहा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, विमान के रडार से गायब होने के बाद से विमानन अधिकारियों द्वारा उससे संपर्क करने की कोशिश की गयी, लेकिन सभी प्रयास अब तक विफल रहे हैं। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सभी क्षेत्रीय और राष्ट्रीय एजेंसियों को विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान चलाने का आदेश दिया है। उन्होंने बहामास के निर्धारित दौरे को भी रद्द कर दिया है, जहाँ वे अफ्रेक्सिमबैंक की एक बैठक में भाग लेने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि चिलिमा पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

# शहबाज शरीफ ने मोदी को दी बधाई

इस्लामाबाद, एजेंसी

• अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के बीच सामान्य नहीं हैं संबंध

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। मोदी ने रविवार को रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।



शरीफ भारत के पड़ोसी देशों से एकमात्र प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन से लौटने पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से बधाई दी। पोस्ट में कहा, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नरेन्द्र मोदी को बधाई। पांच अगस्त 2019 को भारतीय संसद द्वारा अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने संबंधों को कमतर कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं। भारत ने लगातार कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी के संबंध चाहता है।

### सात सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को देश से आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया। एक दिन पहले अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में एक कैप्टन समेत सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जीप के नदी में गिरने से छह की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के नीलम जिले में एक जीप के नीलम नदी में गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, दो घायल हो गये और 10 अन्य लापता हो गये। शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए सोमवार को यह जानकारी दी। बचाव सेवा ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार को जिले के करीमाबाद इलाके के पास तब हुई, जब क्षतिग्रस्त सड़क पर चढ़ते समय जीप फिसल कर नदी में गिर गयी। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तानी सेना के जवानों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया। इस दौरान छह शव बरामद किए गए, जबकि लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है।

# पांच देशों के ब्रिक्स में शामिल होने पर भारत ने जताई खुशी

मॉस्को, एजेंसी

• रूस की ओर से आयोजित बैठक में देशों ने पहली बार लिया हिस्सा

भारत ने मिस्र, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और इथियोपिया के ब्रिक्स समूह में शामिल होने का स्वागत किया है। इन देशों के प्रतिनिधियों ने रूस की ओर से आयोजित ब्रिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहली बार हिस्सा लिया।

भारत के वरिष्ठ राजनयिक दम्मू रवि ने पश्चिमी रूस के निजनी नोवगोरोद में आयोजित ब्रिक्स समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विस्तारित ब्रिक्स समूह के परिवार के प्रारूप में एक महत्वपूर्ण बैठक। भारत नए सदस्यों का तहे दिल से स्वागत करता है। सोमवार को हुई बैठक 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के बाद पहली मंत्रिस्तरीय बैठक थी। मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ब्रिक्स समूह के पूर्ण सदस्य बन गए हैं। ब्रिक्स में इससे पहले ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका पहले से इसके सदस्य हैं। आमतौर पर विदेश मंत्री ऐसी बैठकों में भाग लेते हैं। चूंकि एस जयशंकर को रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद सोमवार को ही विदेश मंत्री के रूप में फिर से नियुक्त किया गया था, इसलिए वे बैठक में भाग लेने के लिए रूस नहीं जा सके।

## बॉलीवुड हलचल

### रत्नाकर और अंजना की बड़की भाभी की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह और निर्माता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म बड़की भाभी की शूटिंग वाराणसी के खूबसूरत लोकेशन में की जा रही है। वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड के बैनर से बन रही फिलमची भोजपुरी से प्रस्तुत फिल्म बड़की भाभी एक पारिवारिक ड्रामा है, जिसमें अंजना सिंह अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह महिला प्रधान फिल्म है। इस फिल्म में अंजना सिंह के साथ माही श्रीवास्तव और शालिनी श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिका में हैं। अंजना सिंह ने कहा कि, मैं इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। बड़की भाभी एक ऐसी कहानी है जो हर दर्शक को अपनी ओर आकर्षित करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी और हमारे मेहनत को सराहा जाएगा। रत्नाकर कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश है कि हम भोजपुरी सिनेमा को एक नई उंचाई पर ले जायें। बड़की भाभी की कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों को छू लेंगे। यह फिल्म भी अनोखी और मनोरंजक है। उम्मीद है सबों को फिल्म पसंद आएगी।

### कल्कि 2898 एडी से दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी से उनका पोस्टर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने दीपिका पादुकोण का नया पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में दीपिका बिखरे बाल, चेहरे पर शिकन लिए खड़े नजर आ रही हैं। वहीं, उनके पीछे कुछ लोग दिखाई दे रहे हैं, जो हाथों में तलवार और भाला लिए हुए हैं। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दीपिका ने कैप्शन में लिखा कि आशा की शुरुआत उसके साथ होती है। दीपिका के इस पोस्ट पर उनके पति और अभिनेता रणवीर सिंह ने भी रिएक्ट किया है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा कि बूम, स्टनर।



### जॉली एलएलबी-3 में काम करेंगी अमृता राव

**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता राव फिल्म जॉली एलएलबी-3 में काम करती नजर आयेंगी। अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर फिल्म जॉली एलएलबी-3 इन दिनों सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर शुरू हो गयी है।अमृता राव को इस फिल्म से जोड़ दिया गया है। अमृता राव एक बार फिर अरशद वारसी के साथ काम करती नजर आएंगी। इससे पहले दोनों ने जॉली एलएलबी में साथ काम किया था। अमृता राव ने जॉली एलएली के पहले पार्ट में संध्या का किरदार निभाया था, जो वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी। अमृता राव, जॉली एलएलबी 3 में अरशद की पत्नी के रूप में लौट रही हैं, जो पहले भाग से उनकी कहानी को जारी रखती है। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर कर रहे हैं।

**खगोल विज्ञान** 7 हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी पर आया था बड़ा जलवायु परिवर्तन

# कभी पूरी तरह बर्फ की चादर में लिपट गई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल



बर्फ में ढकी पृथ्वी का काल्पनिक चित्र।

**अमृत विचार :** हमारी धरती कितने विकट उतार चढ़ाव से गुजरी है, हम शायद ही इसकी कल्पना कर सकें। मगर पृथ्वी को एक बार ऐसे दौर से भी गुजरना पड़ा कि वह पूरी तरह बर्फ से ढक गई। जलवायु संबंधित ताजा शोध में बताया गया है कि सात हजार मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी को यह मार झेलनी पड़ी थी।

इसे वैज्ञानिक भाषा में अर्थ स्नोबॉल कहा जाता है। इसकी वजह कार्बन डाइऑक्साइड गैस थी, जिसकी मात्रा में भारी कमी आ जाने के कारण जलवायु में जबरदस्त परिवर्तन आया और पूरी पृथ्वी बर्फ की चादर में लिपट गई। कार्बन डाइऑक्साइड ग्रीनहाउस गैस है, जो हमारी जलवायु को प्रभावित करने में बड़ा रोल अदा करती है। यदि इसकी मात्रा अधिक हुई तो वातावरण गर्म होने लगता है और कम होने से पृथ्वी अधिक ठंडी हो जाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि लगभग 700 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी में कार्बन डाइऑक्साइड की भारी कमी आई थी, जिसके परिणाम स्वरूप पृथ्वी बर्फ से जम गई।

नए शोध से पता चलता है कि दोहरी जलवायु की मार ने स्नोबॉल अर्थ को जन्म दिया। कार्बन डाइऑक्साइड कमी की वजह टेक्टोनिक्स से ज्वालामुखीय विघटन को न्यूनतम कर दिया। उसी समय कनाडा के महाद्वीपीय ज्वालामुखीय ने कार्बन डाइऑक्साइड का उपभोग करना शुरू कर दिया और हिमाच्छादन शुरू हो गया। पृथ्वी को स्नोबॉल पृथ्वी में परिवर्तन में लाखों वर्ष लगे। साथ ही अपने स्वरूप में लौटने में भी इतना ही समय लग गया। जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका ने यह शोध किया है।

### पृथ्वी की जलवायु परिवर्तन समझने के लिए शोध महत्वपूर्ण

**नैनीताल :** पृथ्वी में जलवायु परिवर्तनों के अध्ययन से हमें मानवजनित जलवायु परिवर्तन को समझने में मदद मिल सकती है। पृथ्वी के अतीत में हुए जलवायु परिवर्तन की तुलना में वर्तमान में हो रहा परिवर्तन दस गुना अधिक तेजी से हो रहा है। पूर्व में आए परिवर्तन प्राकृतिक थे, मगर वर्तमान जलवायु परिवर्तन की देन इंसान की है। जिसके भयानक परिणाम भविष्य में देखने को मिल सकते हैं।